* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

• पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



जीतन राम मांझी ने की मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात

* रजि. नंबर : 52290 /90 * वर्ष : 36 * अंक :329 * पृष्ठ : 12 * औरंगाबाद, मंगलवार, 28 अप्रैल 2026 * मूल्य : 3.00 रूपये * औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com

## बेघरों को मिले पक्का आवास : सम्राट चौधरी

### गुणवत्ता के साथ करायें विकास कार्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में नगर विकास एवं आवास विभाग, पंचायती राज विभाग तथा पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कार्यों में तेजी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार ने प्रमुख केन्द्रीय योजनाओं, शहरों के मास्टर प्लान, रिजनल रैपिड ट्रांजिट प्रणाली, पटना मेट्रो, विज्ञापन नियमावली सहित अन्य कार्यों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत जानकारी दी। केन्द्रीय प्रायोजित योजना अटल मिशन शहरी कायाकल्प तथा शहरी परिवर्तन (अमृत परियोजना), प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत मिशन की कार्य प्रगति की जानकारी दी। विभाग द्वारा संचालित योजनायें जैसे स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन, नगर निकाय में सी०सी०टी०वी० की स्थापना, सोलर लाइट योजना, नाला/निकासी के संबंध में जानकारी दी।

बैठक में पंचायती राज विभाग के अपर सचिव आदित्य प्रकाश ने अपने विभाग से सबंधित कार्यों की अद्यतन स्थिति तथा प्रस्तावित योजनाओं के सबंध में जानकारी दी। गया के जिलाधिकारी श्री शशांक शुभंकर ने महाबोधि मंदिर कोरिडोर, बोधगया तथा विष्णुपद मंदिर कोरिडोर, गयाजी के समग्र विकास से संबंधित योजना के संबंध में जानकारी दी। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी विकास से जुड़ी योजनाओं को तेजी से पूर्ण करें। स्वच्छता, जलापूर्ति पर विशेष ध्यान दें। जो भी आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कराया जा रहा है वह सुदृढ़ और गुणवत्तापूर्ण हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत बचे हुये लोगों को तेजी से आवास उपलब्ध करायें ताकि शहरी क्षेत्र के बेघर परिवारों को पक्का आवास मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि शवदाह गृह/मोक्ष घाम का निर्माण उसी स्थान पर करायें जहां परम्परागत रूप से शवों का अंतिम संस्कार किया जाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट योजना के तहत जो भी सोलर लाईट लगाये गये हैं, वे पूरी तरह फंक्शनल रहें, इसे सुनिश्चित करें। प्रत्येक ग्राम पंचायतों में सी०सी०टी०वी० का अधिष्ठापन सुनिश्चित करायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के काम में तेजी लाते हुये ससमय पूर्ण करें। मलाही पकड़ी से राजेन्द्र नगर टर्मिनल तक जल्द से जल्द मेट्रो रेल परियोजना को पूर्ण करें। साथ ही पटना रेलवे जंक्शन तक पटना मेट्रो का कार्य शीघ्र पूर्ण करें। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, सूचना प्रावैधिकी विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि उपस्थित थे।



## हर गांव और टोलों तक पहुंची पक्की सड़क

### कुल 8,034 किमी ग्रामीण सड़कों के निर्माण का है लक्ष्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य के प्रत्येक गांव और बसावटों तक बारहमासी पक्की सड़क संपर्कता सुनिश्चित करने के लक्ष्य के साथ ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामीण संपर्क योजना (अवशेष) के अंतर्गत व्यापक स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। पूर्व में भौगोलिक, तकनीकी अथवा अन्य कारणों से जो गांव सड़क संपर्कता से वंचित रह गए थे, उन्हें अब इस योजना के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर मुख्य मार्गों से जोड़ा जा रहा है। यह पहल ग्रामीण संपर्कता के विस्तार के साथ-साथ समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उल्लेखनीय है कि इस योजना के अंतर्गत राज्य में कुल 8,034 किमी ग्रामीण सड़कों के निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं, अबतक कुल 2,485 किमी पक्की सड़कों का सुदृढ़ नेटवर्क तैयार किया जा चुका है। इन ग्रामीण सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की दशकों पुरानी समस्या का समाधान हुआ है। अब ऐसे गांव जहां पहले वाहनों की पहुंच सीमित थी, वहां एम्बुलेंस, स्कूल वाहन और परिवहन सेवाएं सीधे उपलब्ध हो रही हैं। इससे न केवल आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बेहतर हुई है, बल्कि किसानों और स्थानीय उत्पादकों को अपनी उपज बाजारों तक समय पर पहुंचाने में भी सुविधा हो रही है।

## एक नजर

### अपराधियों ने दंपती को मारी गोली

**मुजफ्फरपुर/नबिटा ब्यूरो।** जिले के सकरा थाना क्षेत्र अंतर्गत रेपुरा गांव में सोमवार को अपराधियों का दुस्साहस देखने को मिला। लूटपाट के दौरान हथियारबंद बदमाशों ने एक दंपती को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाइक सवार अपराधियों ने दंपती को निशाना बनाते हुए लूटपाट का प्रयास किया। जब दंपती ने इसका विरोध किया, तो बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इस हमले में पति-पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। । सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर जाम हटाने का प्रयास किया। इस संबंध में मुजफ्फरपुर ग्रामीण डीएसपी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है। अपराधियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और संदिग्धों की तलाश में संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।

### लद्दाख को पांच नए जिले मिले

**श्रीनगर/नबिटा ब्यूरो।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में प्रशासनिक ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पांच नए जिलों के गठन की अधिसूचना को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय के साथ ही लद्दाख में जिलों की कुल संख्या अब दो से बढ़कर सात हो गई है। उपराज्यपाल सक्सेना ने इस फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि यह कदम लद्दाख के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग और आकांक्षाओं की पूर्ति करेगा। उन्होंने इसे शासन व्यवस्था को आम नागरिकों के और करीब लाने वाला निर्णय बताते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में विकास, रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर सृजित होंगे। नए गठित जिलों में नुब्रा, शाम, चांगथांग, जांस्कर और द्रास शामिल हैं। इससे पहले लद्दाख में केवल लेह और कारगिल दो जिले ही मौजूद थे। यह अहम फैसला केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रस्तावित दौरे से ठीक पहले लिया गया है। गृह मंत्री एक मई को लद्दाख में गौतम बुद्ध के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के लिए दो दिवसीय दौरे पर पहुंचेंगे।

उपराज्यपाल ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित और खुशहाल लद्दाख' के विजन के अनुरूप है, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी।

### गंगा किनारे चला बुलडोजर, 35 पक्के अवैध निर्माण ध्वस्त

**पटना/नबिटा ब्यूरो।** राजधानी पटना में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन का अभियान लगातार तेज हो रहा है। जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम के निर्देश पर रविवार को गंगा तट पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के आठवें दिन बड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान सभ्यता द्वार से कलेक्ट्रेट के पीछे तक गंगा किनारे बने 35 पक्के अवैध निर्माणों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन के अनुसार, गंगा तट की असर्वेक्षित भूमि सरकारी संपत्ति है और उस पर किसी भी निजी दावे को मान्यता नहीं दी जाएगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि गंगा किनारे का क्षेत्र पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील होने के साथ-साथ जनहित की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। यहां कई विकास योजनाएं संचालित हैं, जिनमें किसी प्रकार की बाधा स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध रूप से पक्के निर्माण कर कब्जा कर लिया गया था, जिसे अब हटाया जा रहा है। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। जिलाधिकारी ने एसडीओ और एसडीपीओ को निर्देश दिया है कि अतिक्रमण हटाने के बाद दोबारा किसी प्रकार का कब्जा न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्रवाई में बाधा डालने वाले व्यक्तियों या समूहों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बिहार के 83 शिक्षकों को हाईकोर्ट से बड़ा झटका

**सीवान/नबिटा ब्यूरो।** वर्ष 2006 और 2008 की शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़े मामले में पटना हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू और न्यायमूर्ति हरीश कुमार की खंडपीठ ने राज्य सरकार के निर्णय को सही ठहराते हुए सभी अपीलों को खारिज कर दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि 2006-08 की चयन प्रक्रिया वर्ष 2010 में ही समाप्त हो चुकी थी, इसलिए पुरानी मेरिट सूची को अनिश्चितकाल तक उपयोग में नहीं लाया जा सकता। इस फैसले के बाद अपीलीय प्राधिकार से बहाल 83 से अधिक शिक्षकों की नौकरी पर संकट गहरा गया है। यह मामला उन अभ्यर्थियों से जुड़ा है, जो मूल चयन के बावजूद नियुक्ति से वंचित रह गए थे और बाद में अपील के जरिए बहाल हुए थे। अब कोर्ट के निर्णय के बाद इन नियुक्तियों पर कार्रवाई की संभावना तेज हो गई है। राज्य सरकार ने इन नियुक्तियों को चुनौती दी, जिसके बाद अपीलीय प्राधिकरण ने कई मामलों में नियुक्तियां रद्द करते हुए संबंधित शिक्षकों से वेतन वसूली का भी आदेश दिया था। अब हाईकोर्ट के फैसले के बाद इस मामले में प्रशासनिक कार्रवाई तेज होने की संभावना जताई जा रही है, जिससे प्रभावित शिक्षकों के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं।



# निबंधन विभाग ने रचा नया कीर्तिमान, लक्ष्य के विरुद्ध 101 प्रतिशत राजस्व संग्रह

## आठ हजार करोड़ का था लक्ष्य, वर्ष 2026-27 के लिए 10 हजार करोड़ का लक्ष्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग ने दस्तावेज निबंधन के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग ने 8 हजार 403 करोड़ 46 लाख रुपये का राजस्व संग्रहित किया है, जो निर्धारित लक्ष्य 8 हजार 250 करोड़ रुपये के विरुद्ध 101.86 प्रतिशत है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का महत्वाकांक्षी राजस्व संग्रह लक्ष्य निर्धारित किया है। विभागीय मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने सोमवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के 'संवाद' सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी।

**मार्च में दस्तावेज निबंधन का बना रिकॉर्ड, एक दिन में 15 हजार दस्तावेज निबंधित**

मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम दिन यानी 31 मार्च को एक दिन में कुल 14 हजार 905 दस्तावेजों का निबंधन किया गया, जिससे 107 करोड़ 74 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। इसके साथ ही 25 मार्च को 80 करोड़ 38 लाख रुपये, 28 मार्च को 85 करोड़ 6 लाख रुपये, 29 मार्च को 83 करोड़ 91 लाख रुपये तथा 30 मार्च को 94 करोड़ 20 लाख रुपये का राजस्व संग्रहित कर शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 1995 से 2026 तक के कुल 2 करोड़ 34 लाख दस्तावेज अब तक डिजिटल किए जा चुके हैं। वहीं 1908 से 1994 तक के लगभग 5 करोड़ दस्तावेजों को चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक डिजिटलीकरण पूरा करने का लक्ष्य है। साथ ही विशेष विवाह अधिनियम 1954 के तहत पिछले वित्तीय वर्ष में 10 हजार 259 विवाहों का निबंधन किया गया और 2 हजार 648 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। इसके अलावा 289 संस्थाओं और 306 फर्मों का निबंधन भी किया गया।

**जमीन संबंधी काम के लिए नया ऐप**

मंत्री ने बताया कि अब तक 7 लाख 86 हजार 37 दस्तावेज महिलाओं के नाम पर निबंधित हुए हैं, जिसमें कुल 60 लाख 89 हजार 589 एकड़ भूमि का अंतरण शामिल है। जमीन संबंधी काम में मानवीय हस्तक्षेप को कम करने के लिए विभाग एक मोबाइल एप्लिकेशन विकसित कर रहा है। इसके माध्यम से पारदर्शी तरीके से लोंगिट्यूड (देशांतर) और लैटिट्यूड कैप्चर करके ई-फाइलिंग की जाएगी। साथ ही भूमि की श्रेणी के सत्यापन के लिए जियोग्राफिक इंफॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस) तकनीक का भी इस्तेमाल किया जाएगा।

**शराबबंदी के 10 साल में 11 लाख से अधिक मामले दर्ज**

विभाग के सचिव अजय यादव ने शराबबंदी पर की जा रही कार्रवाई की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल 2016 से मार्च 2026 तक शराबबंदी से संबंधित कुल 11 लाख 37 हजार 731 मामले दर्ज किए गए हैं, जिसमें विभाग द्वारा 5 लाख 60 हजार 639 और पुलिस द्वारा 5 लाख 77 हजार 92 मामले दर्ज किए गए। इस दौरान कुल 17 लाख 18 हजार 58 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में 2 करोड़ 42 लाख 73 हजार 895 बल्क लीटर देशी शराब और 2 करोड़ 40 लाख 46 हजार 354 बल्क लीटर विदेशी शराब बरामद की गई।

**चेक पोस्टों पर 13 हजार से अधिक वाहन जब्त**

सचिव ने कहा कि ड्रोन के माध्यम से 1 जनवरी 2022 से मार्च 2026 तक कुल 1 लाख 64 हजार 474 छापेमारियां की गई हैं। इनमें 8 हजार 834 मामले दर्ज हुए और 5 हजार 90 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 51 लाख 74 हजार 548 लीटर शराब और 366 वाहन पकड़े गए और 3,926.88 लाख किलोग्राम जावा नष्ट किया गया। उन्होंने आगे बताया कि जलमार्ग और दियारा क्षेत्रों में फरवरी 2022 से मार्च 2026 तक कुल 80 हजार 353 छापेमारियां की गईं, जिसमें 2 हजार 524 मामले दर्ज हुए, 1 हजार 364 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और 16 लाख 43 हजार 314 लीटर शराब जब्त की गई। साथ ही 1,256.15 लाख किलोग्राम महुआ को नष्ट किया गया। 1 जनवरी 2023 से मार्च 2026 तक 84 चेक पोस्टों (67 अंतर्राज्यीय) पर कुल 1 लाख 78 हजार 68 मामले दर्ज हुए और 2 लाख 92 हजार 39 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

**बरामदगी का 98 फीसदी शराब हो चुकी जब्त**

श्री यादव ने जानकारी दी कि मार्च 2026 तक कुल जब्त शराब का लगभग 98 प्रतिशत नष्ट किया जा चुका है। 1 अप्रैल 2016 से मार्च 2026 तक कुल 1 लाख 67 हजार 447 वाहनों को जब्त किया गया, जिनमें से 80 हजार 207 वाहनों की नीलामी हो चुकी है और 25 हजार 232 वाहनों को पेनाल्टी लेकर मुक्त किया गया है।

# बिहार में फिल्म इंडस्ट्री को बढ़ावा, स्थानीय व्यवसायियों के लिए बड़ा मौका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कला एवं संस्कृति विभाग और बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड ने बिहार में फिल्म इंडस्ट्री को बढ़ावा देने और स्थानीय व्यवसायियों के लिए एक खास ऑनलाइन पोर्टल लांच किया है। इस खास पहल से राज्य के कलाकारों, तकनीशियनों और विभिन्न सेवा प्रदाताओं के लिए नए अवसरों के द्वार खुल गए हैं। इस पोर्टल के माध्यम से स्थानीय कलाकार (एक्टर, डांसर, सिंगर आदि) के साथ-साथ फिल्म निर्माण से जुड़े तकनीकी और व्यावसायिक लोग भी अपना पंजीकरण करा सकते हैं। इसमें कैमरा, लाइट, साउंड, ड्रोन, एडिटिंग, वीएफएक्स जैसी तकनीकी सेवाएं, आर्ट डायरेक्शन, सेट डिजाइन, कॉस्ट्यूम और मेकअप जैसी क्रिएटिव सेवाएं शामिल हैं। इसके अलावा होटल, ट्रांसपोर्ट, शूटिंग लोकेशन, कैटरिंग जैसी लॉजिस्टिक सेवाएं देने वाले व्यवसायी भी इस प्लेटफॉर्म से जुड़ सकते हैं। मीडिया और प्रमोशन से जुड़े लोग जैसे डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया, फोटोग्राफी के पेशेवरों के साथ-साथ सिक्योरिटी, इवेंट मैनेजमेंट और लोकल कोऑर्डिनेशन से जुड़े लोग भी इसमें आवेदन कर सकते हैं। इस पोर्टल का सबसे बड़ा फायदा यह है कि बिहार में होने वाली फिल्मों की शूटिंग के दौरान स्थानीय लोगों को सीधे फिल्म प्रोडक्शन हाउस के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। इससे न केवल रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, बल्कि स्थानीय व्यवसायों को भी नए क्लाइंट मिलेंगे और आय के स्रोत बढ़ेंगे।

**मुफ्त पंजीकरण की सुविधा**

इच्छुक लोग film.bihar.gov.in वेबसाइट पर जाकर आसानी से अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। यह प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है।

# कोलकाता मशीन टूल्स शो 8 से 11 मई तक, मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर को मिलेगी नई दिशा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** 8 से 11 मई तक बिस्वा बांग्ला मेला प्रांगण, कोलकाता में आयोजित होने जा रहा कोलकाता मशीन टूल्स शो 2026 पूर्वी भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को नई गति देने वाला महत्वपूर्ण मंच बनेगा। इस प्रदर्शनी में आधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन और औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। इसका आयोजन के. एन्ड डी. कम्युनिकेशन लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है, जिसमें देशभर के मैन्युफैक्चरर्स, टेक्नोलॉजी प्रोवाइडर्स और इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स भाग लेंगे। इस शो में मशीन टूल्स, प्रिसीजन टूल्स, रोबोटिक्स, ऑटोमेशन, वेल्डिंग, हाइड्रोलिक्स, इलेक्ट्रिकल सिस्टम्स, सीएडी-सीएएम सॉफ्टवेयर सहित कई आधुनिक इंजीनियरिंग सॉल्यूशन्स प्रदर्शित किए जाएंगे। यह आयोजन ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टील, माइनिंग, पावर, रेलवे, डिफेंस और टेक्सटाइल जैसे प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों पर केंद्रित रहेगा और एमएसएमई व उद्योगों को नए व्यापारिक अवसर प्रदान करेगा। केएमटीएस 2026 उद्योग, तकनीक और निवेश को जोड़ते हुए क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगा।

# तेजस्वी का बयान झूठ का पुलिंदा, हताशा में बौखलाए : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने तेजस्वी यादव के बयान पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह बयान पूरी तरह से झूठ, भ्रम और राजनीतिक बौखलाहट का नतीजा है। जनता द्वारा लगातार नकारे जाने के बाद अब तेजस्वी यादव अनर्गल आरोप लगाकर सुर्खियां बटोरने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति का राजनीतिक करियर ही परिवारवाद, भ्रष्टाचार और जंगलराज की विरासत पर टिका हो, वह आज महिलाओं के नाम पर घड़ियाली आंसू बहा रहा है। यह बिहार की मातृशक्ति का अपमान है। श्री सरावगी ने दो टूक कहा कि चुनाव के दौरान पैसे बांटने, डराने-धमकाने और कैमरे से निगरानी जैसे आरोप पूरी तरह काल्पनिक और हास्यास्पद हैं। तेजस्वी यादव को बताना चाहिए कि उनके पास इन आरोपों का एक भी ठोस प्रमाण है या नहीं। केवल झूठ बोलकर जनता को गुमराह करना उनकी पुरानी आदत रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजद का पूरा राजनीतिक मॉडल ही झूठ, भय और भ्रम पर आधारित रहा है। जब-जब बिहार में राजद को मौका मिला, तब-तब प्रदेश को अराजकता, अपराध और भ्रष्टाचार की आग में झोंका गया। श्री सरावगी ने कहा कि एनडीए सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के सशक्तिकरण को नई ऊंचाई दी, हर क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव लाए, जीविका दीदियों को आर्थिक मजबूती, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, हर घर नल-जल जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन स्तर को ऊंचा उठाया है। यही वजह है कि बिहार की महिलाएं आज एनडीए के साथ मजबूती से खड़ी हैं। उन्होंने तेजस्वी यादव को चुनौती देते हुए कहा कि वे बिहार की जनता को गुमराह करने की बजाय अपने 15 वर्षों के कुशासन का हिसाब दें। श्री सरावगी ने कहा कि तेजस्वी यादव का यह बयान उनकी राजनीतिक जमीन खिसकने का साफ प्रभव है। एनडीए सरकार विकास और सुशासन के रास्ते पर मजबूती से आगे बढ़ती रहेगी। श्री संजय सरावगी ने कोलकाता में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर दिए गए तेजस्वी यादव के बयान पर कड़ा पलटवार करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव सस्ती लोकप्रियता के लिए देश के शीर्ष नेताओं पर अनर्गल और स्तरहीन टिप्पणी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव को पहले अपनी राजनीतिक मर्यादा और भाषा पर नियंत्रण सीखना चाहिए।

# एनडीए ने महिलाओं को सम्मान और अधिकार दिया जबकि विपक्ष ने दिया केवल विश्वासघात और धोखा : श्रेयसी सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार की पूर्व मंत्री श्रेयसी सिंह ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के 'एनडीए द्वारा महिलाओं के साथ विश्वासघात' वाले बयान पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि एनडीए सरकार ने महिलाओं के साथ कोई विश्वासघात नहीं किया, बल्कि उन्हें सशक्त, आत्मनिर्भर और सम्मानित बनाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने तेजस्वी यादव को सीधी चुनौती देते हुए कहा कि वे एनडीए सरकार पर बेबुनियाद आरोप लगाने के बजाय अपने शासनकाल में महिलाओं के लिए किए गए एक भी ठोस कार्य को गिनाकर दिखाएं। सच्चाई यह है कि राजद के शासनकाल में महिलाएं भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर थीं। श्रेयसी सिंह ने कहा कि आज बिहार में महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि प्रशासनिक और सुरक्षा व्यवस्था का मजबूत हिस्सा भी बन चुकी हैं। यह बदलाव एनडीए सरकार की नीतियों और संकल्प का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम, पंचायती राज और नगर निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण, लखपति दीदी योजना, जीविका समूहों का सशक्तिकरण तथा पुलिस बल में 35 प्रतिशत आरक्षण जैसी ऐतिहासिक पहल ने महिलाओं को नई पहचान और सम्मान दिया है। उन्होंने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस दौर में महिलाएं घर से निकलने में भी असहज महसूस करती थीं, आज वही महिलाएं बिहार पुलिस और अन्य क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं। बिहार में महिला पुलिस बल की भागीदारी देश के लिए एक मिसाल बन चुकी है।

श्रेयसी सिंह ने कहा कि विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वह उल-जुलूल बयान देकर मीडिया में बने रहने की कोशिश कर रहा है। अगर तेजस्वी यादव को सरकारी योजनाओं की समझ नहीं है, तो उन्हें अपने वरिष्ठ नेताओं से जानकारी लेनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि एनडीए सरकार चुनाव के दौरान किए गए हर वादे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और महिलाओं के रोजगार, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए योजनाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है।

# सड़क निर्माण में लापरवाही पर बड़ा एक्शन, संवेदक तीन साल के लिए ब्लैकलिस्टेड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** ग्रामीण कार्य विभाग लगातार विकास कार्यों में लापरवाही और उदासीनता बरतने वाले संवेदकों पर नकेल कसते हुए दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित कर रहा है। इस दिशा में विभाग द्वारा सीतामढ़ी कार्य प्रमंडल के अंतर्गत ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य में गंभीर लापरवाही बरतने वाले एक संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसे तीन वर्षों के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि उक्त संवेदक को मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के अंतर्गत जिले में तीन ग्रामीण पथों का निर्माण करना था। एकरारनामा के अनुसार उन कार्यों को 30 जुलाई 2025 तक पूर्ण किया जाना था। किंतु निर्धारित समयसीमा समाप्त होने के बावजूद कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई। विभाग द्वारा बार-बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद संवेदक द्वारा कार्य में न तो कोई सक्रियता दिखाई गई और न ही कोई पहल की गई। वहीं विभागीय समीक्षा एवं स्थलीय निरीक्षण में यह तथ्य सामने आया कि एक पथ पर कार्य प्रारंभ ही नहीं किया गया, जबकि शेष दो पथों का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। साथ ही, निर्माण स्थल पर आवश्यक सामग्री एवं संसाधनों की अनुपस्थिति भी पाई गई, जो संवेदक की उदासीनता को दर्शाता है। संवेदक की इस लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए विभाग ने बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के सुसंगत प्रावधानों के तहत संवेदक को तीन वर्षों के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसी भी निर्माण कार्य में विलंब या लापरवाही को किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# लुप्त होती लोक कलाओं के पुनर्जीवन की पहल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की लोक परंपराओं और दुर्लभ कलाओं को संरक्षित करने के लिए कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से मुख्यमंत्री गुरु-शिष्य परंपरा योजना संचालित की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य अनुभवी गुरुओं के मार्गदर्शन में नई पीढ़ी को पारंपरिक कला रूपों का प्रशिक्षण देकर उन्हें पुनर्जीवित करना है। इस पहल के तहत अब तक कुल 258 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। योजना के अंतर्गत लोकनृत्य, लोकसंगीत, लोकनाट्य, शास्त्रीय संगीत और चित्रकला जैसी विविध विधाओं को शामिल किया गया है। योजना में गौरैयाबाबा, भरथरी बाबा, सती बिहुला और हिरनी-बीरनी जैसी लोकगाथाओं के साथ बिरहा, चकुली, कीर्तनियां जैसे लोकनाट्य को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं पाईका, झिझिया, कठघोड़वा जैसे लोकनृत्य और चैता, सुमंगली व संस्कार गीत जैसे लोकसंगीत भी प्रशिक्षण का हिस्सा हैं। इसके अलावा सारंगी, ईसराज, नगाड़ा जैसे वाद्य यंत्रों तथा ध्रुपद, ठुमरी, दादरा, सितार और पखावज जैसी शास्त्रीय विधाओं को भी शामिल किया गया है। चित्रकला के क्षेत्र में पटना कलम, टेराकोटा और भोजपुरी छापा कला को संरक्षित करने पर विशेष जोर है। योजना के तहत दो वर्षों का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसके समापन पर गुरु और शिष्य की संयुक्त प्रस्तुति के साथ दीक्षांत समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया जाता है। वित्तीय सहायता के रूप में गुरुओं को 15000 रुपये, संगतकारों को 7500 रुपए और शिष्यों को 3000 रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाता है। शिष्यों के लिए हर महीने कम से कम 12 दिन की उपस्थिति अनिवार्य रखी गई है। पात्रता के अनुसार, गुरुओं की आयु 50 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए तथा संबंधित कला में कम से कम 10 वर्षों का अनुभव आवश्यक है। गुरुओं का चयन विभाग की विशेषज्ञ समिति द्वारा तथा शिष्यों का चयन जिला स्तर पर किया जाता है।

# मांझी जी के बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश करना दुर्भाग्यपूर्ण : हम (से.)

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता श्याम सुन्दर शरण ने कहा कि मीडिया के कुछ साथियों द्वारा हाल के दिनों में जीतन राम मांझी जी के बयान को जिस तरह से तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया गया है, वह न सिर्फ गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण भी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मांझी जी ने अपने वक्तव्य में कहीं भी संतोष कुमार सुमन जी को 'सौतेला बेटा' नहीं कहा। उन्होंने 'सौतेली माँ' का संदर्भ देते हुए बताया था कि संतोष कुमार सुमन जी की माता का निधन तब हो गया था जब वे मात्र 9 महीने के थे। इसके बावजूद मांझी जी ने उनका बेहतर लालन-पालन किया, उन्हें शिक्षित किया और आज उन्हें अपना उत्तराधिकारी बनाने तक की बात कही। श्याम सुन्दर शरण ने कहा कि मांझी जी का पूरा संदेश समाज को यह प्रेरणा देने वाला था कि विपरीत परिस्थितियों में भी बच्चों को बेहतर परवरिश और शिक्षा देकर उन्हें आगे बढ़ाया जा सकता है। लेकिन दुर्भाग्य से कुछ लोग इस संवेदनशील और प्रेरणादायक प्रसंग को गलत तरीके से पेश कर भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं।

# बी.डी. कॉलेज में 'भारतीय राष्ट्रवाद की आध्यात्मिक नींव' विषय पर संगोष्ठी आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना के इतिहास विभाग एवं बापू टावर के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय राष्ट्रवाद की आध्यात्मिक नींवः गांधी और उनके समकालीन विषय पर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के सह-प्राध्यापक डॉ. भुवन झा, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के पीजी हेड डॉ. अरविंद कुमार, बापू टावर के निदेशक विनय कुमार तथा कॉलेज की प्रधानाचार्या प्रो. रत्ना अमृत उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता डॉ. भुवन झा ने कहा कि इतिहास लेखन की सबसे बड़ी चुनौती राष्ट्रवाद की जटिलताओं को सही दृष्टि से समझना है। भारतीय इतिहासकारों ने राष्ट्रवाद को केवल राजनीतिक आंदोलन नहीं, बल्कि संस्कृति, चेतना और आध्यात्मिकता से जोड़कर देखा। उन्होंने कहा कि श्री अरविंदो, बाल गंगाधर तिलक और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय जैसे चिंतकों ने राष्ट्रवाद को आत्मा और संस्कृति की शक्ति के रूप में परिभाषित किया। उन्होंने कहा कि श्री अरविंदो ने बंकिम चंद्र को 'नवभारत का पैगंबर' माना, जबकि 'वंदे मातरम' ने देशवासियों में आत्मसम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना जगाई। स्वामी विवेकानंद ने आध्यात्मिक चेतना को कर्मयोग में बदलकर उसे राष्ट्र निर्माण का माध्यम बनाया। डॉ. अरविंद कुमार ने कहा कि धर्म और अध्यात्म दो अलग-अलग धाराएं हैं, लेकिन भारत ने इन्हें राष्ट्रवाद की धारा में समाहित किया। उन्होंने कहा कि जहाँ पाश्चात्य देशों ने भौतिकवाद को प्राथमिकता दी, वहीं भारत ने राष्ट्रवाद को आध्यात्मिकता से जोड़ा। बापू टावर के निदेशक विनय कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन मोहन से महात्मा बनने की प्रेरक गाथा है। उन्होंने कहा कि गांधी सत्ता के विरोधी नहीं, बल्कि व्यवस्था को सुधारने वाले महान चिंतक थे। बापू टावर गांधीजी के योगदान का जीवंत स्मारक है, जो नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ने की प्रेरणा देता है।

प्रधानाचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने कहा कि भारत का राष्ट्रवाद केवल राजनीति की उपज नहीं, बल्कि धर्म, संस्कृति और अध्यात्म की गहन साधना से निर्मित है। उन्होंने मुख्य वक्ता को पुनौरा धाम का स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. दिव्या कुमार ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनीता कुमारी यादव ने प्रस्तुत किया। संगोष्ठी में यह स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आया कि भारतीय राष्ट्रवाद की नींव केवल राजनीतिक विचारों पर नहीं, बल्कि धर्म, संस्कृति और अध्यात्म की गहन चेतना पर आधारित है।

# पटना के डीएम बने बाबा भीखम दास ठाकुरबाड़ी के न्यासी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद ने राजधानी के बाबा भीखम दास ठाकुरबाड़ी के लिए पटना के डीएम के नेतृत्व में न्यस समिति को मान्यता दी है। इस संबंध में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन के हस्ताक्षर से जारी अधिसूचना में पटना के डीएम को ठाकुरबारी से संबंधित खाता संचालन के लिए नामित किया गया है। साथ ही पटना हाई कोर्ट के आदेश के अनुरूप न्यास समिति के गठन के लिए नामों के चयन कर पटना के डीएम यथाशीघ्र बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद को उपलब्ध कराएं। साथ ही बाबा भीखम दास ठाकुरबाड़ी से संबंधित सभी चल-अचल संपत्तियों का पूर्ण विवरण भी पर्षद को अतिशीघ्र उपलब्ध कराएं। न्यास बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि चूकि उपरोक्त न्यास के लिए कोई भी न्यास समिति कार्यरत नहीं है। अतः ठाकुरबाड़ी में पूजा पाठ, राग भोग एवं परिसंपत्तियों की सुरक्षा एवं सुव्यवस्था के लिए न्यास समिति का गठन जरूरी है। बतातें चलें कि उक्त न्यास की सुव्यवस्था एवं संचालन हेतु एक प्यास समिति का गठन किया गया, जो वर्तमान में निषक्रिय है। पर्षद द्वारा मान्यता प्राप्त पुर्व न्यासधारी स्व राम राजेश्वर दास के द्वारा इस न्यास के लिए गैर विवादित महंत नियुक्त नहीं है। तथाकथित महंत जय नारायण दास एवं विमल दास, जो पर्षद से मान्यता प्राप्त नहीं है, उनके द्वारा इस न्यास की सभी सम्पत्ति से आय एवं किराया आदि की वसुली अवैध रूप से की जा रही है। किंतु उनके द्वारा उक्त मंदिर की दुकान एवं संपत्ति से प्राप्त आय का वर्षवार विवरण अधिनियम की धारा 59, 60 एवं 70 के अन्तर्गत पर्षद में कभी भी समर्पित नहीं की गयी। इस संबंध में इन्हें पत्र दिया गया किंतु जयनारायण दास एवं विमल दास द्वारा पर्षद के पत्र के अनुपालन में कोई कार्रवाई नहीं की गयी साथ ही पर्षद को यह भी आरोप प्राप्त हुआ कि जय नारायण दास एवं विमल दास द्वारा 16 व्यक्तियों के हाथों इस न्यास की 15 भूखंडों का अवैध रूप से विक्रय किया गया।

## कुख्यात अपराधी पुट्टू मिश्रा की गोली मारकर हत्या

**बेतिया।** पश्चिमी चंपारण जिले केबगहा पुलिस जिलानतर्गत रामनगर थाना क्षेत्र में सोमवार की शाम अज्ञात अपराधियों ने कुख्यात अपराधी संजीव कुमार मिश्र उर्फ पुट्टू मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना सोहसा पंचायत अंतर्गत फुलकौल गांव के चौक के समीप हुई। बताया जाता है कि बाइक सवार तीन अपराधियों ने पुट्टू मिश्रा पर ताबड़तोड़ फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। घटना के दौरान करीब दो राउंड गोली चलने की सूचना है। गोली लगने के बाद स्थानीय लोगों ने घायल पुट्टू मिश्रा को तत्काल स्कॉर्पियो वाहन से रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# रानीतालाब में तीन गांजा तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिक्रम।** रानीतालाब थाना क्षेत्र के पतूत गांव में तीन गांजा तस्करों को पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान पतुत गांव के उपेन्द्र कुमार, लक्ष्मण राम और सुनील कुमार के रूप में हुई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इलाके में गांजे की तस्करी और गुमटी में बिक्री की जा रही है। इस आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने छापेमारी कर तीनों को धर दबोचा। थानाध्यक्ष प्रशिक्षुक डीएसपी विनय रंजन ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है ताकि इस गिरोह के अन्य नेटवर्क का पता लगाया जा सके। कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई से राहत की सांस ली है और पुलिस द्वारा किये गए कार्य को सराहा है।

# 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत जनता दरबार आयोजित, 37 मामलों की सुनवाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा सोमवार को कार्यालय कक्ष में "सबका सम्मान–जीवन आसान" कार्यक्रम के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे और अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखी। जनता दरबार में कुल 37 परिवादियों ने आवेदन प्रस्तुत किए। इनमें भूमि विवाद से संबंधित 9 मामले, राशन कार्ड से जुड़े 22 मामले तथा अन्य श्रेणी के 6 मामले शामिल रहे। राशन कार्ड से जुड़े मामलों में नाम जोड़ने, सुधार कराने एवं नए कार्ड बनाने की समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। वहीं भूमि विवाद के मामलों में दाखिल-खारिज, सीमांकन और आपसी विवादों के निपटारे की मांग की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी परिवादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि सभी मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि "सबका सम्मान–जीवन आसान" कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का एक ही स्थान पर प्रभावी समाधान करना है, ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में जनता दरबार का लाभ उठाने की अपील की। जनता दरबार के दौरान अनुमंडल के कई वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाई।

## बिजली समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निपटारे के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा सोमवार को सासाराम विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के अंतर्गत सभी अवर प्रमंडल एवं प्रशाखा कार्यालयों में विशेष शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस शिविर में उपभोक्ताओं की उल्लेखनीय भागीदारी देखी गई।

शिविर का मुख्य उद्देश्य लो वोल्टेज, बार-बार फ्यूज उड़ना, झुके हुए बिजली पोल, ढीले तार, खराब ट्रांसफार्मर एवं बिजली बिल में त्रुटि जैसी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान करना था। विद्युत कार्यपालक अभियंता ई. ब्रवीम ने बताया कि कनीय विद्युत अभियंता स्तर तक शिविर आयोजित कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि उपभोक्ताओं को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

# बस-ट्रक की भीषण टक्कर, बुजुर्ग की मौत, पांच घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के नासरीगंज थाना इलाके में रविवार देर रात एक सड़क हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। तिलक समारोह से लौट रही एक बस की सामने से आ रही खाली ट्रक से आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बस सवार 65 वर्षीय रामेश्वर मिश्रा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रक चालक-खलासी समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज सासाराम सदर अस्पताल में चल रहा है, जहां दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस में सवार लोग औरंगाबाद जिले के मौरई गांव से भोजपुर जिले के जगदीशपुर में आयोजित तिलक समारोह से लौट रहे थे। इसी दौरान नासरीगंज के समीप दाउदनगर मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार बस और ट्रक के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

इस दुर्घटना में बस के तीन अन्य यात्री भी घायल हुए हैं। वहीं ट्रक चालक की पहचान उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर जिले के बसवारी गांव निवासी चंद्र प्रकाश यादव और खलासी भोला कुमार (गोरखपुर) के रूप में हुई है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को बस से बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कुछ यात्रियों में आक्रोश भी देखा गया, जिसे स्थानीय लोगों ने शांत कराया। सूचना मिलते ही नासरीगंज थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है तथा दुर्घटनाग्रस्त बस और ट्रक को जब्त कर लिया है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है। हादसे के बाद मृतक के पैतृक गांव जगदीशपुर और मौरई में शोक की लहर दौड़ गई है। प्रशासन ने घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं।

## मानसिक स्वास्थ्य भी महत्वपूर्ण, इस पर खुलकर बात जरूरी: डॉ. अमरदीप कुमार

**डिहरी-ऑन-सोन।** मानसिक समस्याएं भी शारीरिक बीमारियों की तरह सामान्य हैं और यह किसी भी व्यक्ति को प्रभावित कर सकती हैं। ऐसे में इन पर खुलकर चर्चा और समय पर उपचार अत्यंत आवश्यक है। यह बातें पाली रोड स्थित सरोज न्यूरोसाइकेट्रिक सेंटर के निदेशक डॉ. अमरदीप कुमार ने रविवार को आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के दौरान कही। शिविर में सौ से अधिक मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श और उपचार की सुविधा प्रदान की गई। इस दौरान मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक भी किया गया। डॉ. अमरदीप कुमार वर्तमान में पुरी मेडिकल कॉलेज में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। शिविर के आयोजन में उनकी पत्नी डॉ. निशा भारती ने भी सक्रिय सहयोग दिया।

# मंडल रेल प्रबंधक ने सासाराम-आरा रेलखंड का किया सघन निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने सोमवार को सासाराम–आरा रेलखंड का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित शाखाओं के अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे। निरीक्षण के क्रम में रेलखंड पर यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, संरक्षा मानकों तथा चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया गया।

मंडल रेल प्रबंधक ने सासाराम जंक्शन और बिक्रमगंज स्टेशन का निरीक्षण करते हुए प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय, पार्किंग व्यवस्था और स्वच्छता की स्थिति का आकलन किया। साथ ही यात्रियों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए की गई व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान स्टेशनों पर संचालित खानपान स्टॉलों की स्थिति, पेयजल व्यवस्था और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की गहन जांच की गई। उन्होंने निर्देश दिया कि यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित और मानक के अनुरूप खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। सासाराम जंक्शन पर मंडल रेल प्रबंधक ने वॉटर वेंडिंग मशीन से स्वयं पानी पीकर उसकी गुणवत्ता की जांच की। गर्मी के मद्देनजर सभी स्टेशनों पर पर्याप्त एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, जल बूथों की नियमित निगरानी रखने और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त इंतजाम करने के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा, स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्यों को निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि यात्रियों को सुरक्षित, आधुनिक और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## प्राथमिक अभियुक्त गिरफ्तार

**चेनारी (रोहतास)।** चेनारी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार ने बताया कि चेनारी थाना कांड संख्या-73/26 (दिनांक 24 फरवरी 2026) के नामजद अभियुक्त प्रिंस पासवान (पिता- रविंद्र पासवान), निवासी बभनगांवा (कटरा), को विधिवत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में लेते हुए मंडल कारा सासाराम भेज दिया है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## फरार आरोपित गिरफ्तार

**डिहरी-ऑन-सोन।** डालमियानगर थाना पुलिस ने मारपीट के एक मामले में वर्षों से फरार चल रहे एससी-एसटी एक्ट के आरोपित को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, 5 मई 2025 को मथुरी टोला निवासी मिथिलेश पासवान की पत्नी सीमा देवी ने न्यू डिलियां वार्ड संख्या-20 निवासी धनजी पटेल पर मारपीट एवं आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया था। घटना में सीमा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई थीं, जिनका इलाज अनुमंडल अस्पताल में कराया गया था। थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि आरोपित धनजी पटेल आधा दर्जन मामलों में वांछित था।

## शराब बरामद, तस्कर फरार

**चेनारी (रोहतास)।** चेनारी थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत मल्हीपुर गांव से 20 लीटर देशी चुलाई महुआ शराब बरामद की है। छापेमारी के दौरान पुलिस को देखते ही एक तस्कर अपनी लूना मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। इसके अलावा, दुर्गावती नदी के किनारे एवं आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों में चलाए गए अभियान के दौरान करीब 7000 लीटर महुआ पास (अर्धनिर्मित शराब) को नष्ट किया गया तथा मौके पर संचालित पांच अवैध भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया गया।


**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited (JBVNL)**
**(CIN: U40108JH2013SGC001702)**
Electric Supply Area, Medininagar
Retd. Office : By Pass Road, Sudna, Medininagar, 822102 e-mail :- gm_mdnjseb@yahoo.in
**Telephone :- 06562-295539**

**1st e-TENDER Time Extension Notice**

Due to some unavoidable reasons e-tender Notice No.20,21,22,23&24/PR/JBVNL /2026-27 O&M,(Regarding Purchase of Line Materials) under Electric Supply Area, Medininagar is hereby time extended as following manner:-

**IMPORTANT SCHEDULE OF DATES FOR ABOVE NIT's**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Availability of tender document on website | :- | Up to 13.05.2026 17:00 Hrs. |
| 2 | Last date and time for submitting e-tender | :- | Up to 13.05.2026 17:00 Hrs. |
| 3 | Date and time of Opening of tender (Technical and commercial Part-I) | :- | 15.05.2026 at 15:30 Hrs. |

4. Tender Notice is also available on our website : www.jharkhandtenders.gov.in
5. For any clarification please contact: 9835574043. EEE (Tec)
6 Other terms and conditions will remain the same and duly available website.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

**PR No. 377169**

Sd/-
**General Manager-cum-Chief Engineer**
**Electric Supply Area, Medininagar**

PR 378511 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (26-27)_D



**कार्यालय नगर पंचायत, रफीगंज (औरंगाबाद)**

बिहार सरकार

**अतिअल्पकालीन अभिरूचि का अभिव्यक्ति आमंत्रण**

**EOI सूचना संख्या – 03 /2026–27**

माननीय NGT द्वारा O.A. No.- 606/2018 में दिनांक– 14.12.2020 को पारित आदेश के अनुपालन में तथा मुख्य सचिव बिहार सरकार के आदेश ज्ञापांक– 03/न्या०–14–18/2018/ 1018, पटना दिनांक–11.04.2019 के आलोक में विभागीय पत्रांक– 3967, दिनांक– 17.12.2024, पत्रांक–1387, दिनांक– 11.04.2025 एवं– 3144 दिनांक– 26.08.2025, द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2016 के क्रियान्वयन के तहत STP cum FSTP Project हेतु बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 की धारा 99 के द्वारा नगर निकायों को भूमि क्रय करने की प्राप्त भाक्ति के अधीन एवं विभागीय संकल्प ज्ञापांक– 5808 दिनांक– 26.11.2015 नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना के पत्रांक– 3503 दिनांक– 22.09.2025 तथा विभागीय ज्ञापांक–2018, दिनांक– 15.03.2024 द्वारा केन्द्रीय भूमि–अर्जन पुनर्वासन और पुनव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा– 104 के अधीन प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार राज्य सरकार एतद् द्वारा आवश्यकतानुसार लोक उद्देश्य के कार्यो तथा अधारभूत संरचना एवं लोक प्रयोजन के परियोजनाओं हेतु रेयतो से भूमि लीज पर प्राप्त करने के लिए न्यूनतम मूल्य पंजी पर रैयती भूमि लीज करने की स्वीकृति के तहत नगर पंचायत, रफीगंज द्वारा इच्छूक भूस्वमियों से अधिसीमा में जिला निबंधन कार्यालय द्वारा निर्धारित दर एवं बिहार रैयती भूमि लीज नीति 2014 के अनुसार लीज पर लेने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

| क्र०सं० | विवरणी | जमीन की आवश्यकता | भाहर से भूमि की मान्य दूरी | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | UWM अंतर्गत STP cum FSTP Project हेतु भूमि | 04 एकड़ से 05 एकड़ | 05 किलो मीटर (जनसंख्या रहित) | |

**नियम व शर्तें** :–
1. भूमि के उपर से हाईटेंशन विद्युत तार नहीं गुजरा हो।
2. भूमि पर पहुंच पथ कम से कम 10 से 12 फीट का होना चाहिए।
3. भूमि सभी प्रकार के विवाद से मुक्त होना चाहिए एवं भूमि का स्वमित्व स्पश्ट होना चाहिए।
4. भू–स्वामी से प्राप्त दस्तावेज एवं भूमि के भौतिक सत्यापन के पश्चात भूमि क्रय/लीज करने का निर्णय लिया जाएगा।
5. भूमि का क्रय एवं लीज हेतु निर्णय नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्रांक–13/SBM-14/2025-3505 में वर्णित जिलास्तरीय द्वारा किया जायेगा।
6. भू–स्वामी को भूमि की कीमत का भुगतान आर०टी०जी०एस०/एकाउन्ट पेयी चेक (Account Payee Cheque) PFMS/CFMS के माध्यम से किया जाएगा।
7. भूमि की स्थिति गंगा एवं उसकी भाखा नदी से 500 मीटर, अन्य नदी से 100 मीटर तालाब से 200 मीटर तथा राजमार्ग, आवास स्थलों, सार्वजनिक उद्यानों और जल आपूर्ति कुओं से 200 मीटर की दूरी पर होना चाहिए।
8. भूमि जल जमाव से ग्रसित नहीं होना चाहिए।
9. गैर कृषि भूमि एवं न्यूनतम बाजार दर पर उपलब्ध भू–खण्ड को प्राथमिकता दी जाएगी।

उक्त शर्तो के आलोक में नगर पंचायत, रफीगंज द्वारा इच्छुक भू–स्वामी दिनांक– 11.05.2026 को 03:00 बजे अपराहन तक बंद लिफाफे में परिशिष्ट–1 में दिये गये प्रारूप में मांगी गयी सूचना और आव यक कागजातों के साथ आवेदन/प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। बन्द लिफाफे पर पता के रूप में नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, रफीगंज अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना संख्या– 03/2026-27 तथा लिफाफे के उपर आवेदन का विषय अवश्य उल्लिखित होना चाहिए। निर्धारित तिथि को किसी कारणवश अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्यदिवस को पूर्व निर्धारित समय पर आवेदन/प्रस्तावों को खोला जाएगा। विस्तृत जानकारी एवं विहित प्रपत्र हेतु इच्छूक भू–स्वामी/संस्था किसी भी कार्य दिवस तथा कार्यवधि में नगर पंचायत, रफीगंज में स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से सम्पर्क कर सकते है।

**परिशिष्ट – 1 आवश्यक दस्तावेज**
1. (क) भू–स्वामी का नाम एवं पूरा पता (ख) भू–स्वामी का मोबाईल न० (ग) भू–स्वामी का आधार कार्ड संख्या।
2. भूमि निबंधन प्रमाण–पत्र/खतियान की कॉपी
3. भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र (एल०पी०सी०) की प्रति
4. भू–स्वामी द्वारा शपथ पत्र जिसमें यह स्पष्ट रूप से उल्लेख हो कि भूमि सभी प्रकार से विवाद मुक्त है।
5. आवश्यकतानुसार दाखिल खारिज दस्तावेज यदि दाखिल खारिज नहीं हो तो अंचलाधिकारी से निर्गत परिवारिक सूची/वंशावली एवं वर्तमान वंशज की सहमति पत्र।
6. संबंधित भूमि भू–हदबंदी पर्चा, भू–दान पर्चा सैरात एवं कैसरे हिन्द से मुक्त होना का शपथ–पत्र।
7. संबंधित भूमि किसी बैंक/वित्तीय संस्था मो मार्टगेज नहीं किये जाने का शपथ–पत्र।
8. चयनित भूमि के स्वामी को लीज/क्रय हेतु निबंधित डीड सम्पादित करना होगा।
9. भूमि का इंडेक्स मैप/नजरी नक्शा जिसमें लैण्ड मार्क व पहुंच पथ दर्शाया गया हो।
10. सभी दस्तावेज स्वअभिप्रमाणित होना चाहिए।

**नोट** :– **उल्लिखित दस्तावेजों में से किसी एक के भी अनुपब्ध होने की स्थिति में भू–स्वामी का आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा। प्रकाशित सूचना में परिवर्तन करने या रद्द का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।**

**नगर कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर पंचायत, रफीगंज**

PR- 001828 ( B & C ) 2026-27

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: डीटीई_जेएमपी_1 (क्रम संख्या 1 से 14) दिनांक: 25.04.2026**

सहायक टाउन अभियंता, पूर्व रेलवे, जमालपुर, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या:**1। **कार्य का नाम: जेड-01/26-27** के एटीई/जमालपुर के नियंत्रण के अधीन वर्कशॉप के अंदर विभिन्न शॉपों के क्षतिग्रस्त रूफ शीट, गटर, बरसात के पानी की पाइप, नॉर्थ लाइट ग्लास की वार्षिक परिवर्तन/मरम्मत तथा अन्य विविध प्रकृति के कार्य। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** ₹ 75,60,000। **बयाना राशि:** ₹ 1,51,200। **क्रम संख्या:** 2। **कार्य का नाम: जेड-02/26-27** के एटीई/जमालपुर के नियंत्रण के अधीन वर्कशॉप के अंदर डब्ल्यूआरएस-I, II, III, IV, टीपीटी (रेल), डब्ल्यूएस, डब्ल्यूसीएस-I, II (आरएम), सीबीएस, बीडब्ल्यूएफ, धर्म काँटा तथा सभी समपार, डीपीएस, डीसीएस, टीएमएस, एसएमएस, लोड बॉक्स शेड, स्टोर्स वार्डस एवं एनएसवाई, एमटीएस, बीकेएस, एफएस, एमएस, एमसीटीआर, टीटीएस, बीएफएस, बीबीएफ, बीएसएस एवं एसएस, एचटीएस, सीएच, जीआईएफ, एसएफ, बीएसटी (एचएमआरएस), टीपीटी (रोड), पीएटी, डीएसएस, सीआरएस, डब्ल्यूएलडी, एसटीसी/पीटीएस, बीटीसी, सीएमटी लैब, इलेक्ट्रिक ऑफिस, पावर हाउस तथा अन्य इकाइयां, एसएसवाई तथा कंप्रेसर हाउस तथा अन्य इकाइयां, एसएसवाई तथा कंप्रेसर हाउस की वार्षिक मरम्मत/छोटे-मोटे संयोजन तथा परिवर्तन, सफ़ेद/रंगीन पुताई, रंगाई तथा विविध प्रकृति के कार्य। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** ₹ 50,40,000। **बयाना राशि:** ₹ 1,00,800। **क्रम संख्या:** 3। **कार्य का नाम: जेड-03/26-27** के एटीई/जमालपुर के नियंत्रण के अधीन डब्ल्यूएस/जमालपुर के अंदर कंबाइंड बिल्डिंग, वेलफेयर ऑफिस, वर्कशॉप हेल्थ यूनिट, हेल्थ यूनिट (गेट नंबर 6), डब्ल्यूएम (डीजल) कार्यालय, स्टोर्स हिंदी लाइब्रेरी, टाइम बूथ 1 एवं 6, कैंटीन, वर्कशॉप के अंदर के सभी बगीचे तथा अन्य सभी क्षेत्रों (अन्य वर्कशॉप ज़ोन शामिल नहीं हैं) तथा अन्य क्षेत्रों की वार्षिक मरम्मत/छोटे-मोटे संयोजन तथा परिवर्तन, सफ़ेद/रंगीन पुताई, रंगाई तथा विविध प्रकृति के कार्य। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** ₹ 29,40,000। **बयाना राशि:** ₹ 58,800। **क्रम संख्या:** 4। **कार्य का नाम: जेड-04/26-27** के एटीई/जमालपुर के नियंत्रण के अधीन ईस्ट कॉलोनी की वार्षिक मरम्मत/छोटे-मोटे संयोजन तथा परिवर्तन, सफ़ेद/रंगीन पुताई, रंगाई तथा विविध प्रकृति के कार्य। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** ₹ 92,40,000। **बयाना राशि:** ₹ 1,84,800। **क्रम संख्या:** 5। **कार्य का नाम: जेड-05/26-27** के एटीई/जमालपुर के नियंत्रण के अधीन रामपुर कॉलोनी की वार्षिक मरम्मत/छोटे-मोटे संयोजन तथा परिवर्तन, सफ़ेद/रंगीन पुताई, रंगाई तथा विविध प्रकृति के कार्य। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** ₹ 92,40,000। **बयाना राशि:** ₹ 1,84,800। **क्रम संख्या:** 6। **कार्य का नाम: जेड-06/26-27** के एटीई/जमालपुर के नियंत्रण के अधीन दौलतपुर कॉलोनी की वार्षिक मरम्मत/छोटे-मोटे संयोजन तथा परिवर्तन, सफ़ेद/रंगीन पुताई, रंगाई तथा विविध प्रकृति के कार्य। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** ₹ 75,60,000। **बयाना राशि:** ₹ 1,51,200। **क्रम संख्या:** 7। **कार्य का नाम: जेड-07/26-27** के एटीई/जमालपुर के नियंत्रण के अधीन सभी सेवा भवनों (आवासीय भवनों की छोड़कर), अस्पताल/स्वास्थ्य इकाई तथा स्कूल जैसी वेलफेयर बिल्डिंग आदि (वर्कशॉप के बाहर) की वार्षिक मरम्मत/छोटे-मोटे संयोजन तथा परिवर्तन, सफ़ेद/रंगीन पुताई, रंगाई तथा विविध प्रकृति के कार्य। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** ₹ 46,20,000। **बयाना राशि:** ₹ 92,400। **क्रम संख्या:** 8। **कार्य का नाम: जेड-08/26-27** के एटीई/जमालपुर के नियंत्रण के अधीन वार्षिक मरम्मत/छोटे-मोटे संयोजन तथा परिवर्तन, दरवाजे एवं खिड़कियां तथा विविध प्रकृति के कार्य एवं वार्षिक मरम्मत/छोटे-मोटे संयोजन तथा परिवर्तन, स्वच्छता एवं प्लंबिंग कार्य तथा विविध प्रकृति के कार्य। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** ₹ 1,17,60,000। **बयाना राशि:** ₹ 2,35,200। **क्रम संख्या:** 9। **कार्य का नाम: जेड-9/26-27** के एटीई/जमालपुर के नियंत्रण के अधीन ईस्ट कॉलोनी में सड़क की वार्षिक मरम्मत/छोटे-मोटे संयोजन तथा परिवर्तन (इस कार्य को पानी के कार्य, केंट रोड, गोलेस्टर रोड, गोल्फ रोड, नॉर्थ टैंक रोड, एन.आई. रोड, नॉर्थ रोड, जुबली रोड, गोल्फ ग्राउंड के चारों तरफ तथा वर्कशॉप के अंदर सम्पादित करना होगा। इसके अलावा, स्थान में कोई भी परिवर्तन सीडब्ल्यूएम की स्वीकृति के बाद ही किया जाएगा)। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** ₹ 96,60,000। **बयाना राशि:** ₹ 1,93,200। **क्रम संख्या:** 10। **कार्य का नाम: जेड-10/26-27** के एटीई/जमालपुर के नियंत्रण के अधीन पश्चिम कॉलोनियों (सिर्फ रामपुर कॉलोनी एवं दौलतपुर कॉलोनी) के सड़क की वार्षिक मरम्मत/छोटे-मोटे संयोजन तथा परिवर्तन कार्य। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** ₹ 72,24,000। **बयाना राशि:** ₹ 1,44,500। **क्रम संख्या : 11। कार्य का नाम: जेड-11/26-27** के एटीई/जमालपुर के नियंत्रण के अधीन रेलवे कर्मचारियों एवं उनके बच्चों के इस्तेमाल के लिए रेलवे ज़मीन में पार्कों के विकास तथा रखरखाव के लिए पेड़ों/पौधों, नर्सरी का वार्षिक रखरखाव तथा अन्य बागवानी कार्य। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** ₹ 15,00,000। **बयाना राशि:** ₹ 30,000। **क्रम संख्या:** 12। **कार्य का नाम: जेड-12/26-27** के एटीई/जमालपुर के नियंत्रण के अधीन यांत्रिक निवास हॉस्टल, एसजीएच एवं क्यूआरएच में पेड़ों/पौधों, नर्सरी का वार्षिक रखरखाव तथा अन्य बागवानी कार्य। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** ₹ 18,00,000। **बयाना राशि:** ₹ 36,000। **क्रम संख्या:** 13। **कार्य का नाम: जेड-13/26-27** के एटीई/जमालपुर के नियंत्रण के अधीन आईआरआईएमईई एवं रेलवे क्वार्टर संख्या 1, टीए कैंप रोड में पेड़ों/पौधों, नर्सरी का वार्षिक रखरखाव तथा अन्य बागवानी कार्य। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** ₹ 18,00,000। **बयाना राशि:** ₹ 36,000। **क्रम संख्या:** 14। **कार्य का नाम : जेड-14/26-27** के एटीई/जमालपुर के खंड में आईआरआईएमईई बिल्डिंग तथा एसजीएच, यांत्रिक निवास, क्वींस रोड हॉस्टल तथा आईआरआईएमईई अधिकारियों के आवासीय क्वार्टर सहित रेलवे क्वार्टर संख्या 1, टीए कैंप रोड में वार्षिक मरम्मत/ छोटे-मोटे संयोजन तथा परिवर्तन, सफ़ेद/रंगीन पुताई, रंगाई, पाइप लाइन तथा स्वच्छता सहित फिटिंग्स, दवाजों एवं खिड़कियों के सहित लकड़ी के कार्य तथा अन्य विविध प्रकृति के कार्य। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** ₹ 1,60,44,000। **बयाना राशि:** ₹ 3,20,900। **खुलने की तारीख:** 19.05.2026 (क्र.सं. 1 से 14 प्रत्येक के लिए)।

(MISC-27/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter**



**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**
**चतुर्थ श्रेणी के इच्छुक संवेदको के सूचीबद्धता हेतु प्रस्ताव आमंत्रण**

विभागीय संकल्प–9458(भ0) दिनांक–06.09.2018 द्वारा वर्णित कंडिकाओं के आलोक में वितीय वर्ष 2026–2027 में अनुरक्षण/मरम्मति शीर्ष के अन्तर्गत आकस्मिक/आपातकालीन/अत्यावश्यक स्थिति के कार्यो के लिए नामांकन के आधार पर कार्य आवंटन एवं कार्य करने हेतु **औरंगाबाद जिला में भवन प्रमंडल में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के 20 संवेदकों** को विहित मॉडल प्रपत्र/विभागीय प्रक्रिया के अनुसार चयन/सूचीबद्धता हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

उक्त प्रस्ताव विहित प्रपत्र में स्पष्ट एवं पठनीय (कम्प्यूटराईज्ड) रूप में भरकर वांछित कागजातों एवं आवश्यक **अग्रधन की राशि रू0 5000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र OGrass(ereceipt.bihar.gov.in) के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद** के नाम से भुगतेय हो, (जो लौटाया नही जायेगा) के साथ दिनांक–07.05.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक प्रमंडलीय कार्यालय में समर्पित करना होगा।

प्रस्ताव हेतु विहित प्रपत्र/प्रारूप कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, औरंगाबाद के कार्यालय कक्ष में दिनांक–04.05.2026 तक प्राप्त कर सकते हैं। विहित प्रपत्र दो खंडो **प्रपत्र 'क' एवं प्रपत्र 'ख'** में होगा प्रपत्र 'क' में आवेदक का बायोडाटा एवं वांछित प्रमाण पत्र तथा प्रपत्र 'ख' में उनके द्वारा विगत तीन वर्षो (2023–24, 2024–25, 2025–26) में अनुरक्षण/मरम्मति अन्तर्गत किये गये कार्यो का विवरण, होगा। प्रपत्र 'क' एवं 'ख' को एक बड़े आकार के लिफाफे में सीलबंद कर तथा उसके उपर अपना नाम एवं वर्तमान पता अंकित कर कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद के कार्यालय में उपरोक्त वर्णित तिथि को समर्पित करना होगा।

**कार्यपालक अभियंता**
**भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**PR. No. 001889 (BCD) 2026-27**

**नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।**



**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**
**(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)**
**ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –01/औरंगाबाद/2026–27**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 21.04.2026
3. परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड) करने की तिथि एवं समय :–दिनांक 11.05.2026 से 03.06.2026 को अपराहन् 3 बजे तक
4. निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय :–दिनांक 11.05.2026 से 03.06.2026 को अपराहन् 3 बजे तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– केवल बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर
6 प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक–05.05.2026 को 15:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय।
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय (तकनीकी बीड/वितीय) :– दिनांक–04.06.2026 को 3:00 बजे अप0 तक (On Website www.eproc2.bihar.gov.in)
8. निविदा वैधता की तिथि 120 दिन
9. कार्य विवरणी:–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | बीड प्रोसेसींग राशि +सर्विस टैक्स | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत मद्यनिषेध एवं उत्पाद थाना, दाउदनगर के परिसर में गृह रक्षकों के रहने के लिए अतिरिक्त बैरक का निर्माण कार्य | 15.372 लाख | 30800/– | 5000/– | As Per Online Requirement | 4 माह |

**कार्यपालक अभियंता**
**भवन प्रमण्डल,औरंगाबाद।**

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**PR. No. 001898 (BCD) 2026-27**

**बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है।**
**इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।**
**टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268**

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**बिहारशरीफ (नबिटासं)।** वेना थाना क्षेत्र में हुए सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पटना जिले निवासी आदित्य आनंद (22) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आदित्य बिहारशरीफ से बख्तियारपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान फ्लाईओवर पर उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे के समय युवक ने हेलमेट पहन रखा था, लेकिन तेज रफ्तार के कारण उसकी जान नहीं बच सकी। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर युवक की पहचान की। इसके बाद परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई।

### जिला स्तरीय नवाचारी शिक्षक सम्मान 2026 में संतोष कुमार वर्मा सम्मानित

**नवादा (नबिटासं)।** जिले के इंटर विद्यालय आती कादिरगंज के नवाचारी शिक्षक एवं शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा को टीबीटी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय नवाचारी शिक्षक सम्मान 2026 कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। यह भव्य आयोजन रविवार को जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान (डायट) नवादा में द बिहार टीचर्स हिस्ट्री मेकर "मेरी मोबाइल मेरी शिक्षा" मुहिम के तहत संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के उन शिक्षकों को सम्मानित करना था, जो शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करते हुए विद्यार्थियों तक ऑफलाइन से ऑनलाइन माध्यमों द्वारा मनोरंजक, खेल-खेल और रचनात्मक तरीके से शिक्षा पहुंचा रहे हैं। संतोष कुमार वर्मा ने शिक्षा को रोचक बनाने के साथ-साथ कबाड़ से जुगाड़ के माध्यम से शिक्षण सामग्री निर्माण, पर्यावरण संरक्षण हेतु बेकार बोतलों में पौधारोपण तथा विद्यार्थियों में रचनात्मकता बढ़ाने जैसे उत्कृष्ट कार्य किए हैं। उनके इन सराहनीय प्रयासों के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र, मोमेंटो एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी वर्षा, डायट प्राचार्य फैयाज आलम, नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी बरनवाल, व्याख्याता राकेश कुमार एवं स्काउट एंड गाइड के जिला सचिव राम इकबाल शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सम्मान मिलने पर विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई और सभी शिक्षकों ने संतोष कुमार वर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### ओडो स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन ठहराव के लिए नंगे पैर अभियान जारी

**नवादा (नबिटासं)।** जिले के ओडो रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर पूर्व मुखिया अरविंद मिश्रा ने अनोखा जनआंदोलन शुरू किया है। 14 अप्रैल 2026 से वे नंगे पैर रहकर लगातार अभियान चला रहे हैं, जो अब स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। अरविंद मिश्रा का कहना है कि ओडो स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं होने से क्षेत्र के हजारों यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर छात्रों, मरीजों और रोजाना यात्रा करने वाले लोगों को लंबी दूरी तय कर अन्य स्टेशनों तक जाना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से यह प्रतीकात्मक विरोध शुरू किया है। उन्होंने बताया कि जब तक रेलवे प्रशासन इस मांग पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेता, तब तक उनका यह नंगे पैर अभियान जारी रहेगा। उनके इस प्रयास को स्थानीय ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकताओं का भी समर्थन मिल रहा है। कई लोग प्रतिदिन उनके साथ जुड़कर अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओडो स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव होने से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी और लोगों को सुविधा भी प्राप्त होगी। अब देखना यह है कि रेलवे विभाग इस जनभावना को कब तक संज्ञान में लेकर कोई ठोस कदम उठाता है।

### कुरेठा रेलवे स्टेशन से मनिया एनएच 81 तक सड़क जर्जर, राहगीर परेशान

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के कुरेठा रेलवे स्टेशन से मनिया एनएच 81 तक कुल 4.150 किमी की सड़क पिछ्ले कई माह से लगातार जर्जर एवं गड्ढे में तब्दील हो चुका हैं। मगर संवेदक गहरी नींद में सोई हुई हैं। त्रिमूर्ति इंजिकान्स एंड ट्रेडर्स प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा सड़क की मरमती के साथ-साथ पक्की करण को लेकर मनिया के समीप बोर्ड भी लगाया गया हैं। जिसका कार्य आरंभ की तिथि 20 - 11- 2025 हैं जबकि कार्य



समाप्ति की तिथि 19 - 11 - 2026 हैं। इसके उपरांत भी संवेदक अपना समय किसी तरह से पास कर रहा हैं जर्जर सड़क गड्ढे में तब्दील होने से रोजमर्रा करने वाले आम लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैं जबकि हल्की बारिश होने से बीच सड़क पर गड्ढे में पानी भर जाने के कारण सड़क झील में तब्दील हो जाता हैं इसके उपरांत भी लगे बोर्ड में संवेदक का फोन नंबर पर कई वार ग्रामीणों ने फोन किया फोन पर उन्होंने जवाब दिया कि जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा ऐसे लापरवाह संवेदक के कारण जर्जर सड़क में आए दिन घटना दुर्घटना होते रहते हैं पांच माह बीत जाने के बाद भी कार्य आरंभ नहीं होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त हैं यह आक्रोश सड़क जाम में कभी भी तब्दील हो सकता हैं।

# बिहारशरीफ नगर निगम बोर्ड की बैठक में कई फैसले, सफाई व जल निकासी पर विशेष जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ नगर निगम बोर्ड की बैठक सोमवार को महापौर अनीता देवी की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में उप महापौर, नगर आयुक्त, उप नगर आयुक्त, सभी पार्षद, कार्यालय पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को सरल और समयबद्ध बनाने के लिए टाइमलाइन निर्धारित की गई। साथ ही आम लोगों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित करने का निर्णय लिया गया।



गर्मी के मौसम में पेयजल संबंधी समस्याओं को देखते हुए मोटर मरम्मत कार्य को तेज करने के निर्देश दिए गए। वर्तमान में कार्यरत तीन टीमों के अतिरिक्त एक नई टीम गठित करने और अतिरिक्त मोटर पंप सेट की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। खराब चापाकलों की मरम्मत युद्ध स्तर पर कराने के निर्देश भी दिए गए। मानसून से पहले 20 मई 2026 तक नगर निगम क्षेत्र के सभी बड़े, मझोले और छोटे नालों की सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जल जमाव की समस्या से बचाव के लिए पुलियों की नियमित सफाई पर भी जोर दिया गया। नगर विकास एवं आवास विभाग, पटना के निदेर्शानुसार शहर में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए इंटीग्रेटेड मॉडल आरएफपी जारी करने पर सहमति बनी। साथ ही, लंबे समय से जमा कचरे (लिगेसी वेस्ट) के निस्तारण के लिए बायो-रीमेडिएशन योजना पर करीब 5.93 करोड़ रुपये के प्राक्कलन को मंजूरी दी गई। इसके अलावा, वार्ड संख्या 05 और वार्ड संख्या 23 में बनाए गए विद्युत शवदाह गृह को नगर निगम को हस्तांतरित कर दिया गया है। इसके संचालन के लिए आवश्यक मानव बल की स्वीकृति भी दी गई। बैठक के अंत में महापौर ने सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद देते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त की।

# डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिये निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ ।** जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदाधिकारियों के साथ समन्वय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय ह्लसबका निर्देश दिया। इस दौरान अधिकारियों को आम लोगों से सम्मानपूर्वक मिलकर उनकी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण और त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने लंबित जनहित मामलों जैसे जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति, आय, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, पेंशन एवं अन्य योजनाओं से जुड़े मामलों के शीघ्र निष्पादन पर जोर दिया।



सम्मान-जीवन आसानह्व तथा मलमास मेला 2026 की तैयारियों की समीक्षा की गई। डीएम ने कहा कि ह्लसबका सम्मान-जीवन आसानह्व का उद्देश्य आम लोगों के दैनिक जीवन की समस्याओं को कम करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकारी कार्यालयों में समय पर उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी न हो। उन्होंने 30 अप्रैल 2026 तक पूरे जिले में विशेष छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश देते हुए खनन, अवैध परिवहन, पीडीएस दुकानों, आरटीपीएस काउंटर, भू-माफिया, निबंधन कार्यालय एवं बिचौलियों के माध्यम से हो रहे भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई करने को कहा।

डीएम ने हर सोमवार और शुक्रवार को आयोजित होने वाले सेवा संवाद समाधान कार्यक्रम को नियमित रूप से संचालित करने का साथ ही पंचायत स्तर पर जन सहयोग शिविर आयोजित कर रोस्टर तैयार करने और शिविर से पूर्व आवेदन लेने के निर्देश दिए। डीएम ने ह्लस्कूल चलो अभियानह्व के तहत 2 मई 2026 को 6 वर्ष पूर्ण कर चुके लगभग 16,460 बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एक भी बच्चा नामांकन से वंचित नहीं रहना चाहिए और सभी को मुफ्त पाठ्यपुस्तक उपलब्ध कराई जाए। साथ ही बच्चों की स्वास्थ्य जांच एवं आंखों की जांच कर मुफ्त चश्मा उपलब्ध कराने को भी कहा। स्वास्थ्य विभाग को अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, एक्स-रे जैसी सभी मशीनों को क्रियाशील रखने तथा खराब मशीनों की तत्काल मरम्मत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने गर्मी के मौसम में अगलगी की घटनाओं को देखते हुए अग्निशमन दस्ता को अलर्ट मोड में रखने तथा त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु पारा विधिक स्वयंसेवकों की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के सहयोग से दिनांक 09.05.2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु दिनांक 27.04.2026 को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कार्यालय में



एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा में कार्यरत पारा विधिक स्वयंसेवकगण उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए चन्द्रशेखर सिंह द्वारा बताया गया कि सभी पारा विधिक स्वयंसेवक अपने-अपने क्षेत्रों में राष्ट्रीय लोक अदालत के पम्पलेट का वितरण कर ग्रामीणों को जागरूक करने का कार्य करेंगे, क्योंकि वे अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े व्यक्ति हैं तथा समाज में उनकी मुख्य भूमिका है। इस अवसर पर पारा विधिक स्वयंसेवक रामानुज कुमार, नूतन कुमारी, जितेन्द्र कुमार, अनिल कुमार पाठक, मो० फैयाज अहमद, मो० निशात खान एवं मनीष कुमार सिन्हा आदि लोग मौजूद रहे।

### नवादा में सड़क पार कर रही महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** नवादा में तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला अपने भतीजे की शादी समारोह में शामिल होने जा रही थी। इसी दौरान सड़क पार करते समय तेज गति से आ रहे वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि महिला ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस दर्दनाक हादसे से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

# तीन महिला पॉकेटमार गिरफ्तार जेवर-नकदी व मोबाइल बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** नूरसराय थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रसलपुर मोड़ के पास से तीन महिला पॉकेटमारों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी के जेवर, नगदी और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई थरथरी थाना क्षेत्र के नत्थू बिगहा निवासी टुनटुन यादव की पत्नी मीणा कुमारी की शिकायत के आधार पर की गई।

पीड़िता ने शनिवार को नूरसराय थाना में लिखित आवेदन देकर बताया था कि वह ऑटो से अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान दहपर के पास तीन महिलाएं ऑटो में सवार हुईं और रसलपुर मोड़ पर उतर गईं। कुछ दूर आगे बढ़ने पर मीणा कुमारी को पता चला कि उनके गले से सोने का जिउतिया, बच्चे के हाथ से बाला और बैग में रखा नगद पैसा गायब हो गया है। शिकायत मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रसलपुर मोड़ के पास छापेमारी की और तीनों संदिग्ध महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से तीन टूटे हुए ब्लेड, सोने का जिउतिया, बच्चे का बाला, चोरी की नगदी राशि और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान कर ली गई है।

# नारी शक्ति को अधिकार दिलाकर रहेंगे : डॉ. पूनम शर्मा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ ।** नारी शक्ति वंदन विधेयक के मुद्दे पर भाजपा नालंदा द्वारा जन आक्रोश महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री सह प्रदेश नागरिक परिषद सदस्य डॉ. पूनम शर्मा शामिल हुईं। यह सम्मेलन भैसासुर, सुंदरगढ़ स्थित ब्रिलियंट कान्वेंट स्कूल परिसर में आयोजित हुआ जहां बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी देखी गई।





सम्मेलन के दौरान डॉ. पूनम शर्मा ने महिलाओं के अधिकार को लेकर जोरदार आवाज उठाते हुए कहा कि ह्लनारी शक्ति को उसका अधिकार हर हाल में दिलाकर रहेंगे।ह्व कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट तेजस्विता राधा ने किया। सम्मेलन के बाद भैसासुर चौक तक सैकड़ों महिलाओं ने कड़ी धूप में आक्रोश मार्च निकाला। मार्च के दौरान महिलाओं ने विपक्षी दलों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें महिला विरोधी करार दिया। अपने संबोधन में डॉ. पूनम शर्मा ने राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, पप्पू यादव सहित अन्य विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि ये दल महिलाओं के व्यापक सशक्तिकरण के बजाय केवल परिवारवाद की राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष नहीं चाहता कि गरीब और साधारण परिवारों की महिलाएं राजनीति में आगे बढ़ें। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाया गया ह्लनारी शक्ति वंदन विधेयकह्व महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है, लेकिन विपक्षी दलों ने इसे संसद में पास नहीं होने दिया, जिससे देशभर की महिलाओं में आक्रोश है। डॉ. शर्मा ने कहा कि जब तक महिलाओं को उनका अधिकार नहीं मिल जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा और आने वाले समय में महिलाएं इसका लोकतांत्रिक जवाब देंगी। इस अवसर पर लोजपा (आर) की प्रदेश उपाध्यक्ष रीना राज, भाजपा जिला उपाध्यक्ष साबो देवी, जिला मंत्री रंजू कुमारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रूचि श्रीवास्तव, अनीता कुमारी, सुनीता देवी, पुष्पलता विद्यार्थी सहित कई महिला कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला पदाधिकारी द्वारा दंपति को बालिका दत्तक ग्रहण पूर्व पोषण हेतु अस्थायी रूप से सुपुर्द

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** रवि प्रकाश, जिला पदाधिकारी, नवादा के कर-कमलों द्वारा आज दिनांक 27 अप्रैल, 2026 को पश्चिम बंगाल के दंपति शिथुन कर्मकार एवं उनकी पत्नी अहेली मित्रा को बालिका अनुजा (नया नाम : प्रिशा कर्मकार), उम्र 07 माह, को दत्तक ग्रहण समिति, नवादा की अनुशंसा के आधार पर विधिवत दत्तक ग्रहण पूर्व पोषण हेतु अस्थायी रूप से सुपुर्द किया गया। दत्तक ग्रहण की समस्त प्रक्रिया नई दिल्ली, भारत सरकार के पोर्टल के माध्यम से दत्तक ग्रहण विनियम, 2022 तथा 2015 के प्रावधानों के अनुरूप पूर्ण की गई। दत्तक ग्रहण उपरांत दंपति ने अत्यंत हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि लगभग चार वर्षों की प्रतीक्षा के पश्चात आज उनका परिवार पूर्ण हुआ है।

इस अवसर पर रीतेश कुमार, सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, नवादा द्वारा जानकारी दी गई कि विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, नवादा से दिनांक 27 अप्रैल, 2026 तक कुल 14 बच्चों को अंतरदेशीय तथा देश के भीतर कुल 46 बच्चों को दत्तक ग्रहण के माध्यम से परिवारों को सुपुर्द किया जा चुका है। दत्तक ग्रहण हेतु पंजीकरण के संबंध में बताया गया कि इच्छुक व्यक्ति पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। दत्तक ग्रहण हेतु आवश्यक दस्तावेजों में पैन कार्ड, आधार कार्ड, विवाह प्रमाण-पत्र, चिकित्सा फिटनेस प्रमाण-पत्र, पुलिस सत्यापन प्रमाण-पत्र एवं आय प्रमाण-पत्र शामिल हैं। इच्छुक अभ्यर्थी स्वयं अथवा नजदीकी संस्थान के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। वर्तमान में विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, वीआईपी कॉलोनी, डीएवी पब्लिक स्कूल के समीप, नवादा में संचालित है। उक्त अवसर पर रीतेश कुमार, सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई नवादा, अमरेंद्र मेहता, बाल संरक्षण पदाधिकारी, आदर्श निगम, प्रबंधक, विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान एवं अन्य संबंधित कर्मीगण उपस्थित थे।

# जनसुनवाई में आमजनों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय ह्लसबका सम्मान-जीवन आसान का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी



सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश के निदेर्शानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 11 शिकायतें दर्ज कराई गईं। कार्यक्रम के दौरान कई शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जाँचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जनसुनवाई के दौरान थाना नवादा सदर अंतर्गत न्यू एरिया निवासी अमित राज द्वारा शिक्षा विभाग से संबंधित, थाना वारिसलीगंज अंतर्गत साम्बे निवासी सिद्धेश्वर यादव द्वारा जमीनी विवाद से संबंधित, थाना कौआकोल अंतर्गत चरौल निवासी जगबहादुर सिंह द्वारा जमीनी विवाद से संबंधित तथा थाना नवादा सदर अंतर्गत राजा नगर निवासी मोहम्मद आजाद कलाम द्वारा स्वास्थ्य विभाग से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें दर्ज कराई गईं। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में अपर समाहर्ता, नवादा सदर/रजौली अनुमंडल, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

# रजौली नगर पंचायत की पहल : सात स्थानों पर नि:शुल्क शीतल पेयजल सेवा शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** नगर पंचायत प्रशासन ने भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों और आम लोगों के लिए बड़ी राहत दी है। नगर पंचायत क्षेत्र में सात स्थानों पर नि:शुल्क शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है। इस सेवा की शुरूआत सोमवार से की गई है।





### कहां-कहां लगे हैं स्टॉल

नगर पंचायत पदाधिकारी आतिश कुमार ने बताया कि बढ़ते तापमान को देखते हुए सात जगहों पर शीतल पेयजल के स्टॉल लगाए गए हैं। ये स्थान हैं: बांके मोड़ अनुमंडल रोड, पोस्ट ऑफिस चौक के पास, बजरंगबली हाट चौक, ब्लॉक गेट के पास, पुरानी बस स्टैंड, बाईपास स्थित कालिका होटल के समीप और सिरदला रोड घसियाडीह। इन सभी स्टॉलों पर पूरे दिन मिनरल वाटर की आपूर्ति की जा रही है।

### ग्रामीणों और मजदूरों को मिल रही राहत

इन दिनों नगर पंचायत समेत आसपास के क्षेत्रों में तेज गर्मी पड़ रही है। साथ ही शादी ब्याह का लग्न भी जोरों पर है। ऐसे में बाजार करने आने वाले दूर दराज के ग्रामीणों, रिक्शा चालकों और मजदूर वर्ग के लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। शीतल पेयजल की व्यवस्था से इन्हें बड़ी राहत मिली है। अब लोग बाजार में खरीदारी के दौरान ठंडा और स्वच्छ पानी पीकर गर्मी से बच रहे हैं।

### जंजीर युक्त ग्लास, दिन में तीन बार बदलता है पानी

नगर पंचायत पदाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक स्टॉल पर लोगों के लिए जंजीर युक्त ग्लास लगाए गए हैं ताकि कोई ग्लास लेकर न जाए और व्यवस्था बनी रहे। इसकी देखरेख की जिम्मेदारी नगर पंचायत के प्रधान लिपिक प्रभु कुमार को दी गई है। प्रधान लिपिक ने आश्वासन दिया कि शीतल पेयजल की मॉनिटरिंग लगातार की जा रही है। लोगों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल मुहैया कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि दिन में कम से कम तीन बार मिनरल वाटर बदला जा रहा है ताकि पानी ताजा और ठंडा रहे।

### पूरे गर्मी चलेगी सेवा

नगर पंचायत पदाधिकारी ने कहा कि यह सुविधा पूरे गर्मी के मौसम तक लोगों को नि:शुल्क मिलती रहेगी। जब तक गर्मी का प्रकोप रहेगा, तब तक सभी सातों स्टॉलों पर शीतल पेयजल उपलब्ध रहेगा।

### हीट वेव से बचने की लोगों से अपील

नगर पंचायत पदाधिकारी आतिश कुमार ने हीट वेव से बचाव को लेकर आम लोगों से अपील भी की है। उन्होंने कहा कि लोग जरूरत पड़ने पर ही दिन में बाजार आएं। कोशिश करें कि सुबह और शाम के समय ही खरीदारी करें। दोपहर में तेज धूप और लू से बचें। घर से निकलते समय पानी की बोतल, गमछा या छाता जरूर रखें।

### लोगों ने सराहा कदम

नगर पंचायत की इस पहल की स्थानीय लोग सराहना कर रहे हैं। पुरानी बस स्टैंड पर पानी पी रहे मजदूर रामजी पासवान ने कहा कि दिहाड़ी पर काम करने वालों के लिए यह बहुत बड़ी राहत है। बाजार में पानी की बोतल 20 रुपये की मिलती है। बार खरीदना मुश्किल होता है। यहां फ्री में ठंडा पानी मिल रहा है। बजरंगबली हाट चौक पर रिक्शा चलाने वाले मो. शमीम ने कहा कि पूरे दिन धूप में रिक्शा चलाते हैं। गला सूख जाता है। नगर पंचायत ने बहुत अच्छा काम किया है। रजौली नगर पंचायत की यह पहल गर्मी में आम लोगों के लिए संजीवनी साबित हो रही है।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा के पक्ष में दिखा जनसमर्थन : डा. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**कोलकाता/गयाजी।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पश्चिम बंगाल में चल रहे विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों का एकतरफा रुझान भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि यह रुझान केवल चुनावी आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जनता के विश्वास, विकास की आकांक्षा और सुशासन की अपेक्षा को दर्शाता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा और सशक्त लोकतंत्र है, जहाँ जनता ही सर्वोपरि होती है और वही अंतिम निर्णय करती है। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने पिछले कुछ वर्षों में विकास, सुशासन और पारदर्शिता के क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं, जिसके कारण देशभर में पार्टी को व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ है। इसी आधार पर पश्चिम बंगाल में भी भाजपा ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। उन्होंने आगे कहा कि मैं पश्चिम बंगाल दो दिवसीय प्रवास के दौरान भवानीपुर, चौरंगी, उत्तर हावड़ा, मध्य हावड़ा इन सभी विधानसभा में जनसंपर्क किया। पश्चिम बंगाल की जनता अब परिवर्तन चाहती है और विकास की दिशा में आगे बढ़ना चाहती है। राज्य की जनता एक ऐसे शासन की अपेक्षा कर रही है, जो पारदर्शी, जवाबदेह और जनहित के प्रति समर्पित हो। उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि जनता के दिलों में विश्वास जीतना है। डॉ. प्रेम कुमार ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाएं, लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और उनके समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जीत केवल मतों से नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और सेवा भाव से प्राप्त होती है। अंत में उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है और इसी के बल पर एक सशक्त एवं विकसित नए भारत का निर्माण संभव है।

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित गया आगमन को लेकर विष्णुपद क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रस्तावित गया आगमन को लेकर विष्णुपद मंदिर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक, गया एवं नगर पुलिस अधीक्षक, गया ने अन्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ विष्णुपद मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक तैयारियों का सूक्ष्मता से जायजा लिया गया। अधिकारियों ने मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के सभी पहलुओं की गहन समीक्षा की। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त एवं प्रभावी बनाए रखने का निर्देश दिया गया, ताकि मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान श्रद्धालुओं एवं आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को विशेष रूप से मजबूत किया जा रहा है। प्रशासन का प्रयास है कि सभी आयोजन शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न हों।

## केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे से डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने की शिष्टाचार मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** भारत सरकार के कोयला एवं खनन राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे से भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. मिश्रा ने कहा कि सतीश चंद्र दुबे भारतीय जनता पार्टी के जुझारू, कर्मठ एवं समर्पित नेता हैं, जिन्होंने संगठन और राष्ट्रहित में निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने बताया कि श्री दुबे ने पश्चिम बंगाल सहित विभिन्न राज्यों में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में चुनाव प्रचार कर पार्टी संगठन को मजबूत करने का कार्य किया। उन्होंने लगातार जनसंपर्क अभियान, चुनावी सभाओं एवं कार्यकर्ता बैठकों में भाग लेकर भाजपा प्रत्याशियों की विजय सुनिश्चित करने हेतु अथक प्रयास किया। उनके नेतृत्व, अनुभव और संगठन क्षमता का लाभ पार्टी को निरंतर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम है, जिसमें सतीश चंद्र दुबे जैसे समर्पित नेताओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनना और समाधान के लिए कार्य करना ही भाजपा की पहचान है। डॉ. मिश्रा ने विश्वास व्यक्त किया कि पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों में भी भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ विजय प्राप्त करेगी और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता सहित अन्य लोग

## एक करोड़ की जल मीनार बनी शोभा की वस्तु, पेयजल आपूर्ति ठप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में करीब एक करोड़ रुपये की लागत से निर्मित जल मीनार इन दिनों अपनी उपयोगिता खो चुका है और महज शोभा की वस्तु बनकर रह गया है। बीते एक सप्ताह से क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप है, जिससे आसपास के महादलित टोला सहित हजारों लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों–अमरीका ठाकुर, राजेश कुमार, सतीश कुमार और नाहक दास ने बताया कि जल मीनार के निर्माण से उन्हें नियमित और स्वच्छ पेयजल मिलने की उम्मीद थी, लेकिन वर्तमान स्थिति इसके विपरीत है। पानी की आपूर्ति बंद होने के कारण लोगों को निजी मोटर और अन्य अस्थायी साधनों के जरिए किसी तरह पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। इससे जहां एक ओर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है, वहीं शुद्ध पेयजल के अभाव में स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी उत्पन्न हो रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस संकट का सबसे अधिक असर गरीब और वंचित वर्ग के लोगों पर पड़ रहा है। सोमवार को स्थानीय लोगों ने प्रखंड प्रशासन से अविलंब जलापूर्ति बहाल करने तथा समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि लोगों को इस भीषण जल संकट से राहत मिल सके। इस संबंध में बीडीओ बिपुल भारद्वाज ने बताया कि पीएचडी विभाग के पदाधिकारियों से बात की गई है और जल्द ही जलापूर्ति शुरू कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### नल-जल योजना का लाभ नहीं, लोग परेशान

**डोभी/गयाजी।** प्रखंड क्षेत्र के पचरतन पंचायत अंतर्गत अमारूत गांव में लाखों रुपये की नल-जल योजना महज शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। गांव में पानी के टंकी तो हैं, लेकिन अधिकांश घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। कहीं-कहीं हल्की सप्लाई जरूर हो रही है, मगर वह भी अनियमित और नाकाफी साबित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि योजना कई महीनो से ठप पड़ी है, जिससे लोगों को पेयजल के लिए पुराना स्त्रोतो से पानी भरना पड़ रहा हैं। मजबूरी में लोग चापाकल और अन्य वैकल्पिक साधनों पर निर्भर हैं। गर्मी बढ़ने के साथ ही समस्या और गंभीर होती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना हैं कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद योजना का लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा है। कई जगह पाइपलाइन बिछी है, लेकिन पानी की आपूर्ति नहीं हो रही। इससे सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीण शिव शंकर शर्मा ने बताया की ज़ब से नल जल योजना अमारूत ग्राम मे लगाया गया है तब से पानी की सप्लाई नहीं हुई है।

## शादी की बदलती परंपराएं : पालकी की जगह लग्जरी वाहनों का बढ़ता चलन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गयाजी)।** बदलते समय के साथ वैवाहिक रस्म-रिवाजों में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है, जिससे पारंपरिक परंपराएं धीरे-धीरे हाशिए पर जाती नजर आ रही हैं। एक समय था जब दूल्हे की पालकी सजती थी और बारात पारंपरिक अंदाज में निकलती थी, लेकिन अब उसकी जगह महंगे और लग्जरी वाहनों ने ले ली है। बारातों में भी मर्यादा का स्वरूप बदल गया है। जहां पहले पारंपरिक परिधान जैसे समधी की धोती और पगड़ी पहचान मानी जाती थी, वहीं अब इनका चलन कम होता जा रहा है। पंगत में बैठकर भोजन करने की परंपरा लगभग समाप्त हो चुकी है और उसकी जगह बुफ़े सिस्टम ने ले ली है। शहनाई और ढोल-नगाड़ों की मधुर ध्वनि अब डीजे, पॉप म्यूजिक और भांगड़ा के शोर में दबती जा रही है। अंग्रेजी बाजों का प्रचलन बढ़ा है, जबकि पारंपरिक संगीत पीछे छूटता जा रहा है। जयमाल की रस्म अब अधिक आकर्षक और प्रमुख बन गई है। दुल्हन के ससुराल पहुंचने से पहले ही उसे देखने की प्रवृत्ति भी बढ़ी है, जिससे 'मुँह दिखाई' जैसी परंपराएं अब औपचारिकता बनकर रह गई हैं। मांगलिक गीतों की जगह अब फिल्मी गीतों का प्रभाव बढ़ गया है। वहीं, शादी-विवाह के अवसर पर महीनों तक सगे-संबंधियों का जुटान अब कम देखने को मिलता है, जिससे रिश्तों में भी दूरी महसूस की जा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता सह चिकित्सक डॉ. अनुज कुमार ने कहा कि ह्लसमय के साथ बदलाव स्वाभाविक है, लेकिन हमें अपनी सांस्कृतिक जड़ों और परंपराओं को पूरी तरह नहीं छोड़ना चाहिए। आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है, ताकि आने वाली पीढ़ी अपनी पहचान और संस्कृति से जुड़ी रह सके।

## अपहृत किशोरी बरामद, एक आरोपित गिरफ्तार

**कोंच।** आंती थाना पुलिस ने कांड संख्या 53/24 में कार्रवाई करते हुए काबर पंचायत क्षेत्र से अपहृत 17 वर्षीय किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया है। साथ ही मामले में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने जानकारी देते हुए बताया कि 4 जून 2024 को पीड़िता के पिता द्वारा थाने में लिखित आवेदन देकर पुत्री के अपहरण की आशंका जताई गई थी। आवेदन में बताया गया था कि उनकी पुत्री घर से शौच के लिए जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिल सका था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू की और तकनीकी व मानवीय साक्ष्यों के आधार पर आरोपी युवक उमेश कुमार (पिता- हरीलाल, निवासी- मोहल्ला 74 कलाम, थाना जुड़वा, जिला बलरामपुर, उत्तर प्रदेश) को मुंबई से गिरफ्तार किया। साथ ही किशोरी को भी सकुशल बरामद कर थाना लाया गया।

## खिजरसराय में अंग्रेजी शराब का तस्कर गिरफ्तार

**खिजरसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र में सोमवार को पुलिस ने विभिन्न गांवों में सघन छापेमारी कर एक शराब तस्कर एवं दो वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, खिजरसराय बड़की बेलदारी से संजय चौहान (पिता स्व. अर्जुन चौहान) को 2.25 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वही न्यायालय से निर्गत वारंटी नरेंद्र दास (पिता स्व. राम स्वरूप मेहरा) को गंगा बिगहा भी गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा कुर्की वारंटी के मामले में जगदीशपुर निवासी अरविंद यादव (पिता स्व. बालकिशुन यादव) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपियों को विधिवत कार्रवाई के बाद माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।


**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**

अल्पकालीन निविदा संख्या– 01/भ0प्र0 औरंगाबाद/2026–27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 21.04.2026
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक 14.05.2026 को अपराहन 1:00 बजे तक.
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक 15.05.2026 को अपराहन 3:00 बजे तक.
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 15.05.2026 को अपराहन 3:30 बजे
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल, औरंगाबाद (ख) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–1 औरंगाबाद।(ग) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–2 औरंगाबाद। (घ) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय भवन अंचल गया।
7. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान क्रमांक 6 के अनुसार
8. कार्य विवरणी:–

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत महराजगंज रोड, औरंगाबाद में अवस्थित उत्पाद बैरक–सह–मालखाना में पेय जल आपूर्ति कार्य | 2,30,400/– | 4700 | 500/– | 03 माह |
| 2 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत मद्यनिषेध एवं उत्पाद थाना, दाउदनगर का अंदर एवं बाहर के दीवारों के रंग–पोताई एवं शौचालय टंकी के निर्माण कार्य | 2,86,900/– | 5800 | 750/– | 03 माह |
| | कुल | 5.173 लाख | | | |

PR. No. 001958 (BCD) 2026-27

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

अपने जीवन साथी के प्रति वफादार रहें,
किसी अनजान स्त्री/पुरूष से असुरक्षित यौन संबंध से बचें।



बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग



पशुधन द्वारा
जीवन में गुणात्मक सुधार

# पशुओं पर प्लास्टिक/पोलिथीन का दुष्प्रभाव

## पोलिथीन को पशुओं के शरीर में प्रवेश करने के स्त्रोत

- बचे हुए भोजन, फल, सब्जियों के पत्ते एवं अन्य किचिन वेस्ट को पोलिथीन के थैले में बाँधकर कूड़ेदान या सड़क के किनारे फेंक देना।
- पशुओं के द्वारा खाद्य एवं अखाद्य पदार्थों को अलग नहीं कर पाना।
- पोलिथीन का चिकना एवं स्वादरहित होना जिससे पशु आसानी से अन्य खाद्य सामग्रियों के साथ इसे भी निगल लेते है।





## पोलिथीन का पशुओं के शरीर में दुष्प्रभाव

पोलिथीन पशुओं के पेट/आँत में जाकर धीरे–धीरे जमा हो जाता है एवं कड़ा गेंद या रस्से का रूप ले लेता है। फलतः पशुओं को पाचन संबंधी समस्याएँ जैसे भूख न लगना, दस्त, गैस (अफरा) एवं पेट दर्द की समस्याएँ उत्पन्न होने लगती है। पोलिथीन पशुओं के लिए साइलेन्ट किलर (Silent Killer) के रूप में कार्य करता है।




## उपचार

अन्य बीमारियों की तरह इसका कोई दवा, सूई, गोली या चूरण आदि से उपचार नहीं किया जा सकता है। पोलिथीन एवं इसके साथ अन्य सामग्रियों को ऑपरेशन के द्वारा पेट से निकालना ही इसका एकमात्र ईलाज होता है।

## सुझाव

हमें अपने चारों तरफ पोलिथीन मुक्त समाज बनाने की आवश्यकता है। खाद्य पदार्थों, हरी सब्जी के छिलके आदि को पोलिथीन में बंद कर सड़क किनारे, रेल पटरी के किनारे या खेत–खलिहान, नदी–तालाब में या उनके किनारे नहीं फेंकना चाहिए। पोलिथीन के कैरी बैग एवं लिफाफे पर कानूनी रूप से लगाए गए प्रतिबंध का पालन किया जाना चाहिए।




PR No.- 001940 (Animal)D. 206-27

इस तरह पोलिथीन मुक्त समाज बनाकर हम अपने पशुधन के स्वास्थ्य की रक्षा कर पाएँगें एवं पशुधन विकास के साथ नए भारत का निर्माण कर पाएँगें।

पशुपालन निदेशालय
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार

@BiharDFARD

संपादकीय

## महीने भर में होने लगा बालेन सरकार से मोहभंग

सत्ता के अंतःपुर में जब आग लगी हो, तब समझदार नेता, जनता का ध्यान बंटाने के वास्ते कुछ ऐसे कारनामे कर जाते हैं कि बहस की दिशा दूसरी तरफ मुड़ जाती है। नेपाल में भी यही हुआ। जनता हैरान है कि अचानक नेपाली 100 रुपये से अधिक के भारतीय माल पर पांच से 80 प्रतिशत तक 'भंसार शुल्क' वसूलने का फितूर क्यों सवार हुआ? शासन की तरफ से तर्क दिया गया कि भारतीय सामानों की खरीदारी से हमारी अर्थव्यवस्था चौपट हो रही थी। ये खरीदार सुदूर पहाड़ के लोग नहीं थे, रोजमर्रा की जरूरतों वाले तराई के लोग थे। तराई वालों को इससे भी अधिक जोर का झटका सड़क चौड़ीकरण के नाम पर दिया गया। बीच सड़क से 25 मीटर दाएं और 25 मीटर बाएं रास्ता साफ करने का आदेश हुआ है। 48 घंटे के भीतर देखते-देखते जेबीसी मशीनों ने तराई के प्रमुख नगरों को मोहनजोदड़ो-हड़प्पा की खुदाई स्थल में बदल दिया। मुनादी हुई, जिनके घर-दुकान टूटे हैं, बालेन सरकार उन्हें उसका मुआवजा देगी। इस 100 रुपये के सामान वाले नियम को लागू करने का असर भारत-नेपाल सीमा पर स्थित 19-20 जिलों में साफ दिख रहा है। लोग कस्टम वालों से लगातार टकराव झेल रहे हैं। मधेश और दूसरे सीमावर्ती इलाकों के निवासियों के लिए, भारतीय बाजारों तक पहुंच सिर्फ सुविधा की बात नहीं है, बल्कि उनकी आर्थिक सच्चाई का अहम पहलू है। भारतीय व नेपाली बाजार के बीच कीमत का अंतर 20 से लेकर 45 प्रतिशत तक होता है। बालेन सरकार की यह नीति ऐसे समय पर आई है, जब नेपाल में महंगाई ने घरेलू बजट का संतुलन बिगाड़ डाला है। कई कम और मध्यम आय वाले परिवारों के लिए बॉर्डर पार सस्ता सामान खरीदना ही सबसे बड़ा विकल्प था। नेपाली वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि यह नियम तो वर्षों से था, इसे बहुत कम लागू किया जाता था। नई सरकार बनने के बाद 'रेवेन्यू लीकेज कंट्रोल कमेटी' की 2 अप्रैल को बैठक हुई, जिसमें तय हुआ कि इसे लागू किया जाए। तराई में भारतीय सामानों पर अंकुश और सड़क चौड़ीकरण अभियानों के लिए पुलिस की निगरानी गृह मंत्री सुदन गुरुंग कर रहे थे। लोगों को इसका अंदाजा नहीं था कि गुरुंग के इस्तीफे को लेकर सत्ता के अंतःपुर में खुकरियां तनी हुई हैं। बालेन-लामिछाने की जोड़ी ने अपने दागी मंत्री दीपक साह से तो छुटकारा पा लिया था, पर दीपक साह बागी हो गए थे। वह सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के उस समूह से जुड़ चुके थे, जो सुदन गुरुंग के तौर-तरीकों से नाखुश था। गुरुंग सत्ता के शीर्ष पर विराजे नेताओं की वह कमजोर कड़ी थे, जिसे पार्टी नेताओं ने ही दबाना शुरू कर दिया। गुरुंग के पास कई सौ करोड़ रुपये किस स्रोत से आए? इसका जवाब, जांच एजेंसियों को अभी तक नहीं मिली है। नेपाल को राजस्व की चिंता है, लेकिन इसके लिए वह भारतीय उद्योग-व्यापार को कैसे चौपट कर रहा है, ठीक से देखें, तो हैरान रह जाएंगे। ईरान युद्ध के दौर में भारत ने नेपाल को पेट्रोलियम उत्पादों (डीजल, पेट्रोल, गैस/एलपीजी और एटीएफ) की कोई कमी नहीं होने दी। लागत मूल्यों पर उसे आपूर्ति हो रही है और नेपाल ऑयल निगम बढ़े मूल्यों पर तेल-गैस बेचकर आपदा में अवसर का लाभ ले रहा है। साल 2024-25 के वित्त वर्ष में नेपाल ने कुल मिलाकर 287.65 अरब रुपये के पेट्रोलियम उत्पादों का आयात किया था। पेट्रोलियम आयात के लिए इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन को भुगतान भारतीय रुपये में किया जाता है। हम तेल यदि डॉलर में खरीदते हैं, तो उसका भुगतान भारतीय रुपये में क्यों हो? नेपाल सरकार बरसों से भारतीय उद्योग को खोखला कर रही है। मौजूदा वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में उसने 90.71 अरब रुपये का सोयाबीन तेल निर्यात किया। नेपाल के कुल निर्यात में अकेले सोयाबीन तेल की हिस्सेदारी लगभग 41 प्रतिशत रही। अब कोई पूछे, नेपाल में पाम के कितने पेड़ हैं? सच यही है कि नेपाल में पाम पेड़ होते ही नहीं। वह कच्चे पाम ऑयल का आयात मुख्यतः इंडोनेशिया और मलेशिया से करता है, फिर उसे रिफाइन करता है और भारत को निर्यात करता है। क्या भारत सरकार आंखें मूंदकर इस धंधे को चलने देगी?

# क्या हम कृत्रिम मेधा के प्रयोग से उत्पन्न संकटों के लिए तैयार हैं?

**पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी कृत्रिम मेधा की तैयारी पर प्रश्न उठना लाजिमी है। विशाल एआई मॉडल्स को प्रशिक्षित करने के लिए अत्यधिक ऊर्जा और जल संसाधनों की आवश्यकता होती है, जो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में बाधा उत्पन्न कर सकता है। एक शोध के अनुसार, एक बड़े लैंग्वेज मॉडल को प्रशिक्षित करने में उतनी कार्बन फुटप्रिंट पैदा होती है, जितनी पांच कारें अपने पूरे जीवनकाल में उत्सर्जित करती हैं। जलवायु परिवर्तन के संकट से जूझती दुनिया के लिए यह एक अतिरिक्त भार है। इसलिए, जब हम एआई के संकटों की बात करते हैं, तो हमें 'सस्टेनेबल एआई' या संवहनीय कृत्रिम मेधा की दिशा में भी ठोस कदम उठाने होंगे। क्या हमारे पास ऐसी नीतियां हैं जो इन कंपनियों को पर्यावरणीय रूप से उत्तरदायी बना सकें? वर्तमान में अधिकांश विनियमन केवल लाभ और तकनीकी श्रेष्ठता पर केंद्रित हैं, जबकि पारिस्थितिक संतुलन को हाशिए पर धकेल दिया गया है।निष्कर्षतः कृत्रिम मेधा के संकटों के लिए हमारी तैयारी अभी भी प्रारंभिक और खंडित अवस्था में है।**

**डॉ. शैलेश शुक्ला**



मानव सभ्यता के इतिहास में तकनीकी क्रांतियों ने सदैव हमारे अस्तित्व की दिशा को बदला है, किंतु वर्तमान में कृत्रिम मेधा यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का जो तीव्र विस्तार हम देख रहे हैं, वह पूर्ववर्ती सभी आविष्कारों से मौलिक रूप से भिन्न है। यह केवल एक उपकरण नहीं, बल्कि एक समानांतर बुद्धिमत्ता है जो हमारे सोचने, निर्णय लेने और सामाजिक ताने-बाने को समझने के पारंपरिक तरीकों को चुनौती दे रही है। आज जब हम इस प्रश्न पर विचार करते हैं कि क्या हम इस तकनीक से उत्पन्न संकटों के लिए तैयार हैं, तो उत्तर केवल तकनीकी प्रगति में नहीं, बल्कि हमारी नैतिक, कानूनी और सामाजिक तैयारियों में छिपा है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में जेनेरेटिव एआई के उदय ने सूचनाओं की सत्यता पर एक गहरा प्रश्नचिह्न लगा दिया है। डीपफेक तकनीक और परिष्कृत एल्गोरिदम के माध्यम से जिस प्रकार से भ्रामक सूचनाएं या मिसइन्फॉर्मेशन फैलाई जा रही हैं, उसने न केवल लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को प्रभावित किया है, बल्कि व्यक्तिगत गरिमा को भी जोखिम में डाल दिया है। अंतरराष्ट्रीय साइबर सुरक्षा रिपोर्टों के अनुसार, पिछले 2 वर्षों में एआई-जनित भ्रामक सामग्रियों में 900 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। यह स्थिति दर्शाती है कि हमारी कानूनी प्रणालियां और डिजिटल साक्षरता के मानक इस गति का मुकाबला करने में फिलहाल अक्षम सिद्ध हो रहे हैं।

आर्थिक दृष्टिकोण से देखें तो कृत्रिम मेधा का प्रभाव रोजगार के बाजारों पर अत्यंत गहरा और बहुआयामी होने वाला है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की भविष्य की नौकरियों से जुड़ी रिपोर्टों के अनुसार, एआई और ऑटोमेशन के कारण अगले दशक में करोड़ों नौकरियों के स्वरूप में आमूलचूल परिवर्तन आएगा। जहाँ एक ओर यह तकनीक उत्पादकता बढ़ाने और नए प्रकार के व्यवसायों को जन्म देने की क्षमता रखती है, वहीं दूसरी ओर यह निम्न और मध्यम कौशल वाले श्रमिकों के लिए एक बड़ा विस्थापन संकट भी पैदा कर रही है। क्या हमारी शिक्षा प्रणालियां और कौशल विकास कार्यक्रम इस गति से परिवर्तित हो रहे हैं कि वे भविष्य की कार्यशक्ति को इस नई व्यवस्था के अनुकूल बना सकें? यह प्रश्न अनुत्तरित है क्योंकि विकासशील देशों में डिजिटल विभाजन आज भी एक कठोर वास्तविकता है। जब तक हम एक समावेशी तकनीकी ढांचे का निर्माण नहीं करते, तब तक कृत्रिम मेधा केवल वैश्विक असमानता को बढ़ाने का एक माध्यम बनकर रह जाएगी। इसके अतिरिक्त, एआई मॉडल्स के भीतर मौजूद 'एल्गोरिथमिक बायस' या पक्षपात एक और बड़ा संकट है, जो ऐतिहासिक डेटा के आधार पर लिंग, जाति और राष्ट्रीयता के प्रति पूर्वाग्रहों को अनजाने में सुदृढ़ कर रहा है।

तकनीकी सुरक्षा और स्वायत्त हथियारों का मुद्दा कृत्रिम मेधा के सबसे भयावह संकटों में से एक है। 'लीथल ऑटोनॉमस वेपन्स सिस्टम्स' या स्वायत्त घातक हथियार प्रणालियों का विकास वैश्विक शांति के लिए एक नई चुनौती पेश कर रहा है। जब युद्ध के मैदान में जीवन और मृत्यु का निर्णय एक एल्गोरिदम द्वारा लिया जाने लगेगा, तो मानवीय उत्तरदायित्व और युद्ध के अंतरराष्ट्रीय कानूनों का क्या होगा? संयुक्त राष्ट्र और कई वैश्विक मानवाधिकार संगठनों ने इस पर नियंत्रण की अपील की है, लेकिन महाशक्तियों के बीच एआई की प्रतिस्पर्धा ने एक नई डिजिटल शीत युद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न कर दी है। यह तकनीकी रेस हमें एक ऐसे बिंदु पर ले जा सकती है जहाँ नियंत्रण की लगाम मानव के हाथ से निकलकर मशीनों के पास चली जाए। सुरक्षा का अर्थ केवल भौतिक हथियारों से नहीं है, बल्कि डेटा की गोपनीयता और एल्गोरिदम के माध्यम से किए जाने वाले 'बिहेवियरल मैनिपुलेशन' या व्यवहारिक हेरफेर से भी है। बड़ी तकनीकी कंपनियाँ जिस प्रकार डेटा का एकत्रीकरण कर रही हैं, वह व्यक्तिगत स्वतंत्रता और स्वायत्तता को एक संकीर्ण घेरे में बंद कर रहा है।

पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी कृत्रिम मेधा की तैयारी पर प्रश्न उठना लाजिमी है। विशाल एआई मॉडल्स को प्रशिक्षित करने के लिए अत्यधिक ऊर्जा और जल संसाधनों की आवश्यकता होती है, जो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में बाधा उत्पन्न कर सकता है। एक शोध के अनुसार, एक बड़े लैंग्वेज मॉडल को प्रशिक्षित करने में उतनी कार्बन फुटप्रिंट पैदा होती है, जितनी पांच कारें अपने पूरे जीवनकाल में उत्सर्जित करती हैं। जलवायु परिवर्तन के संकट से जूझती दुनिया के लिए यह एक अतिरिक्त भार है। इसलिए, जब हम एआई के संकटों की बात करते हैं, तो हमें 'सस्टेनेबल एआई' या संवहनीय कृत्रिम मेधा की दिशा में भी ठोस कदम उठाने होंगे। क्या हमारे पास ऐसी नीतियां हैं जो इन कंपनियों को पर्यावरणीय रूप से उत्तरदायी बना सकें? वर्तमान में अधिकांश विनियमन केवल लाभ और तकनीकी श्रेष्ठता पर केंद्रित हैं, जबकि पारिस्थितिक संतुलन को हाशिए पर धकेल दिया गया है।निष्कर्षतः कृत्रिम मेधा के संकटों के लिए हमारी तैयारी अभी भी प्रारंभिक और खंडित अवस्था में है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 'यूरोपीय संघ एआई अधिनियम' जैसे प्रयास एक सकारात्मक दिशा दिखाते हैं, लेकिन यह वैश्विक स्तर पर एक समान मानकों के बिना अपर्याप्त हैं। हमें एक ऐसे वैश्विक गठबंधन की आवश्यकता है जो न केवल तकनीक के विकास की निगरानी करे, बल्कि मानवीय मूल्यों, नैतिकता और न्याय को इसके केंद्र में रखे। तैयारी का अर्थ केवल उन्नत फायरवॉल बनाना नहीं है, बल्कि एक जागरूक समाज का निर्माण करना है जो सत्य और मिथ्या के बीच अंतर कर सके। कृत्रिम मेधा एक शक्तिशाली लहर की तरह है, जिसे रोका नहीं जा सकता, लेकिन यदि हम इसके लिए सही बांध और नहरें तैयार नहीं करते, तो यह हमारी सामाजिक व्यवस्था के तटबंधों को नष्ट कर सकती है। हमें तकनीकी प्रगति के साथ-साथ अपनी नैतिक चेतना को भी उन्नत करना होगा, क्योंकि अंततः तकनीक का उद्देश्य मानव कल्याण होना चाहिए, न कि उसका विनाश। समय कम है और चुनौतियां अपार हैं, अतः भविष्य की तैयारी के लिए हमें आज ही अपनी प्राथमिकताओं को पुनः परिभाषित करना होगा।

अध्यात्म

## बुरी स्मृतियाँ भुला ही देनी चाहिए

दो भाई थे। परस्पर बड़े ही स्नेह तथा सद्भावपूर्वक रहते थे। बड़े भाई कोई वस्तु लाते तो भाई तथा उसके परिवार के लिए भी अवश्य ही लाते, छोटा भाई भी सदा उनको आदर तथा सम्मान की दृष्टि से देखता। पर एक दिन किसी बात पर दोनों में कहा सुनी हो गई। बात बढ़ गई और छोटे भाई ने बड़े भाई के प्रति अपशब्द कह दिए। बस फिर क्या था ? दोनों के बीच दरार पड़ ही तो गई। उस दिन से ही दोनों अलग-अलग रहने लगे और कोई किसी से नहीं बोला। कई वर्ष बीत गये। मार्ग में आमने सामने भी पड़ जाते तो कतराकर दृष्टि बचा जाते, छोटे भाई की कन्या का विवाह आया। उसने सोचा बड़े अंत में बड़े ही हैं, जाकर मना लाना चाहिए। वह बड़े भाई के पास गया और पैरों में पड़कर पिछली बातों के लिए क्षमा माँगने लगा। बोला अब चलिए और विवाह कार्य संभालिए। पर बड़ा भाई न पसीजा, चलने से साफ मना कर दिया। छोटे भाई को दु:ख हुआ। अब वह इसी चिंता में रहने लगा कि कैसे भाई को मनाकर लगा जाए इधर विवाह के भी बहित ही थोडे दिन रह गये थे। संबंधी आने लगे थे। किसी ने कहा- उसका बडा भाई एक संत के पास नित्य जाता है और उनका कहना भी मानता है। छोटा भाई उन संत के पास पहुँचा और पिछली सारी बात बताते हुए अपनी त्रुटि के लिए क्षमा याचना की तथा गहरा पश्चात्ताप व्यक्त किया और प्रार्थना की कि आप किसी भी प्रकार मेरे भाई को मेरे यही आने के लिए तैयार कर दे। दूसरे दिन जब बड़ा भाई सत्संग में गया तो संत ने पूछा क्यों तुम्हारे छोटे भाई के यहाँ कन्या का विवाह है ? तुम क्या-क्या काम संभाल रहे हो ? बड़ा भाई बोला : मैं विवाह में सम्मिलित नहीं हो रहा। कुछ वर्ष पूर्व मेरे छोटे भाई ने मुझे ऐसे कड़वे वचन कहे थे, जो आज भी मेरे हृदय में काँटे की तरह खटक रहे हैं। संत जी ने कहा : जब सत्संग समाप्त हो जाए तो जरा मुझसे मिलते जाना। सत्संग समाप्त होने पर वह संत के पास पहुँचा, उन्होंने पूछा : मैंने गत रविवार को जो प्रवचन दिया था उसमें क्या बतलाया था ? बडा भाई मौन ? कहा कुछ याद नहीं पडता़ कौन सा विषय था ? संत ने कहा : अच्छी तरह याद करके बताओ। पर प्रयत्न करने पर उसे वह विषय याद न आया। संत बोले : देखो ! मेरी बताई हुई अच्छी बात तो तुम्हें आठ दिन भी याद न रहीं और छोटे भाई के कडवे बोल जो एक वर्ष पहले कहे गये थे, वे तुम्हें अभी तक हृदय में चुभ रहे है। जब तुम अच्छी बातों को याद ही नहीं रख सकते, तब उन्हें जीवन में कैसे उतारोगे और जब जीवन नहीं सुधारा तब सत्सग में आने का लाभ ही क्या रहा ? अत : कल से यहाँ मत आया करो। अब बड़े भाई की आँखें खुली। अब उसने आत्म-चिंतन किया और देखा कि मैं वास्तव में ही गलत मार्ग पर हूँ। छोटों की बुराई भूल ही जाना चाहिए। इसी में बडप्पन है। उसने संत के चरणों में सिर नवाते हुए कहा मैं समझ गया गुरुदेव ! अभी छोटे भाई के पास जाता हूँ, आज मैंने अपना गंतव्य पा लिया।

वीर सावरकर जयंती पर विशेष

# वीर सावरकर का अदम्य संघर्ष : कालापानी से पतित पावन तक



**प्रो0 तपन कुमार शांडिल्य**
पूर्व अध्यक्ष, भारतीय आर्थिक परिषद्.अर्थशास्त्री एवं पूर्व कुलपति, डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची, झारखण्ड

वीर सावरकर को याद करने का अर्थ है भारत के स्वतंत्रता संग्राम के उस अदृश्य, अलिखित और अत्यंत विकट योद्धा को याद करना, जिसका हथियार कभी बंदूक थी, कभी कलम, तो कभी जेल की सीलन भरी दीवारों पर कोयले से लिखी कविता। सावरकर केवल एक नाम नहीं; वे एक तपस्या हैं, एक ऐसा बलिदान हैं, जिसे अंग्रेजी हुकूमत ने भी दो बार 'आजीवन कारावास' की सजा देकर भी नहीं मिटाया। पचास साल की कैद - यह सुनने में जितना असंभव लगता है, उससे कहीं अधिक असंभव था उसे झेलना। और उसे झेलने के बाद भी न तो उनके विचार डगमगाए और न ही उनका संकल्प। वही सावरकर, जिसने बचपन में देखा कि उनके बड़े भाई बाबाराव अंग्रेजों के खिलाफ़ गुप्त गतिविधियाँ चला रहे हैं, बाद में चलकर अभिनव भारत जैसे क्रांतिकारी संगठन का सूत्रधार बना। उसी सावरकर की कलम ने '1857 का स्वातंर्त्य समर' जैसा अमर ग्रंथ लिखा। उसी सावरकर को अंडमान की सेल्युलर जेल में कोल्हू में बैल की तरह जोता गया, उसी सावरकर ने रत्नागिरी की नजरबंदी में दलितों को मंदिर प्रवेश दिलाया और छुआछूत के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। यह एक ऐसी विराट और कभी-कभी विवादों में घिरी छवि है, जिसे समझने के लिए हमें उनके साथ चलना होगा - चाहे वह कालापानी के उस कोल्हू में चलना हो, या रत्नागिरी के उस पतित पावन मंदिर के कच्चे रास्ते पर।

जब हम सावरकर के जीवन की गहराई में उतरते हैं, तो सबसे पहले मिलता है उनका सशस्त्र क्रांति का बीजारोपण। उन्नीस सौ चार के आसपास जब भारत में अंग्रेजों के खिलाफ ज्यादातर आवाजें याचिकाओं और प्रार्थना-सभाओं तक सीमित थीं, सावरकर ने यह कहने का साहस किया कि स्वतंत्रता माँगने से नहीं मिलती, छीनने से मिलती है। इसी सोच ने अभिनव भारत नामक गुप्त संगठन को जन्म दिया। बाद में लंदन के इंडिया हाउस में रहते हुए उन्होंने पिस्तौल, बम और कारतूसों को भारत भेजने का एक पूरा तंत्र बना दिया। यह तंत्र सैकड़ों युवाओं को शस्त्र प्रशिक्षण दे रहा था। इस बात से अंग्रेज इतना घबराए कि उन्होंने सावरकर को पकड़ने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्क बिछा दिया। पर सावरकर ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। लंदन में ही उन्होंने एक और ऐसा काम किया, जिसने इतिहास की दिशा बदल दी। उन्होंने 'द इंडियन वार ऑफ इंडिपेंडेंस 1857' नामक पुस्तक लिखी, जिसमें पहली बार अंग्रेजी इतिहासकारों के उस नैरेटिव को चुनौती दी गई, जो 1857 को केवल एक सिपाही विद्रोह मानता था। सावरकर ने साबित किया कि वह मंगल पांडे से लेकर झाँसी की रानी तक का एक सुसंगठित, व्यापक जन-संग्राम था। यह किताब जैसे ही प्रकाशित हुई, अंग्रेजों ने उस पर प्रतिबंध लगा दिया, लेकिन भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, और हजारों नामचीन-बेनाम क्रांतिकारी इस किताब को जेब में रखते थे। यह सिर्फ एक किताब नहीं थी, यह एक मशाल थी।

सावरकर के जीवन का सबसे क्रूर अध्याय अंडमान की सेल्युलर जेल में व्यतीत हुआ। 1911 से 1924 तक, लगभग ग्यारह वर्ष, उस जेल का प्रत्येक दिन एक यातना से भरा था। सावरकर को कोल्हू में जोता गया - जहाँ सामान्यतया बैल तेल निकालने के लिए घूमते हैं, वहाँ एक मानव को उसी कठोर यंत्र के नीचे पीसा गया। वह दिन में तेल निकालता था, रात में सीलन भरी कोठरी में बैठ जेल के अफसरों के लिए लेखन कार्य करता था। त्वचा छिल जाती थी, पीठ पर कोड़ों के निशान बन जाते थे, लेकिन उनकी जुबान से कभी एक भी ऐसा शब्द नहीं निकला, जो अंग्रेजों की दया भीख माँगता। बल्कि, इसी कठोरतम यातना के दौरान उन्होंने जेल की दीवारों पर कील और कोयले से कविताएँ लिखीं; 'हिंदुत्व' जैसे महत्वपूर्ण दार्शनिक ग्रंथ का प्रारूप तैयार किया; और विज्ञाननिष्ठ सामाजिक सुधार के पत्र लिखे। उनका वह कथन आज भी हमारे रोंगटे खड़े कर देता है - 'जेल की दीवारें शरीर को तो रोक सकती हैं, परंतु विचारों को नहीं।' सेल्युलर जेल में ही उन्होंने महसूस किया कि यदि भारत को बार-बार गुलाम बनना पड़ा, तो इसका एक बड़ा कारण हमारे समाज के भीतर की कमजोरियाँ हैं। इसी दौरान उनके मन में वे बीज पकने लगे, जिन्हें बाद में रत्नागिरी में नजरबंदी के दौरान प्रकट किया गया।

रत्नागिरी के नजरबंद आवास से सावरकर ने जो सामाजिक क्रांति शुरू की, वह शायद उनके शस्त्र संग्राम से भी अधिक धमाकेदार थी। 1924 से 1937 लगभग तेरह वर्ष वे एक निर्धारित क्षेत्र में बंधे रहे, पर अपनी विचारधारा को निर्वासित नहीं होने दिया। उन्होंने देखा कि हमारे घरों, मोहल्लों, मंदिरों और रसोईघरों तक में छुआछूत की दीवारें खड़ी हैं। एक हिंदू दूसरे हिंदू को छूने से डरता था। एक जाति दूसरी जाति के साथ बैठकर खाना पाप समझती थी। सावरकर ने इस यथास्थिति को तोड़ने के लिए पहले व्यक्तिगत उदाहरण रखा - उन्होंने अपने ही घर में अछूतों को भोजन कराया, उनके साथ श्राद्ध-तर्पण किया। फिर 'पतित पावन' मंदिर का निर्माण करवाया, जहाँ कोई भी व्यक्ति, चाहे वह किसी भी जाति का हो, प्रवेश कर सकता था और पूजा कर सकता था। उन्होंने 'छुआछूत मिटाओ दलदल' जैसे नारे दिए और स्पष्ट चेताया - 'यदि तुमने छुआछूत नहीं मिटाया, तो समाज मिट जाएगा।' उस दौर में जब उच्च जातियों के लोग अछूतों को पानी तक नहीं देते थे, सावरकर ने सार्वजनिक कुओं और तालाबों के खुलने का आंदोलन चलाया। यह उनकी सबसे बड़ी विरासत है - एक सामाजिक समतावादी की। अकेले इसी कार्य के लिए उन्हें भारत का प्रथम आधुनिक समाज सुधारक कहा जा सकता है।

सावरकर के दार्शनिक विचारों में सबसे शक्तिशाली तत्व है 'हिंदुत्व'। यह बहुत विवादित शब्द है, परंतु यदि हम सावरकर के मूल लेखन पर जाएँ, तो वह कहते हैं कि हिंदू वह है जो भारत को अपनी पितृभूमि और पुण्यभूमि दोनों मानता हो। यह परिभाषा किसी पूजा-पद्धति से नहीं जुड़ी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सिख, जैन, बौद्ध, लिंगायत, आर्यसमाजी, प्रार्थनासमाजी और यहाँ तक कि भारत में रहने वाले मुसलमान और ईसाई भी, यदि वे भारत को अपनी पितृभूमि के रूप में स्वीकार करते हैं, तो वे 'हिंदू' की इस राष्ट्रीय अवधारणा में आते हैं। उनका लक्ष्य एक अखंड, शक्तिशाली, सांस्कृतिक राष्ट्र बनाना था। दूसरा विचार था विज्ञान और तर्क के प्रति उनकी अटूट आस्था। उन्होंने गाय पर लिखते हुए कहा - 'गाय हमारे लिए उपयोगी पशु है, क्योंकि वह दूध देती है और खेती में काम आती है। उसकी रक्षा करना कर्तव्य है, लेकिन उसकी पूजा के नाम पर अवैज्ञानिक अंधविश्वास फैलाना ठीक नहीं है।' वे जाति-पाति, अंधविश्वास, मूर्तिपूजा के ढोंग और तांत्रिक क्रियाओं के जबरदस्त विरोधी थे। इसी कारण रूढ़िवादी हिंदू समाज के एक बड़े वर्ग ने उनका विरोध किया, लेकिन उन्होंने परवाह नहीं की। तीसरा विचार था 'सैनिकीकरण'। उन्होंने कहा कि एक कमजोर कौम आजाद नहीं रह सकती। इसलिए हर भारतीय युवा को शस्त्र विद्या सीखनी चाहिए, शारीरिक रूप से मजबूत बनना चाहिए। उन्होंने 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' के संस्थापक डॉ. हेडगेवार की भी इसी आधार पर सराहना की, हालाँकि वे स्वयं कभी संघ के सदस्य नहीं रहे।

यह स्वीकार करने में कोई हर्ज नहीं कि सावरकर का व्यक्तित्व विवादों से घिरा रहा है। एक तरफ उनके समर्थक कहते हैं कि दो बार आजीवन कारावास और काला पानी की यातना झेलने के बाद भी जब वे बाहर आए, तो उन्होंने बदले की भावना से ऊपर उठकर पूरा जीवन समाज सुधार में लगा दिया। उन्होंने 1857 को स्वतंत्रता संग्राम का दर्जा दिलाया। उन्होंने दलितों, महिलाओं और पिछड़ों के उत्थान के लिए वह काम किया, जो उस जमाने में बहुत कम लोग कर पाते थे। दूसरी तरफ आलोचक कहते हैं कि 1920 के बाद गांधी के असहयोग आंदोलन से उनके मतभेद बहुत गहरे हो गए। वह सेल्युलर जेल से लिखे 'क्षमा-पत्र' (मर्सी पिटीशन) को लेकर भी सवाल उठते हैं। सावरकर ने स्वयं इस पत्र को 'रणनीति' करार दिया - बाहर आकर फिर से संगठन बनाने और जारी रखने के लिए। आलोचक यह भी मानते हैं कि उनके हिंदुत्व के सिद्धांत को बाद में कुछ समूहों ने संकीर्ण रूप में परिवर्तित कर दिया, जो शायद सावरकर के मूल दृष्टिकोण से मेल नहीं खाता।

इन सब विवादों के बीच, एक ऐतिहासिक सत्य यह है कि गांधी, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, डॉ. अंबेडकर और वीर सावरकर - सभी के रास्ते अलग थे, लेकिन उनका लक्ष्य एक था - भारत की आज़ादी और उसके उत्थान का संकल्प। सावरकर ने शस्त्र मार्ग अपनाया, कलम मार्ग अपनाया, समाज सुधार का मार्ग अपनाया, और सबसे बड़ी बात - यातना सहने का वह मार्ग अपनाया, जिस पर चलने की कल्पना मात्र से रूह काँप जाती है। वीर सावरकर की जयंती पर यह आलेख एक ऐसी क्रांतिज्योति को नमन है, जिसने दो कालापानी देखे, एक जेल के कोल्हू को देखा, और समाज की ऊँच-नीच की विकृत दीवारों के बीच से निकलकर हमें यह सिखाया - 'मैं मरूँगा नहीं, मेरे विचार मरेंगे नहीं।'

आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
व्यापार को लेकर आप अत्यधिक प्रयासरत रहेंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों पर आप प्रसन्न रहेंगे। रुकी परियोजनाओं को पुनः प्रारम्भ कर सकते हैं।

**वृषभ**
प्रबन्धन सम्बन्धी कार्यों में परेशानी हो सकती है। लम्बी दूरी की यात्रा आपको नहीं करनी चाहिये। गलत संगति की वजह से आपकी छवि खराब हो सकती है।

**मिथुन**
व्यापार से सम्बन्धित परेशानियाँ दूर होंगी। आज कोई ऐसा कार्य कर सकते हैं, जिससे आपकी प्रशंसा हो सकती है। अपने व्यवहार में लचीलापन बनाये रखें।

**कर्क**
सामाजिक कार्यों में आप विशेष ध्यान देंगे। बड़े अधिकारियों से चर्चा हो सकती है। भावनाओं में बहकर धन खर्च न करें। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है।

**सिंह**
धार्मिक और आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। युवा अपने करियर को लेकर अत्यधिक गम्भीर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में अपना ध्यान केन्द्रित रखें।

**कन्या**
सन्तान के प्रति कुछ चिन्तायुक्त हो सकते हैं। आज कोई भी नया काम शुरू न करें। ब्लडप्रेशर और शुगर के रोगियों को तनाव लेने से बचना चाहिये।

**तुला**
दिन की शुरुआत काफी अच्छी रहेगी। नौकरीपेशा लोगों को इच्छित पदोन्नति मिल सकती है। जीवनसाथी के प्रति प्रेम का भाव बढ़ेगा।

**वृश्चिक**
उच्च अधिकारी आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। प्रेमीजन के साथ घूमने के लिये जा सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है।

**धनु**
व्यापार को लेकर बड़े समझौते आज न करें। छात्रों को परीक्षा परिणाम में बड़ी सफलता मिलेगी। किसी नये विषय को लेकर चर्चा कर सकते हैं। बच्चे पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**मकर**
सरकारी कार्यों में समस्या हो सकती है। अपनी जीवनशैली सादगीपूर्ण रखें। अनावश्यक बहसबाजी से आपको बचना चाहिये। घर पर आप काफी बोरियत महसूस करेंगे।

**कुंभ**
मित्रों और शुभचिन्तकों के चहेते बने रहेंगे। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की रूपरेखा बना सकते हैं। मनोरञ्जन का भरपूर आनन्द लेंगे।

**मीन**
जिससे लोग आपसे अत्यन्त आकर्षित रहेंगे। कारोबार में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। आज किसी से धन को लेकर वादा न करें।

# स्वास्थ्य केन्द्रों में ठंडे पानी को लेकर मशीन उपलब्ध कराने का डीएम ने दिया निर्देश

## जिलाधिकारी ने की आपदा प्रबंधन की गहन समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले में बढ़ती गर्मी एवं संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा सभी अस्पतालों में पेयजल की समुचित व्यवस्था की समीक्षा की गई। सिविल सर्जन ने अवगत कराया कि सभी अस्पतालों में पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध है। किन्तु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ठंडे पानी हेतु कूलर उपलब्ध नहीं हैं। इस पर जिला पदाधिकारी ने नगर आयुक्त एवं नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों में शीतल पेयजल हेतु कूलर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बखरी के कार्यपालक पदाधिकारी ने जानकारी दी कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बखरी के निकट वाटर एटीएम के माध्यम से ठंडे पानी की व्यवस्था की गई है। सिविल सर्जन को ओआरएस, रेबीज इंजेक्शन एवं एंटी-वेनम की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु विशेष चिकित्सकीय दल के गठन का निर्देश भी दिया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सभी विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में स्वच्छ पेयजल एवं आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें तथा आवश्यकतानुसार सिविल सर्जन से समन्वय स्थापित करें। जिले में मोबाइल वेटरनरी वैन के माध्यम से पशुओं का उपचार उनके स्थान पर ही किया जा रहा है जिसकी नियमित निगरानी की जा रही है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि 525 चापाकलों की मरम्मत कर दी गई है। तथा शेष खराब चापाकलों को माह के अंत तक ठीक कर लिया जाएगा। बाढ़ प्रभावित जिला होने के कारण बाढ़ की तैयारी की भी समीक्षा की गई। सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने बताया कि जिले के पंचायत स्तर पर 217 वर्षामापक यंत्र स्थापित हैं तथा 18 प्रखंडों में ये क्रियाशील हैं। बैठक में नगर आयुक्त सोमेश बहादुर माथुर, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति को लेकर जिला प्रशासन प्रतिबद्ध : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में सोमवार को जिला प्रशासन द्वारा आपूर्ति व्यवस्था एवं जिले में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा 'थिंक गैस' एजेंसी को एमडीपीई पाइपलाइन विस्तार कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, एजेंसी को अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को नए कनेक्शन उपलब्ध कराने हेतु भी निर्देशित किया गया। एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 3000 कनेक्शनों के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 300 नए कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं। शेष 2700 कनेक्शनों को आगामी 15 दिनों के भीतर क्रियाशील करने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने बताया कि नगर निगम, बेगूसराय के विशेष प्रयासों से व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराने हेतु कैंप आयोजित कर आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं, जिससे व्यावसायिक उपभोक्ताओं को स्वच्छ एवं सुगम ईंधन उपलब्ध हो सके।जिला नियंत्रण कक्ष की कार्यप्रणाली की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि अब तक कुल 765 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें से 741 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। शेष शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु उन्हें संबंधित गैस एजेंसी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर प्रेषित किया जा रहा है। एलपीजी आपूर्ति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि दिनांक 26 अप्रैल 2026 को जिले में 10,802 सिलेंडरों की बुकिंग दर्ज की गई, जिसके विरुद्ध 10,259 सिलेंडरों की सफलतापूर्वक डिलीवरी की गई। वर्तमान में जिले में औसत दैनिक बुकिंग 4,230 तथा औसत डिलीवरी 4,467 दर्ज की गई है।

## अतिक्रमण हटाने के बाद फुटपाथ खोदने से भड़का आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शाहपुर (भोजपुर)।** एक त बबुआ अपने गोर, दूसरे लेले कमरी ओढ़। यह भोजपुरी कहावत इन दिनों शाहपुर नगर पंचायत की कार्यशैली पर सटीक बैठ रही है। एक ओर जहां नगर पंचायत ने एनएच-84 के किनारे फुटपाथों से अतिक्रमण हटाकर राहगीरों को राहत देने की पहल की, वहीं दूसरी ओर उसी फुटपाथ को खुदवाकर लोगों की परेशानी बढ़ा दी। दो दिन पूर्व चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत पीएनबी बैंक के समीप फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराया गया था। लेकिन इसके तुरंत बाद ही नगर पंचायत द्वारा जेसीबी के माध्यम से वहां की मिट्टी हटाकर गड्ढा खोद दिया गया। यह इलाका पहले से ही अत्यंत व्यस्त रहता है। ऐसे में फुटपाथ खोदे जाने से लोगों को पैदल चलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों में इसको लेकर भारी नाराजगी देखी जा रही है। खांटी एग्रो के निदेशक उमेश चंद्र पांडे और बबली पांडे ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जिस संस्था की जिम्मेदारी रास्ता बनाने और सुविधा देने की है, वही रास्ता खोदकर लोगों की मुश्किलें बढ़ा रही है। उन्होंने इसे लापरवाही करार दिया। स्थिति यह है कि जिन घरों के सामने फुटपाथ खोदा गया था। वहां के लोगों ने खुद ही मिट्टी डालकर गड्ढे को भर दिया। ताकि आवागमन सामान्य हो सके। इससे नगर पंचायत की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। इस संबंध में नगर पंचायत के स्वच्छता पदाधिकारी मंजीत अरोरा ने बताया कि जिस स्थान पर खुदाई की गई है, उसके नीचे नाला है, जिसकी सफाई (उड़ाही) कराई जानी है। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना पूर्व सूचना और वैकल्पिक व्यवस्था के इस तरह की कार्रवाई से जनता को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है।

## सड़क किनारे से हटाई गई अवैध दुकानें



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोइलवर (भोजपुर)।** नगर पंचायत क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ एक बार फिर सख्त कार्रवाई शुरू की गई है। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर सोमवार, 27 अप्रैल से सड़कों के किनारे फैले अवैध अतिक्रमण को हटाने का अभियान चलाया गया। इससे पहले दिसंबर 2025 में भी अभियान चलाया गया था, लेकिन समय के साथ पुनः अतिक्रमण हो गया था। सोमवार को नगर पंचायत प्रशासन ने कपिल देव चौक से ब्लॉक मोड़ तक बुलडोजर चलाकर सड़क किनारे लगी अवैध दुकानें, गुमटियां और टीन शेड हटाए। कई अस्थायी ढांचे तोड़े गए और सामानों को ट्रैक्टर पर लादकर जब्त किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी सह दंडाधिकारी साहब याहिया ने बताया कि अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित होता है और अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है। उन्होंने कहा कि अभियान आगे भी जारी रहेगा और अतिक्रमण किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभियान के दौरान भीड़ जुटी रही, जबकि सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोईलवर थाना पुलिस दलबल के साथ तैनात रही। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

## डीआइजी ने तीन आइओ से मांगा स्पष्टीकरण, एक को किया गया पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** पुलिस उप-महानिरीक्षक बेगूसराय क्षेत्र द्वारा सोमवार को कार्यालय में खगड़िया सदर 1 एसडीपीओ के अंतर्गत सभी थाना क्षेत्र के हत्या सम्बंधित कांडों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में कांडों से संबंधित सभी अनुसंधानकर्ता एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 1 खगड़िया भी उपस्थित रहे। पुलिस उप-महानिरीक्षक द्वारा संबंधित कांडों के त्वरित निष्पादन करने हेतु संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया। समीक्षा के क्रम में खगड़िया थाना के पुलिस और निरीक्षक राहुल कुमार के विरुद्ध खगड़िया थाना कांड संख्या 15423 कांड में लापरवाही भारत ने के आरोप में विभागीय कार्यवाही के विरुद्ध स्पष्टीकरण की मांग की गई। इसी तरह मानसी थाना कांड संख्या 275/24 मे अनुसंधान में लापरवाही बरतने के आरोप में तत्कालीन अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक अक्कू कुमार के विरुद्ध भी विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिया गया। मुफस्सिल थाना कांड संख्या 7/26 की अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक संगीता कुमारी को नगद 1500 का पुरस्कार दिया गया।जबकि मुफस्सिल थाना कांड संख्या 2/26 की अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक संगीता कुमारी को एक सुसेवांक दिया गया।

## पीएनबी, आरा मंडल द्वारा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** पंजाब नैशनल बैंक, आरा मंडल द्वारा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बैंक के ग्राहकों, गणमान्य व्यक्तियों एवं अधिकारियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल प्रमुख उत्पल कुमार द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंडल प्रमुख ने अपने संबोधन में पंजाब नैशनल बैंक की विभिन्न एमएसएमई योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा उद्यमियों को बैंक की सेवाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि बैंक ऋण सुविधा, कार्यशील पूंजी, डिजिटल बैंकिंग एवं सरकारी योजनाओं से जोड़ने के माध्यम से उद्यमियों को सशक्त बना रहा है। कार्यक्रम के दौरान मार्केटिंग टीम द्वारा एमएसएमई योजनाओं के बारे में बताया गया, जिससे उपस्थित प्रतिभागियों को योजनाओं की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम के दौरान चयनित ग्राहकों को विभिन्न एमएसएमई ऋणों के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही, ग्राहकों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं एवं सुझावों को भी जाना गया। पंजाब नैशनल बैंक, आरा मंडल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम बैंक और ग्राहकों के बीच संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। कार्यक्रम में उप मंडल प्रमुख सुनील कुमार सिन्हा, मुख्य प्रबंधक करण कुमार, एआरएमबी प्रमुख संतोष कुमार भगत, पीएलपी प्रमुख अमित कुमार उपस्थित रहें। अंत में, सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पेयजल संकट

**नावकोठी।** प्रखण्ड क्षेत्र में भीषण गर्मी के बीच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होने से मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर के मुख्य द्वार पर लगा आरओ सिस्टम लंबे समय से खराब पड़ा हुआ है। कभी-कभार पानी निकलता भी है तो वह पीने योग्य नहीं है। ऐसे में दूर-दराज से इलाज कराने आए मरीजों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। पूरे कैंपस में एक भी कार्यशील चापाकल उपलब्ध नहीं है। परिसर में मौजूद एकमात्र चापाकल का हैंडल से छड़ विच्छेदित पड़ा है, जिससे वह पूरी तरह बेकार पड़ा है। यह चापाकल केवल दिखावे की वस्तु बनकर रह गया है। मुखिया राष्ट्रपति कुमार का आरोप है कि इस गंभीर समस्या के बावजूद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। अस्पताल प्रबंधन की इस उदासीनता से मरीजों और कर्मियों में नाराजगी है। स्थानीय मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने बताया कि इस संबंध में 23 अप्रैल गुरुवार के दिन सिविल सर्जन, बेगूसराय से दूरभाष पर बात हुई है। उन्होंने बताया कि हम इस संबंध में वहां के चिकित्सा प्रभारी से बात करते हैं। जिला परिषद प्रतिनिधि राजेंद्र शर्मा ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नावकोठी में मरीजों के पीने के पानी का समुचित व्यवस्था करना प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी का उत्तरदायित्व बनता है।

## मोटर पंप चोर गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के डफरपुर पंचायत के वृंदावन वार्ड संख्या 1 के ग्रामीणों ने मोटर पंप चोर को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। थानाध्यक्ष मो फिरदौस ने बताया कि रजाकपुर पंचायत के चक्का के रामाशीष साह के पुत्र गौतम कुमार को मोटर पंप चोरी के आरोप में पकड़कर ग्रामीणों ने पुलिस को सुपूर्द किया है। वृंदावन के हरिनारायण सिंह का पुत्र ललन कुमार ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर खेत में लगे मोटर पंप की चोरी करने के आरोप लगाकर गौतम कुमार, अमर कुमार, कृष्ण कुमार तथा अन्य तीन पर प्राथमिकी दर्ज कराई। गौतम से पूछताछ के क्रम में उसने चोरी करने की बात स्वीकार करते हुए इनके अतिरिक्त अन्य किसानों में वृंदावन के ही भैरव सिंह के पुत्र राजेश कुमार तथा अरविंद सिंह के पुत्र मनीष कुमार के खेत में लगे मोटर पंप चोरी करने की बात भी स्वीकार किया। उसके बयान के आधार पर बखरी थाने के पैकैत चौर से तीन मोटर पंप बरामद कर जप्त किया गया। इस कांड में संलिप्त नामजद को गिरफ्तार करने के लिए छापामारी जारी है। हिरासत में लिये गए नामजद को विधिवत आगे की कार्रवाई हेतु न्यायालय भेज दिया गया है। मोटर पंप बरामद होने से किसानों ने चैन की सांस ली। इस बरामदगी में एस आई मिथिलेश कुमार, बिपिन कुमार ओझा तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के 11 कॉलेजों की एनएसएस मद की राशि युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय ने ली वापस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के 11 कॉलेजों की एनएसएस मद की राशि युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार ने वापस ले ली है।

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत आयोजित होने वाले सात दिवसीय आवासीय शिविर और अन्य मद में मिली राशि का समुचित उपयोग नहीं करने के कारण ऐसा हुआ है। गत वित्तीय वर्ष में राशि का समुचित उपयोग नहीं करने के कारण ऐसा कदम। उठाया गया है। पहली दफा ऐसा हुआ कि सरकार ने राशि वापस ले ली हैं। राशि लौटने के बाद वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अंगीभूत और संबद्ध डिग्री कॉलेजों में कार्यरत एनएसएस इकाई की उदासीनता सामने आई है। मालूम हो कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 12 कॉलेजों में कार्यरत एनएसएस इकाई को प्रति इकाई 71 हजार रुपए आवंटित हुआ था।यह राशि 31 मार्च तक खर्च की जानी थी लेकिन एक मात्र कॉलेज जगजीवन कॉलेज को छोड़कर किसी कॉलेज की एनएसएस इकाई ने उक्त वित्तीय वर्ष में राशि का समुचित उपयोग नहीं किया जिसके कारण राशि लौट गई। बता दें कि मात्र एक ही कॉलेज द्वारा एनएसएस आवासीय शिविर का आयोजन किया जा सका, जबकि अन्य कॉलेजों ने इसमें कोई खास रुचि नहीं दिखाई ।मालूम हो कि रोहतास महिला कॉलेज सासाराम,डीके कॉलेज डुमरांव, श्री शंकर कॉलेज सासाराम, एसएन कॉलेज शहमल खैरा देव, महिला कॉलेज डालमियानगर, एमएम महिला कॉलेज आरा, महाराजा कॉलेज आरा, बीएसएस कॉलेज बचरी पीरो, एसपी जैन कॉलेज सासाराम, श्री त्रिदंडी देव राजकीय डिग्री कॉलेज शाहपुर और एमवी कॉलेज बक्सर के एनएसएस इकाई की राशि वापस ली गई हैं। बता दें कि एनएसएस के सात दिवसीय आवासीय शिविर के लिए इन कॉलेजों को 35 हजार और 36 हजार रोजमर्रा के एनएसएस कार्य के लिए कुल 71 हजार राशि उपलब्ध कराई गई थी।

## अतिक्रमण के विरुद्ध सघन अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**आरा।** जिलाधिकारी भोजपुर, तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार आरा सदर अंचल अंतर्गत धमार बाजार क्षेत्र के अलावा बिहिया पंचायत में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व आरा सदर के अंचलाधिकारी तथा नगर पंचायत बिहिया के कार्यपालक पदाधिकारी ने अपने अपने क्षेत्र में किया जिसमें संबंधित विभागों की टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अभियान के दौरान सड़क किनारे एवं सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया, जिससे आवागमन को सुगम बनाने में सहायता मिली। अधिकारियों ने स्थानीय दुकानदारों एवं आम नागरिकों को सख्त निर्देश दिया कि वे दोबारा अतिक्रमण न करें, अन्यथा नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के लिए आगे भी इस तरह के अभियान निरंतर चलाए जाते रहेंगे, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र देवपुरा में बंध्याकरण शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

नावकोठी। प्रखंड के अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र देवपुरा में सोमवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 6 महिलाओं का सफलतापूर्वक बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। शिविर में चिकित्सकों की टीम ने पूरी सावधानी एवं सुरक्षा मानकों के साथ ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किया। ऑपरेशन का नेतृत्व डॉ. शोभा रानी ने किया, जबकि फिजिशियन डॉ. हिमांशु कुमार ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

स्वास्थ्य कर्मियों में जीएनएम रवि कुमार, एएनएम सुमन रानी, कपूर चंद्र, सदानंद, फार्मासिस्ट नवीन कुमार एवं मनीष कुमार, आशा कार्यकर्ता रेनू, किरण, मुन्नी, अंजू आदि मौजूद रहे। परिवार नियोजन को लेकर जागरूकता बढ़ाने और




सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने की दिशा में यह शिविर महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

### स्वास्थ्य उपकेंद्र में जांच शिविर आयोजित

**नावकोठी।** स्वास्थ्य उपकेन्द्र पहसारा पश्चिमी में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन सोमवार को किया। इसका उद्घाटन मुखिया निभा देवी, स्वास्थ्य प्रबंधक आनंद ईश्वर, सीएचओ राजा कुमार, प्रियदर्शनी कुमारी आदि ने? संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। श्री ईश्वर ने बताया कि स्वास्थ्य आपके द्वार के तहत शिविर का आयोजन कर लोगों को स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने की योजना है। इसमें 62 व्यक्तियों का टीबी स्क्रीनिंग कर टीबी मरीजों की खोज की गई। 7 गर्भवतियों का प्रसव पूर्व जांच कर आवश्यक दवा तथा सलाह दी गई। 42 व्यक्तियों का डायबिटीज जांच, 22 व्यक्तियों का हेमोग्लोबीन जांच, 37 व्यक्तियों का खखार? संग्रह किया गया। इस तरह से कुल 170 व्यक्तियों का स्वास्थ्य शिविर में जांच किया गया। जांच में कंफर्म रोगियों को आवश्यक दवा तथा सलाह दी गई। मौके पर एएनएम लक्ष्मी कुमारी, आशा फ़ेसिलेटर संगीता कुमारी, आशा डेजी, रिंकू, वसंती कुमारी, क्रांति, वंदना आदि मौजूद थी।

### प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी का हर्ट अटैक से निधन

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के लिए एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शिवाजी नगर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमित कुमार का हृदयाघात हार्ट अटैक से निधन हो गया। बताया जा रहा है कि उन्होंने पटना स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली डॉ. अमित कुमार के असामयिक निधन की खबर मिलते ही स्वास्थ्य विभाग सहित पूरे शिवाजी नगर प्रखंड में शोक की लहर दौड़ गई। उनके सहयोगी डॉक्टरों, स्वास्थ्यकर्मियों और स्थानीय लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। सभी ने उन्हें एक समर्पित, कर्मठ और मिलनसार चिकित्सक के रूप में याद किया जानकारी के अनुसार, डॉ. अमित कुमार लंबे समय से शिवाजी नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अपनी सेवा दे रहे थे और अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## डीएम ने जनगणना और बढ़ते गर्मी को लेकर की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में जनगणना एवं प्रचंड गर्मी को लेकर आज जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं परगणक के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्देश दिया गया कि सभी प्रगणक को 20-20 स्व गणना फॉर्म भरवाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने बैठक में लू एवं भीषण गर्मी से संबंधित समीक्षा के क्रम में कहा कि अगर लू वाला सिचुएशन होता है तो ट्रांसपोर्ट को रोक दें। जहां पानी की कमी होती है, सुखाड़ का एरिया है। वहां के प्रखंड विकास पदाधिकारी तुरंत रिपोर्ट करेंगे। पानी पीने की व्यवस्था वहां करना है। आवश्यक स्थलों पर चापाकल को लगवाने का निर्देश दिया गया। नल जल योजना की वेरीफाई अभी से ही कर लेने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि चापाकल बनाने वाले मिस्त्री को अभी से ही सम्पर्क स्थापित कर रखें। विकास मित्र, आंगनबाड़ी सेविका छोटे बच्चों को पीने का पानी की व्यवस्था करेंगे। आपदा मित्र को भी तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। पीएचईडी विभाग के एईआरओ को प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देश में कार्य करने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया।

### शराब के साथ स्कूटी बरामद

**वीरपुर।** थाना क्षेत्र के मलहडीह नटबाबा स्थान के पास से 14 लीटर देशी शराब के साथ एक स्कूटी को वीरपुर पुलिस ने रविवार को बरामद किया है। जानकारी देते हुए वीरपुर थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि गस्ती के दौरान थाना के अन्य पदाधिकारी गौरी शंकर राय को गुप्त सूचना मिली थी।

### एमएलसी उपचुनाव में छह अभ्यर्थी मैदान में

**भोजपुर।** एमएलसी उपचुनाव में अंतिम रूप से छह उम्मीदवार मैदान में हैं। आज नाम वापस लेने की अंतिम तिथि थी। किसी उम्मीदवार ने नामांकन वापस नहीं लिया है। 12 मई को भोजपुर और बक्सर के कुल पच्चीस मतदान केन्द्रों पर कुल 2832 पुरुष तथा 3252 महिला यानी 6084 मतदाता हैं।

**Name Change**

I hitherto known as Anant Kumar Thakur s/o Gurudev Thakur Vill- Kaitha, Post- Kaitha, PS- Shambhuganj, Distt. - Banka, Bihar PIN- 813211 have changed my name and I shall hereafter be known as Jaydev Thakur.

## संक्षिप्त समाचार

### फरार अभियुक्त के घर कुर्की-जब्ती

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ट्रायल नंबर 1796/25 एवं केस संख्या 421/22 में लंबे समय से फरार चल रहे अभियुक्त के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई तेज कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, न्यायालय द्वारा पहले धारा 82 के तहत उद्घोषणा जारी की गई थी। इसके बावजूद अभियुक्त के आत्मसमर्पण नहीं करने पर धारा 83 के तहत कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया शुरू की गई। इसी क्रम में सोमवार को नगर के नागा रोड, वार्ड संख्या 23 स्थित रमेश रौनियर (पिता अशोक साह) के आवास पर प्रशासन द्वारा कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल की मौजूदगी में संपत्ति को जब्त कर विधिसम्मत प्रक्रिया पूरी की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि फरार अभियुक्तों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



### भारत की पहली डिजिटल जनगणना सबों की भागीदारी से होगी सफल : बीडीओ

**जनगणना 2027 को लेकर बीडीओ ने किया समीक्षा बैठक।**

जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जनगणना 2027 को सफल बनाने को लेकर मध्य विद्यालय बड़ी आशिकपुर में सुपरवाइजर के साथ समीक्षा बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभात रंजन के किया। बैठक में लगभग 30 सुपरवाइजर उपस्थित हुए और उनकी क्या तैयारी जनगणना को लेकर किया गया है इसको लेकर बीडीओ समीक्षा किया। बीडीओ ने हाँ, जनगणना 2026-2027 के तहत प्रगणक और पर्यवेक्षक सुपरवाइजर घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे। मुख्य रूप से डोर-टू-डोर सर्वे आगामी 1 मई से 30 मई तक जनगणना की टीम घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेगी। जिसमें इसी इसी जंगल में अलग-अलग मकानों की सूचीकरण और मकानों की गणना की जाएगी।प्रगणक आपसे आपके मकान का प्रकार, परिवार के सदस्यों की संख्या,मुखिया का नाम, बिजली,पानी,शौचालय की सुविधा और मोबाइल नंबर जैसी जानकारी लेंगे। इसलिए पहली बार हो रहे डिजिटल जनगणना में को सफल बनाने को लेकर सभी की भागीदारी सुनिश्चित करना होगा। बैठक मे फील्ड ट्रेनर मसूद आलम, मानस कुमार प्रसाद, मोहम्मद सरहद अहमद, ज्योति विनायक सर्वर सहित कई मौजूद थे।



### तीन वारंटी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया जारी

**बनकटवा( पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सभी अभियुक्तों के खिलाफ अनुमंडल पदाधिकारी, सिकरहना के न्यायालय से वारंट जारी किया गया था।गिरफ्तार किए गए वारंटियों में थाना क्षेत्र के बिजबनी गांव निवासी उपेन्द्र राय, जोलगंवा गांव के पुनीत महतो तथा राजाराम महतो शामिल हैं। तीनों को पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार किया।थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी वारंटियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर सख्ती का संदेश गया है।



**थाना अध्यक्ष हुए वारंटियों पर सख्त :** जितना थाना क्षेत्र में फरार वारंटियों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए अभियान तेज कर दिया है। थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के तहत विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर कई वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।थाना अध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम लगातार ऐसे लोगों की पहचान कर रही है और उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।इस अभियान के तहत पुलिस ने रात के समय भी गश्त बढ़ा दी है, जिससे अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई का स्वागत किया है और इसे कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।थाना अध्यक्ष ने आम जनता से भी अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है।


### आयुक्त की अध्यक्षता में शिक्षकों के साक्षात्कार का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मॉडल विद्यालय के शिक्षक चयन हेतु उप विकास आयुक्त, पूर्वी चम्पारण की अध्यक्षता में शिक्षकों के साक्षात्कार का आयोजन डायट, छतौनी, मोतिहारी में संचालित किया जा रहा है। संचालित साक्षात्कार के पर्यवेक्षण जिलाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी द्वारा 27.04.2026 को किया गया। जिलाधिकारी द्वारा साक्षात्कार में शामिल शिक्षकों से संवाद किया गया। साक्षात्कार को सफलतापूर्वक संचालन करने के लिए सभी संबंधित को निदेशित किया गया। वहीं दिनांक 26.04.2026 को वर्ग 09-10 के शिक्षकों का साक्षात्कार किया गया। जिसमें 65 शिक्षक साक्षात्कार में उपस्थित हुए है। 27.04.2026 से वर्ग 11-12 के लिए शिक्षकों का साक्षात्कार प्रारंभ है। साक्षात्कार में जिला शिक्षा पदाधिकारी, कुमारी निधि, वरीय उप समाहर्त्ता, प्राचार्य, डायट, छतौनी, प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय, मोतिहारी एवं श्री अखिल वैभव जिला कार्यक्रम पदाधिकारी योजना एवं लेखा, पूर्वी चम्पारण उपस्थित थे।



### नीट परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकार के विशेष सचिव, गृह विभाग ( विशेष शाखा ), बिहार पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में नीट परीक्षा के लिए जिला में बनाए गए परीक्षा केंद्रों के केंद्राधीक्षकों के साथ बैठक कर बताया



गया कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी )-2026 का आयोजन आगामी 03 मई को होगा। पूर्वी चंपारण जिला में इस परीक्षा को संपन्न कराने के लिए कुल 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जहां पर 6203 परीक्षार्थी भाग लेंगे। परीक्षा 2:00 बजे अपराह्न से 5:00 बजे अपराह्न तक एक पाली में आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी के द्वारा इस महत्वपूर्ण परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ वातावरण में संपन्न कराने को लेकर केंद्राधीक्षकों को निर्देश दिया गया सभी परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी एवं जैमर की व्यवस्था समय से सुनिश्चित करा लें। परीक्षा केंद्रों के सभी कक्ष में घड़ी की व्यवस्था रखेंगे और समय का मिलान कर लेंगे। सभी परीक्षा केंद्र पर बिजली की समुचित व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था एवं साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। इसको लेकर सदर अनुमंडल पदाधिकारी को भी निर्देश दिया गया कि स्वयं से परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर देख लेंगे और इसे सुनिश्चित कराएंगे। जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि परीक्षा के दिन शहर में जाम की समस्या नहीं रहे, इसे यातायात पुलिस के साथ समन्वय बना कर सुनिश्चित कराएंगे। बैठक में जिलाधिकारी के साथ सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्री निशांत सिहारा, जिला परिवहन पदाधिकारी निवेदिता कुमारी,वरीय उप समाहर्ता श्री अमरेश कुमार सहित सभी परीक्षा केंद्रों के केंद्र अधीक्षक उपस्थित थे।

# रक्सौल नगर परिषद की बैठक में हंगामा, पार्षदों का वॉकआउट



**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद की साधारण बोर्ड बैठक सोमवार को भारी हंगामे की भेंट चढ़ गई। कार्यवाहक सभापति पुष्पा देवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उस समय विवाद गहरा गया, जब कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. मनीष कुमार निर्धारित समय से देरी से पहुंचे। पार्षदों ने इसे सदन की गरिमा के खिलाफ बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई। बैठक के दौरान योजनाओं के चयन में भेदभाव के आरोप भी सामने आए। कई पार्षदों ने आरोप लगाया कि कुछ चुनिंदा वार्डों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे अन्य वार्डों की अनदेखी हो रही है। इस मुद्दे पर सदन में तीखी नोकझोंक हुई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। विवाद का प्रमुख कारण सशक्त स्थायी समिति की बैठक पिछले नौ महीनों से नहीं बुलाया जाना भी रहा। पार्षदों का कहना था कि महत्वपूर्ण निर्णय समिति को दरकिनार कर लिए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 22 अप्रैल को प्रस्तावित समिति बैठक को अंतिम समय में स्थगित कर दिया गया, जिससे असंतोष और बढ़ गया। इसी आक्रोश के बीच डिंपल चौरसिया, अंतिमा देवी और घनश्याम प्रसाद समेत कई पार्षदों ने सामूहिक रूप से बहिष्कार करते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया। पार्षदों ने लिखित रूप से बहिष्कार पत्र सौंपते हुए इसे कार्यवाही पुस्तिका में दर्ज करने की मांग भी की। बाद में नाराज पार्षदों का प्रतिनिधिमंडल अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) के कार्यालय पहुंचा और अपनी शिकायत दर्ज कराई। मुख्य पार्षद के आगामी चुनाव से पहले हुए इस घटनाक्रम ने स्थानीय राजनीति को गरमा दिया है और नगर परिषद में नए समीकरण बनने के संकेत दिए हैं।

## निशांत कुमार बिहार के भविष्य और जदयू की नई उम्मीद : मुनीलाल



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार की राजनीति में एक नया चेहरा लगातार सुर्खियों में है और वह निशांत कुमार है। पिछले दिनों पटना के पार्टी कार्यालय मे प्रखंड एवं जिला अध्यक्ष के साथ पार्टी की हुई बैठक के दौरान जमालपुर प्रखंड अध्यक्ष मुनीलाल मंडल ने निशांत कुमार का स्वागत गुलदस्ता भेंट कर किया। इस दौरान श्रीमंडल ने निशांत कुमार के बारे में बताया कि बिहार का भविष्य और जदयू की नई उम्मीद है निशांत जो पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए संकल्पित है। जनता दल यूनाइटेड को आगे बढ़ाने को लेकर निशांत ने जो संकल्प लेकर पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए जनता के बीच पहुंचने का संकल्प लिए हैं उसे पार्टी के नेता कार्यकताओं में उत्साह एवं उमंग देखी जा रही है। श्रीमंडल ने आगे कहा आगामी 3 मई से पूरे बिहार की यात्रा पर निकल रहे निशांत का साथ पंचायत से लेकर प्रखंड एवं जिला की टीम इनका समर्थन करते हुए कदमताल करने को तैयार है। जिसकी शुरूआत पूर्वी चंपारण से जहां महात्मा गांधी ने सत्याग्रह की शुरूआत किए थे वहां की धरती को निशांत नमन करते हुए बिहार यात्रा पर निकलेंगे।

## शोधकर्ता डॉ. बुद्धि प्रकाश जैन द्वारा 'प्रोटियोस्टेसिस और कैंसर' विषय पर एक महत्वपूर्ण पुस्तक का प्रकाशन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग के विद्वान शिक्षक एवं शोधकर्ता डॉ. बुद्धि प्रकाश जैन द्वारा 'प्रोटियोस्टेसिस और कैंसर' विषय पर एक महत्वपूर्ण पुस्तक का प्रकाशन विश्वविख्यात शैक्षणिक प्रकाशन संस्था ए'रीप्री१ (अमेरिका) द्वारा किया गया है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं शोध उत्कृष्टता को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने वाली है। डॉ. जैन, जो कैंसर तथा रोग जीवविज्ञान के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्यरत हैं, ने इस पुस्तक में प्रोटीन समस्थिति के जटिल तंत्रों तथा कैंसर के विकास और उपचार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का विस्तृत एवं गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया है। पुस्तक में यह स्पष्ट किया गया है कि कोशिका के भीतर प्रोटीन के संतुलन को बनाए रखने वाले तंत्र किस प्रकार संपूर्ण जीव के स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य होते हैं तथा इन तंत्रों में असंतुलन गंभीर रोगों, विशेषतः कैंसर, का कारण बन सकता है।यह पुस्तक बहुविषयी दृष्टिकोण पर आधारित है, जिसमें जैव रसायन, कैंसर जीवविज्ञान तथा चिकित्सीय विज्ञान के महत्वपूर्ण आयामों को



समाहित किया गया है। इस प्रकार यह कृति विषय के गहन अध्ययन और समझ के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होती है। यह पुस्तक विशेष रूप से कैंसर जीवविज्ञान के क्षेत्र में अध्ययनरत विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ ग्रंथ के रूप में उपयोगी होगी। डॉ. जैन की यह उपलब्धि न केवल उनके उत्कृष्ट शोध कार्य का प्रमाण है, बल्कि विश्वविद्यालय के सुदृढ़ शोध वातावरण को भी दशार्ती है। विश्वविद्यालय परिवार ने डॉ. बुद्धि प्रकाश जैन को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## स्नातक पंचम सेमेस्टर की परीक्षा दूसरे दिन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में स्नातक (सी.बी.सी.एस) पंचम सेमेस्टर, सत्र 2023-27 की परीक्षा दिनांक 24 अप्रैल 2026 से प्रारंभ है । मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी को एस.आर. ए.पी कॉलेज, चकिया, मोतिहारी डिग्री इवनिंग कॉलेज, मोतिहारी, के.एस.आर.एन. डिग्री कॉलेज, मठिया और एस.एन.एस. आर. एन. एस. डिग्री कॉलेज, केसरिया के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। 27/04/ 2026 को परीक्षा के दूसरे दिन मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में मेजर ग्रुप - सी के अंतर्गत हिंदी, मनोविज्ञान, भौतिकी, गणित और समाजशास्त्र विषयों की परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें कुल ८८८ परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में मेजर ग्रुप - डी के अंतर्गत जूलॉजी, इतिहास और संगीत विषयों की परीक्षा हुई, जिसमें 700 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा कदाचार मुक्त, अनुशासित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा की शुचिता एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सभी प्रबंध किए गए थे।

## वर्तमान भाग-दौड़ की जिन्दगी में तनाव प्रबन्धन जरूरी : डॉ स्मृति

**जमालपुर (मुंगेर) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जगजीवन राम श्रमिक महाविद्यालय जमालपुर में एनएसएस के प्रधान में चल रहे सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन मानसिक तनाव प्रबंधन और स्वास्थ्य' विषय पर सत्य प्रस्तुत किए गए।केएसएस महाविद्यालय लक्खीसराय की मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ स्मृति कुमारी के द्वारा आकड्मिक सत्र प्रस्तुत किया गया तथा तनाव-मुक्त जीवन व्यतीत करने के लिए विभिन्न तकनीकों के बारे में बताया गया। व्याख्यान के दौरान डॉ स्मृति के द्वारा कई प्रकार के अभ्यास कराये गए और स्वयंसेवकों के समक्ष कुछ महत्वपूर्ण प्रश्नों को रखते हुए यह जांचने का प्रयत्न किया गया कि वे कितने तनाव में हैं या पूरी तरह तनावमुक्त हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ) देवराज सुमन के द्वारा रिसोर्स पर्सन डॉ स्मृति का परिचय कराया गया। स्वागत-गान से स्वयंसेवकों ने डॉ स्मृति का स्वागत व अभिनन्दन किया। व्याख्यान के क्रम में डॉ स्मृति ने मानसिक तनाव, तनाव का कारण, गुड स्ट्रेस, बेड स्ट्रेस एवं तनाव -नियंत्रण के विभिन्न उपायों



पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मनुष्य मानहानि, अनावश्यक धन-व्यय, लम्बी व्याधि, डांट-फटकार, आनेवाली परीक्षा, साक्षात्कार, नये रिश्ते, गर्भावस्था , शिशु के जन्म के उपरांत लालन-पालन की चिंता, कार्यस्थल पर काम का बोझ, परीक्षा-परिणाम इत्यादि को लेकर अक्सर तनाव में आ जाते हैं। यदि उन्हें तनाव को नियंत्रित करने की समुचित जानकारी हो तो वे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदयाघात और अन्य गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं। समयानुसार खान-पान, व्यायाम और परिवारजनों- दोस्तों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीताना, समस्याओं से लड़ने का योजनाबद्ध तरीकों के सहारे हम तनाव-मुक्त जीवन जी सकते हैं। मूल्यांकन के उपरांत चारों ग्रुप से बेहतर प्रदर्शन करनेवाले स्वयंसेवकों में आस्था को प्रथम, साक्षी को द्वितीय को अभय को तृतीय और राजन को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। उन्होंने व्यवस्थित कार्यक्रम -आयोजन के लिए पी.ओ. डॉ राजेश कुमार सिंह सहित परामर्श समिति के सदस्यों को साधुवाद प्रदान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आस्था, अपर्णा, साक्षी, अंशराज, पियुषी, वैष्णवी तथा आकांक्षा आदि ने अपनी -अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को रोमांचित किया।चौथे दिन के कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवक काफी उत्साहित दिखे। महाविद्यालय के शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मियों का सहयोग भी मिलता रहा।डॉ सभीहा नसरीन के धन्यवाद -ज्ञापन के बाद भोजनावकाश हुआ।

## छात्र संगठन के सभी पदाधिकारियों को प्राचार्य ने पद एवं कर्तव्य की दिलाई शपथ

**सेंट माइकल्स हाई स्कूल छात्र संगठन अलंकरण समारोह सत्र संपन्न**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सेंट माइकल्स हाई स्कूल, जमालपुर के सभागार में सत्र 2026झ27 के लिए छात्र संगठन का भव्य अलंकरण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।कार्यक्रम का शुभारंभ चयनित परिषद् सदस्यों के ढोल की थाप पर प्रभावशाली प्रवेश से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को उत्साह एवं अनुशासन से भर दिया। परिषद् समन्वयक शिक्षक जॉयदेव ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया, जबकि परिषद् समन्वयक शिक्षिका प्रियंका ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की।विद्यालय के कोयर दल द्वारा प्रार्थनात्मक भजन प्रस्तुत किया गया।जिसके उपरांत सर्वशक्तिमान ईश्वर से आशीर्वाद की कामना करते हुए प्रार्थना की गई। इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य चंदन माइकल ने छात्र संगठन के सभी पदाधिकारियों को पद एवं कर्तव्य की शपथ दिलाई। इस अवसर पर हेड बॉय प्रियांशु, हेड गर्ल सोनाक्षी सिंह, नेहरू हाउस कैप्टन आदित्य अजीत एवं उप-कप्तान वेद कश्यप, टैगोर हाउस कैप्टन पल्लवी रानी एवं उप-कप्तान बिराज, बापू हाउस कैप्टन माधुरी एवं उप-कप्तान सौर्य सिंह,



शास्त्री हाउस कैप्टन खालिद हसन एवं उप-कप्तान आराध्या भारती, काउंसिल सेक्रेटरी अभिनव मिलिंद, प्रिफेक्ट मुकुंद, स्पोर्ट्स कैप्टन आकाश कुमार, स्कूल बैंड कैप्टन आयुषी भारती, ग्रीन क्लब हेड अनुश्का सरस्वती, लिटरेरी क्लब हेड एन.डी. अफजल, कल्चरल क्लब हेड राशि भारती तथा हेल्थ क्लब हेड अनिमेष कुमार ने अपने दायित्वों के प्रति निष्ठा एवं समर्पण की शपथ ली।उप-प्राचार्या श्रीमती रश्मि राज ने सभी पदाधिकारियों को बैज एवं सैश प्रदान कर उन्हें औपचारिक रूप से उनके उत्तरदायित्व सौंपे। परिषद् सदस्यों द्वारा सामूहिक प्रार्थना एवं विद्यालय प्रतिज्ञा का उच्चारण किया गया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उप-प्राचार्या श्रीमती रश्मि राज ने विद्यार्थियों को अनुशासन, नेतृत्व एवं सेवा-भाव की भावना के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। हेड बॉय प्रियांशु ने अपने संक्षिप्त संबोधन में सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन एंकर श्रीमती प्रियंका के धन्यवाद ज्ञापन, विद्यालय गीत एवं प्रेरणादायी संगीत के बीच छात्र संगठन के सदस्यों के अपने-अपने ध्वज के साथ गरिमापूर्ण प्रस्थान के साथ हुआ।

## यात्रियों के सुरक्षा को लेकर आरपीएफ ने प्लेटफार्म पर चलाया जागरूकता अभियान

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आरपीएफ पोस्ट के इंचार्ज राजीव में के नेतृत्व में अधिकारियों और कर्मियों ने यात्रियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम जमालपुर स्टेशन में आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षित यात्रा और रेलवे संपत्ति की सुरक्षा को लेकर यात्रियों में जागरूकता बढ़ाना था। आरपीएफ इंस्पेक्टर राजीव नयन ने यात्रियों को बताया कि चलती ट्रेन में चढ़ना या उतरना अत्यंत खतरनाक होता है, इसलिए ऐसा करने से बचें. फुटबोर्ड पर खड़े होकर यात्रा करना स्वयं और दूसरों दोनों के लिए जोखिमपूर्ण है। यात्रियों को यह भी सलाह दी गयी कि किसी अज्ञात व्यक्ति से खाद्य या पेय पदार्थ न लें, क्योंकि इससे खतरा हो सकता है।आरपीएफ ने लोगों से अपील की कि वे पत्थरबाजी जैसी असामाजिक गतिविधियों से दूर रहें और ऐसी कोई भी घटना होने पर तुरंत रेलवे प्रशासन को सूचित करें। यात्रियों को रेलवे सुरक्षा



हेल्पलाइन नंबर 139 की जानकारी दी गयी और बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में इस नंबर पर तुरंत संपर्क करें।कार्यक्रम के माध्यम से आरपीएफ ने यात्रियों से सहयोग की अपील की ताकि सभी के लिए सुरक्षित, सहज और जिम्मेदार रेल यात्रा सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा इंस्पेक्टर ने प्लेटफॉर्म, रिजर्व लॉज, वेटिंग रूम बैठे यात्रियों से पूछताछ करते हुए बिना टिकट के रेल परिसर में प्रवेश करने वाले लोगों पर जुर्माना भी किया।

## फोटोग्राफी के क्षेत्र में मीडिया के विद्यार्थियों के लिए अपार संभावनाएं : डॉ. अंजनी कुमार झा

**कार्यशाला में विशेषज्ञों ने फोटोग्राफी की तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं की दी जानकारी**

**मोतीहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग द्वारा जिला स्कूल स्थित चाणक्य परिसर में एक दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के संरक्षक कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव थे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पत्रकारिता के छात्रों को डिजिटल फोटोग्राफी और दृश्य कथा वाचन की तकनीकी बारीकियों से रूबरू कराना था। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार झा ने की, जबकि डॉ. मयंक भारद्वाज ने कार्यक्रम समन्वयक की भूमिका निभाई। कार्यशाला में कैनन के बिक्री सहयोग अधिकारी सोहेल अख्तर और विनीत पंकज बतौर विषय विशेषज्ञ मौजूद रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार झा ने छात्राओं की बढ़ती सक्रियता और उनकी उपलब्धियों की विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने रेखांकित किया कि वर्तमान समय में बेटियां हर क्षेत्र में अधिक सजग और सक्रिय हैं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं से लेकर सिविल सेवा तक के परिणाम इसका प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये छात्राएं हर मोर्चे पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और आने वाले समय में भी वे किसी को निराश नहीं करेंगी। कार्यशाला के तकनीकी सत्र की शुरूआत विनीत पंकज के एक बेहद संवादात्मक सत्र से हुई। उन्होंने स्मार्टफोन और पेशेवर कैमरे के बीच का तकनीकी अंतर स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि फोन में पिक्सल भले ही अधिक हों, लेकिन उसका सेंसर आकार छोटा होता है जिसका सीधा असर चित्र की गुणवत्ता पर दिखता है, जब कि कैमरे में काम करने का काफी लचीलापन होता है। विनीत जी ने छात्रों को लेंस की आंतरिक कार्यप्रणाली और एक्सपोजर त्रिकोण के तत्वों को विस्तार से समझाया और इसका सजीव प्रदर्शन किया। फोटोग्राफी में संयोजन के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने प्रकृति की समरूपता और प्रतिबिंब के बेहतरीन उदाहरण दिए जो तस्वीर को आकर्षक बनाते हैं। उन्होंने बताया कि फोटोग्राफी मुख्य रूप से नजरिए का खेल है, आप जितना बेहतर देख सकते हैं, उतना ही बेहतर कैद कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न प्रकार के कैमरों, कैनन के किफायती मॉडल, सूक्ष्म फोटोग्राफी और कैनन आर - पंद्रह के रंग फिल्टर जैसे रोचक फीचर की भी जानकारी दी। इसके पश्चात सोहेल अख्तर ने फोटोग्राफी में रोशनी की अहमियत और उसकी तकनीकों पर गहराई से चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे रोशनी का सही इस्तेमाल मुख्य विषय को पृष्ठभूमि से अलग करने और





उस पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है। सोहेल जी ने लाइट पेंटिंग का एक शानदार सजीव प्रदर्शन किया, जिसमें छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए उन्होंने फोटोग्राफी के व्यावसायिक पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि फोटोग्राफी सिर्फ शादी-ब्याह तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक अंतहीन जुनून है। विवाह समारोहों के अलावा फैशन, स्ट्रीट और वन्यजीव जैसे कई क्षेत्र हैं, जहाँ महारत हासिल करने के लिए रोशनी और लेंस की गहरी समझ जरूरी है। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि विवाह समारोहों की फोटोग्राफी में महिला फोटोग्राफरों की भारी कमी है, जो कि छात्राओं के लिए एक बेहतरीन अवसर साबित हो सकता है। सफलता की कुंजी निरंतर अभ्यास और अनुसंधान एवं विकास है। यह क्षेत्र बिल्कुल गणित की तरह है, अभ्यास छोड़ने पर आप चीजें भूल सकते हैं। विशेषज्ञों ने छात्रों को सलाह दी कि वे अपनी रुचि के अनुसार सही उपकरण चुनें और छोटे स्तर से शुरूआत करके इस रचनात्मक क्षेत्र में अपना शानदार मुकाम हासिल करें। कार्यक्रम के अंतिम चरण में परिसर के भीतर एक आउटडोर फोटोग्राफी व्यावहारिक सत्र का भी आयोजन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन



नबिटा संवाददाता

*दाउदनगर (औरंगाबाद)। पशुपालन विभाग द्वारा मनार के मिसिर बिगहा गांव में सोमवार को पशु बांझपन निवारण को लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. श्यामकिशोर सिंह ने किया। भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी दाउदनगर डॉ. अखिलेश सिंह, संसा के डॉ. रवि शंकर कुमार ने शिविर में पशुओं का इलाज किया। दोनों विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बांझपन से ग्रसित गायों व भैंसों की गहन स्वास्थ्य जांच की और पशुपालकों को उचित परामर्श के साथ निःशुल्क दवाइयां वितरित की। डॉक्टरों ने बताया कि पोषक तत्वों की कमी और वैज्ञानिक जानकारी के अभाव में पशु समय पर गर्भधारण नहीं कर पाते, जिससे पशुपालकों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ती है। इस शिविर से क्षेत्र के कुल 39 पशुपालक सीधे तौर पर जुड़े, जिनके माध्यम से कुल 138 पशुओं को लाभान्वित किया गया। लाभ लेने वाले मुख्य पशुपालकों में गोल्डन कुमार, चंद्रावती देवी, पूजा देवी, सरस्वती देवी, हरिमोहन सिंह, धनंजय चौधरी समेत कई ग्रामीण शामिल थे।*

### देवकुंड व हसपुरा में ग्रामीणों को किया जागरूक

*दाउदनगर (औरंगाबाद)। अनुमंडल अग्निशमालय अंतर्गत देवकुंड थाना के कर्मियों द्वारा विभिन्न गांवों में मॉक ड्रील कर लोगों को आग लगने की स्थिति में बचाव के लिए जागरूक किया।*

*हसपुरा के फतेहपुर पंचायत टाल वार्ड 16 में स्थित एक गैस एजेंसी, हैबसपुर पंचायत के अहियापुर वार्ड 06 में, हसपुरा के वार्ड 15 में उर्मिला गैस ऐजेंसी के सीएसपी, नरसन पंचायत के डुमरा वार्ड 01 स्थित शिव मंदिर के पास उपस्थित लोगों के साथ मॉकड्रिल किया गया। इसके माध्यम से लोगो को अग्नि सुरक्षा की जानकारी दी गई। पंपलेट का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर अग्निक चालक राजेश कुमार, अग्निक रुचि कुमारी व आनंद मोहन सिंह शामिल रहे।*

### गो रक्षा को लेकर भाजपा नेताओं ने लिखा पत्र




*दाउदनगर (औरंगाबाद)। गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत सोमवार को गो सम्मान दिवस के शुभ अवसर पर भाजपा जिला प्रवक्ता अश्विनी कुमार तिवारी के नेतृत्व में गौ सेवक शेखर आजाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष शमशेर नगर संजय शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश पांडेय, मुन्ना तिवारी रत्नाकर चंद्रवंशी एवं अन्य ने एलआरडीसी को पत्र दिया। यह पत्र राष्ट्रपति, राज्यपाल बिहार व मुख्यमंत्री के नाम लिखा गया है। इसमें राज्य में संपूर्ण देशी गोवंश की विधिवत सेवा करने, पूर्ण सुरक्षा देने व राजमाता घोषित करने की मांग की गई है। श्री तिवारी ने बताया कि ज्ञान, तप और लोकतंत्र की जननी है बिहार।*

### नबीनगर में पुनपुन नदी का अस्तित्व खतरे में

***औरंगाबाद**। नबीनगर में पुनपुन नदी की अविरल धारा थम गई है। नदी में पहले सालों भर पानी रहता था अब स्थिति यह है कि गर्मी के दिनों में सुख जाती है। संरक्षण के अभाव में नदी दम तोड़ रही है। अपने उदगम स्थल से टंडवा होते नबीनगर शहर पहुंचते पुनपुन नदी नाला का रूप ले सकती है। बता दें बिहार झारखंड की सीमा पर स्थित कुंड के पास पुनपुन नदी का उदगम निकली है। पुनपुन के अतिक्रमण से इसके अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। एक ओर नदी के दोनों ओर किनारों का अतिक्रमण है तो दूसरे ओर नदी किनारे बसे गांव व घरों का गंदा पानी नदी में बह रहा है जिसमें नदी प्रदूषित हो रही है। नबीनगर में पुनपुन नदी में निजी अस्पताल एवं होटलों का कचरा खुलेआम बहाया जा रहा है। अतिक्रमण के वजह से नदी नाले का रूप ले चुकी है। इधर नदी में झाड़िया उग आई है और बहाव पूरी तरह से बाधित हो गया है। नदी में कहीं-कहीं पानी दिखता है। अधिकांश जगहों पर नदी सुखी है। पुनपुन नदी नबीनगर नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्ड होते शिवराजपुर , सोनपुरा, भवानोखांप, न्यू एरिया, बूढ़ी बांध, रामपुर परसिया गांव से गुजरती हुई पटना के समीप गंगा में मिलती है। वहीं पुनपुन की सफाई नहीं होने से नदी में हमेशा कचरा भरा रहता है। नदी की सफाई के प्रति कोई ध्यान नहीं है।*

### रीतलाल यादव को हाईकोर्ट का झटका

*पटना। पटना हाई कोर्ट ने पूर्व विधायक रीतलाल यादव के जेल स्थानांतरण को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि किसी आदेश को सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त है, तो मात्र इस आधार पर उसे अवैध नहीं ठहराया जा सकता कि उस पर हस्ताक्षर अधीनस्थ अधिकारी के हैं।*

*मामला 30 अक्टूबर 2025 के उस आदेश से जुड़ा था, जिसे सहायक महानिरीक्षक (कारा एवं सुधार सेवाएं), बिहार द्वारा जारी किया गया था।*

*इस आदेश के तहत पहले पारित 30 अप्रैल 2025 के ट्रांसफर आदेश की अवधि छह माह के लिए बढ़ाई गई थी, जिसके तहत रीतलाल यादव को बेऊर केंद्रीय कारा, पटना से भागलपुर विशेष केंद्रीय कारा (तृतीय खंड) स्थानांतरित किया गया था।*

*याचिकाकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता राजीव कुमार वर्मा ने दलील दी कि बिहार जेल मैनुअल, 2012 के नियम 781(7) तथा कैदी अधिनियम, 1900 की धारा 29(3) के तहत इस प्रकार का आदेश जारी करने का अधिकार केवल महानिरीक्षक (आईजी) को है।*

*ऐसे में एआईजी द्वारा जारी आदेश अधिकार क्षेत्र से बाहर है और इसे रद किया जाना चाहिए। हाई कोर्ट ने तथ्यों का परीक्षण करते हुए पाया कि संबंधित आदेश को महानिरीक्षक (कारा) की स्वीकृति प्राप्त थी और एआइजी ने केवल उसे संप्रेषित किया था।*

*साथ ही, न्यायालय ने यह भी माना कि प्रशासन ने विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा के मद्देनजर यह निर्णय लिया था और इसमें किसी प्रकार की मनमानी या अधिकारों का दुरुपयोग परिलक्षित नहीं होता। इन तथ्यों के आधार पर पटना हाई कोर्ट ने याचिका को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया।*

# औरंगाबाद में अब तक की जा चुकी है 5080 पांडुलिपियों की पहचान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। आज मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिला पदाधिकारियों के साथ भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना, हीट वेव प्रबंधन, एलपीजी/पीएनजी गैस आपूर्ति तथा पांडुलिपि खोज से संबंधित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, जिला आपदा प्रभारी अंतरा कुमारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, जिला पशुपालन पदाधिकारी श्यामा किशोर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वप्रथम स्व-गणना की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान

### मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक



मुख्य सचिव द्वारा औरंगाबाद जिला के कार्यों की सराहना की गई तथा निर्देश दिया गया कि जनगणना के दौरान मानचित्र (मैप) का वरीय पदाधिकारियों के माध्यम से स्थलीय सत्यापन कराया जाए तथा इसकी सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

हीट वेव की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि बिहार के दक्षिण-मध्य एवं दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्रों, विशेषकर औरंगाबाद एवं गया जिलों में अप्रैल एवं मई माह के दौरान अत्यधिक तापमान रहने की संभावना है, जबकि मई एवं जून माह में तापमान सामान्य से अधिक रह सकता है। इस संदर्भ में मुख्य सचिव द्वारा आपदा प्रबंधन विभाग के मानक संचालन प्रक्रिया का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी स्थानों पर पेयजल की समुचित उपलब्धता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के नियंत्रण कक्ष का सतत संचालन, शिकायत प्राप्त होने पर नल-जल एवं चापाकल की त्वरित मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रमुख बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर वाटर टैंक एवं वाटर एटीएम की पर्याप्त व्यवस्था करने पर भी बल दिया गया।

स्वास्थ्य व्यवस्था की समीक्षा के दौरान संभावित गर्मीजनित बीमारियों एवं चमकी बुखार से निपटने हेतु सभी अस्पतालों में समुचित तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। विशेष रूप से पर्याप्त संख्या में बेड की उपलब्धता, ओआरएस, आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं तथा अन्य चिकित्सा संसाधनों की उपलब्धता बनाए रखने को कहा गया।

एलपीजी/पीएनजी गैस आपूर्ति की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि औरंगाबाद जिला में 1683 पीएनजी कनेक्शन के माध्यम से घरेलू उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराई जा रही है तथा प्रतिदिन औसतन 6927 एलपीजी सिलेंडरों का रिफिल किया जा रहा है। इस पर मुख्य सचिव महोदय द्वारा गैस आपूर्ति की दैनिक निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक के अंत में पांडुलिपि खोज अभियान की भी समीक्षा की गई। औरंगाबाद में अब तक 5080 पांडुलिपि की पहचान की जा चुकी है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि जिले में उपलब्ध प्राचीन एवं अप्रकाशित पांडुलिपियों की पहचान कर उन्हें संरक्षित एवं सूचीबद्ध किया जाए, ताकि सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में जिला प्रशासन द्वारा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

## ओबरा विधायक ने डीएम को लिखा पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

दाउदनगर (औरंगाबाद)। ओबरा विधानसभा के विधायक डॉ प्रकाश चंद्र ने औरंगाबाद जिला पदाधिकारी को एक पत्र लिखा है। इसमें विधायक ने कहा है कि बालू लदे ट्रकों द्वारा बहुत ही हल्के किस्म का जालीदार प्लास्टिक कवर (जो बालू को गिरने से नहीं रोक सकता) का प्रयोग किया जा रहा है।

इससे सड़क किनारे फैले बालू से बाइक के फिसलने से लोग असमय काल के ग्रास बनकर मृत्यु/घायल हो रहे हैं।

ऐसे में मेरा सुझाव है कि जिला खनन विभाग/जिला परिवहन विभाग को यह निर्देश दें कि बिना अच्छे तिरपाल वाली गाड़ियों को फाइन करें तथा बालू घाट संवेदकों को भी निर्देश दे कि बिना समुचित तिरपाल के ट्रैकों को लोड न दें।

## महिला कॉलेज में खेल मैदान नहीं होने से छात्राओं को परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। शिक्षा के साथ खेल का होना काफी जरूरी है। खेल से न केवल शारीरिक विकास होता है बल्कि यह व्यक्तित्व के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है परंतु औरंगाबाद की छात्राएं के लिए यह अवसर सीमित होते जा रही है। शहर के किशोरी सिन्हा महिला कॉलेज में खेल मैदान की अनुपस्थिति ने छात्राओं की प्रतिभा को कुंठित कर दिया है। बता दें कि महाविद्यालय में करीब 3000 छात्राओं का नामांकन है लेकिन खेल के लिए आवश्यक सेवाएं का अभाव है। मैदान के बिना छात्राएं अपनी क्षमता का पूरा प्रदर्शन नहीं का पा रही है। जिले में आधी आबादी को उच्च शिक्षा के लिए केवल एक महिला महाविद्यालय उपलब्ध है। बुनियादी खेल सुविधाओं का अभाव छात्राओं के सर्वागिंण विकास में बाधा उत्पन्न कर रहा है। यहां खेल गतिविधियां कबी और खो-खो तक सीमित रह गई है। छात्राओं का कहना है कि यदि उन्हें बेहतर खेल मैदान और संसाधन मिले तो वे राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती है। कई छात्राएं खेल में रुचि रखती है परंतु अभ्यास के लिए अभ्यास के लिए उचित स्थान न मिलने के कारण उनका उत्साह धीरे-धीरे कम होते जा रहा है। इतना होने के बावजूद भी खेल मैदान का निर्माण नहीं कराया गया है।

## एक ही घर में मिले 29 जहरीले सांप, ग्रामीणों में मचा हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। मदनपुर प्रखंड के बाबू गरडी गांव में बीते रात्रि उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक पुराने जर्जर मकान से अचानक एक-एक कर कुल 29 जहरीले सांप निकल आए। इस अजीब और डरावनी घटना ने पूरे गांव में दहशत में का माहौल बन गया है। बताया जाता है कि घर के लोग रोज की तरह अपने काम में लगे हुए थे। तभी अचानक फर्श और दीवार की दरारों से सांप निकलने लगे। पहले एक-दो सांप देख कर लोग घबरा गए। जब जैसे-जैसे संख्या बढ़ती गई। परिवार के होश उड़ गए। देखते ही देखते घर के भीतर और आसपास 29 सांपों का जमावड़ा हो गया। घटना की खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। लोगों में डर और कौतूहल दोनों का माहौल बना रहा। कई लोग इस घटना को चमत्कार से जोड़ कर देखने लगे तो कुछ ने पुराने और जर्जर मकान को इसकी वजह बताया। परिजनों ने किसी तरह हिम्मत जुटाकर स्थानीय लोगों की मदद से



सभी सापों को बाहर निकलवाया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। घर वालों में अब भी भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि पुराने और टूटे-फूटे मकानों में इस तरह की घटनाएं होने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने प्रशासन से ऐसे मकानों की जांच और सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की डरावनी घटनाओं से बचा जा सके। फिलहाल, बाबू गरडी गांव में इस अनोखी घटना की चर्चा हर जुबान पर है।

## प्राथमिक विद्यालय उच्छाहल बिगहा की हालत जर्जर, अनहोनी की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। सरकारी विद्यालयों में संसाधन का अभाव है। अधिकांश विद्यालय भवन जर्जर अवस्था में है। जिससे कोई देखने वाला नहीं है। यह तो यह है कि जर्जर होने के कारण बच्चे विद्यालय आने से डरते हैं। भवन का छत कब गिर जाए कहा नहीं जा सकता। बता दें कि हसपुरा प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय उच्छावल बिगहा के दो कमरे में चलता है। कमरे की छत इतनी जर्जर है कि कब गिर जाए कहा नहीं जा सकता।

वैसे बाहर से विद्यालय देखने में चकाचक लगता है। अंदर जाने पर पता चलता है कि छत कई जगह गिर चुकी है। कई जगहों पर दरार है। प्रधानाध्यापक के अनुसार दो कमरे में विद्यालय चलता है जिसमें एक कमरा आंगनबाड़ी केंद्र का है। एक कमरे में कार्यालय के साथ वर्ग एक से लेकर पांच तक के बच्चे पढ़ाई करते हैं।

बच्चे बरामदा में बैठकर शिक्षा ग्रहण करते हैं। वर्षा के दिनों में छत से पानी टपकता है। बच्चे कहां बैठेंगे उन्हें जगह नहीं मिलती है। विद्यालय के भवन की स्थिति की जानकारी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दी गई है परंतु अबतक भवन के मामले में काई आदेश प्राप्त नहीं है। छत गिरने का डर शिक्षक एवं बच्चों दोनों को है। खुले छत के नीचे मध्याह्न भोजना बनाना मुश्किल होता है। विद्यालय में शौचालय व बिजली तो है परंतु पेयजल की समस्या गंभीर है। पानी पीने बच्चे अपने घर चले जाते हैं। विद्यालय की चारदीवारी जर्जर है। छत जर्जर होने के कारण अभिभावक अपने बच्चों को इस विषलय में नहीं भेजना चाहते हैं। प्रधानाध्यापक के अनुसार विद्यालय में पर्याप्त कमरे का निर्माण कराने की जरूरत है। एक कमरे में विद्यालय चलता है वह भी जर्जर है। भवन कभी भी गिर सकता है। चापाकल न होने से बच्चें के साथ शिक्षकों को परेशानी होती है।

## पीठ की ओर ब्लैक बोर्ड पर बच्चों को पढ़ाते हैं शिक्षक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

औरंगाबाद। जिले में एक ऐसा भी स्कूल नहीं है जहां बच्चों के पीठ की ओर ब्लैक बोर्ड पर शिक्षक पढ़ाते हैं। छात्रों की तुलना में तीन गुना अधिक छात्राएं नामांकित हैं परंतु अलग-अलग शौचालय नहीं हैं। बालिकाओं के लिए बारुण में स्थापित कन्या मध्य विद्यालय में खेल का उपकरण खरीदा गया परंतु मैदान नहीं है। इस विद्यालय में आठवीं तक पढ़ाई के लिए कुल छह कमरे हैं। स्टोर रूम में कार्यालय चलता है। पांच कमरे और बरामदे में वैकल्पिक व्यवस्था में पढ़ाई होती है। कन्या मध्य विद्यालय में 56 छात्र और 152 छात्राएं नामांकित हैं। जन सुविधा के नाम पर एक मात्र शौचालय है। यहां के बच्चों में खेल की रुचि दबकर रह जाती है। मैदान के अभाव में खेल सामग्री कमरे में बंद कर रखी गई है। जिस तरह छात्र-छात्राएं पढ़ाई करते वहीं मध्याह्न भोजन भी करते हैं। 208 छात्र-छात्राओं की संख्या वाले स्कूल के बरामदे में जब छात्र-छात्राएं पढ़ने के लिए बैठते हैं जब ब्लैक बोर्ड और शिक्षक उनके पीठ की ओर होते हैं।

## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर**। मदनपुर प्रखंड वार पंचायत के ग्रण्डा में पंचमुखी नव निर्मित शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा व अति प्राचीन पंचमुखी शिवलिंग का पुनर्स्थापन कार्यक्रम को लेकर सोमवार को भव्य व विशाल कलश जल भरी शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों नर नारी भक्त शामिल हुए। धार्मिक अध्यात्मिक मंत्रोच्चारण के साथ धार्मिक विधि विधान विधिवत स्थानीय एक पवित्र नदी से जल भरी कर यज्ञशाला प्रांगण लाया गया। जहां मंडप प्रवेश के किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष अर्जुन शर्मा ने बताया कि 27 को अखंड कीर्तन शुभारंभ हुआ। इसके बाद 28 अप्रैल को धार्मिक विधि विधान से विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चारण के साथ मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा और भगवान शिव का पंचमुखी शिवलिंग की पुर्नस्थापना किया जाना है। इस अवसर पर धार्मिक अध्यात्मिक गीतों, नारों व जयकारों से पुरे क्षेत्र में धार्मिक अध्यात्मिक का वातावरण बना हुआ है। 28 अप्रैल को प्रातः 10 बजे भगवान शिव का रुद्राभिषेक अनुष्ठान किया जाएगा।



इसके बाद भव्य भंडारा, साधु संतों , आगत अतिथियों का सम्मानित समारोह का आयोजन होगा। अध्यक्ष अर्जुन शर्मा ने बताया कि ग्रण्डा में हजार वर्षो से एक भगवान शिव का पंचमुखी शिवलिंग मंदिर में स्थापित था। मंदिर क्षतिग्रस्त होने के कारण बिखरा पड़ा हुआ था जिसे उड़िसा के प्रख्यात कलाकारों, कारीगरों के द्वारा मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया। पंचमुखी शिवलिंग शायद बिहार प्रांत में यह पहला है। पंचमुखी शिव मंदिर है।

## आजादी के अमृत काल में भी बुनियादी सुविधाओं को तरसतीं दलित बस्तियां

### न चलने को राह, न पानी की निकासी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा, औरंगाबाद**। देश भले ही आजादी का अमृत महोत्सव मनाकर आगे बढ़ रहा हो, लेकिन समाज का एक बड़ा हिस्सा आज भी नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र में दर्जनों दलित बस्तियां आज भी विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर हैं। सरकारी फाइलों में चकाचक सड़क और बेहतर ड्रेनेज सिस्टम के दावे तो बहुत हैं, लेकिन धरातल पर इन बस्तियों में न तो चलने के लिए पक्की गलियां हैं और न ही गंदे पानी की निकासी के लिए नालियां। ग्राम पंचायत बैरांव के बहादुरपुर दलित बस्ती का दौरा करने पर विकास के दावों की पोल खुल जाती है। हल्की सी बारिश होते ही, पक्की सड़क न होने के कारण गलियां कीचड़ और जलजमाव से भर जाती हैं, जिससे लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो जाता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को होती है, जिन्हें हर दिन गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। बस्ती में नालियों का अभाव एक गंभीर समस्या है।

यहां नालियां टूटी-फूटी हैं। घरों से निकलने वाला गंदा पानी रास्तों पर ही जमा रहता है, जिससे क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। स्थानीय निवासी अनिल कुमार ने बताया, सालों से हम सिर्फ आश्वासन सुन रहे हैं। चुनाव के समय नेता वोट मांगने आते हैं और बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन चुनाव जीतते ही हमारी सुध लेने वाला कोई नहीं होता। बस्ती के युवाओं का कहना है कि उन्होंने कई



बार पंचायत प्रशासन को शिकायती पत्र दिए, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। बुनियादी सुविधाओं के अभाव में प्रखंड क्षेत्र की कई बस्तियां आज भी पिछड़ेपन का दंश झेल रही हैं। शुद्ध पेयजल, बिजली के खंभों पर स्ट्रीट लाइट और नियमित साफ-सफाई जैसे मुद्दे यहां के लोगों के लिए आज भी किसी विलासिता से कम नहीं हैं। दलित बस्तियों की यह बदहाली न केवल प्रशासनिक विफलता को दशार्ती है, बल्कि सामाजिक समानता के दावों पर भी सवालिया निशान लगाती है।

## शहर के कई मोहल्लों में नहीं जलता स्ट्रीट लाइट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। शहर को चमकाने के लिए लाख प्रयास किए जा रहे हैं परंतु धरातल पर कुछ और दिख रहा है। वार्ड सं-24 में समस्याओं का अंबार लगा है। यहां सफाई की कमी के कारण नाली का गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है जिससे वर्षा के समय पानी नागरिकों के घर में घूस जाता है। शाहपुर रोड पर स्थित दुर्गा मंदिर, गणेश मंदिर, सिद्धि विनायक मंदिर काफी महत्वपूर्ण है। वार्ड में तेली मोहल्ला, इस्लाम टोली, शाहपुर और टिकरी मोहल्ला का कुछ हिस्सा शामिल है जिसकी कुल आबादी लगभग चार हजार है। इस वार्ड की सीमाओं की बात करें तो पूरब में दुर्गा मंदिर रोड, पश्चिम में शाहगंज, उत्तर में पुरानी जीटी रोड एवं दक्षिण में टिकरी रोड है। यह मोहल्ला महत्वपूर्ण होने के बावजूद विकास की किरणों से ओझल है। यहां के नागरिकों की स्थिति गांव से भी बदतर हो गई है। यहां नाली का गंदा पानी घरों में प्रवेश कर जाता है जिससे नागरिकों का घर



से निकलना मुश्किल हो जाता है। नालियों की सफाई लंबे समय से नहीं हुई है जिसके कारण यह स्थिति उत्पन्न हो गई है। वार्ड-24 की पहचान अब बजबजाती नालियों से हो गई है। नल-जल योजना के तहत पाइप बिछाने के लिए वार्ड की कई सड़कों को तोड़ दिया गया है। हालांकि पाइप बिछाने का काम पूरा हो गया है परंतु सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है। इतना होने के बावजूद भी नगर परिषद के अधिकारियों का ध्यान इस ओर नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रो. रूपम ने टी.पी.एस. कॉलेज, पटना स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक का पदभार ग्रहण किया

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शैक्षणिक जगत के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर पर, प्रो. रूपम ने टी.पी.एस. कॉलेज, पटना स्थित इग्नू (इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय) अध्ययन केंद्र के समन्वयक का पदभार विधिवत



ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. तपन कुमार शांडिल्य एवं इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, पटना की सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. नीलू शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह के दौरान दोनों गणमान्य अतिथियों ने प्रो. रूपम को नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई दी तथा उनके शैक्षणिक अनुभव और प्रशासनिक दक्षता पर विश्वास व्यक्त करते हुए आशा जताई कि उनके नेतृत्व में अध्ययन केंद्र नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा। इस अवसर पर सहायक समन्वयकों में डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. संजय कुमार एवं डॉ. सुशोभन पलाधी सहित टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के कई प्राध्यापक- डॉ. विजय कुमार सिन्हा, डॉ. विनय भूषण कुमार एवं डॉ. अश्विनी कुमार उपस्थित थे।

### लड़की की दूसरे गांव के लोगों ने करायी शादी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सकसोहरा थाना क्षेत्र के अंदौली दरवेशपुर पंचायत में शनिवार के दिन नालंदा जिला से एक बारात आई थी लेकिन बारात आने के कुछ देर के बाद मामूली बात को लेकर बाराती और शरारती पक्ष के बीच पहले तो नोक झोंक हुई फिर मारपीट की घटना शुरू हो गई।



आखिरकार बाराती पक्ष किसी तरह दूसरे गांव सकसोहरा पहुंचकर अपनी जान बचाने परी लेकिन सकसोहरा गांव के लोगों ने यह निर्णय लिया कि किसी भी हालत में बारात को वापस लौटने नहीं दिया जाए नहीं तो लड़का और लड़की की जिंदगी बर्बाद हो जाएगी। लिहाजा ग्रामीणों ने एक जुटता दिखाते हुए अपने बलबूते शादी का पूरा इंतजाम शुरू कर दिया और गांव के ही मंदिर में पंडित को बुलाकर लड़का लड़की की शादी करवा दी और गांव के लोगों ने अपनी बेटी और दामाद समझकर लोगों की खातिरदारी करते हुए उन्हें विदाई कर दिया। ग्रामीणों की इस पहल की चारों तरफ चर्चा हो रही है वहीं लड़की और लड़के ने ग्रामीणों को धन्यवाद किया।

### बाढ़ के सब सकसोहरा पश्चिमी पंचायत में स्वच्छता अभियान का बुरा हाल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेलछी प्रखंड अंतर्गत सकसोहरा पश्चिमी पंचायत मे स्वच्छता अभियान का बुरा हाल है। हालत यह है कि पंचायत को स्वच्छ रखने के लिए कचरा प्रबंधन इकाई का निर्माण भी कराया



गया। कई वाहन भी खरीदे गए सफाई कर्मियों की बहाली हुई लेकिन यह सब करीब 6 महीने से किए गए व्यवस्था नकारा साबित हो रहा है। हालत यह है कि पंचायत के मुखिया के गांव भावन चक गांव के मंदिर के पास सड़क किनारे खुलेआम कचरा को जलाया जा रहा है। इसका असर बगल के बगीचे पर भी पड़ रहा है कई पेड़ झुलस गए हैं। वहीं आसपास के लोगों को सांस लेने में भी परेशानी हो रही है। मामले पर जब प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार से बात की गई तो उन्होंने जल्द मामले पर संज्ञान लेने की बात कही है।

### भाई ने भाई को मारा चाकू, पुरानी रंजिश बना कारण, छोटा भाई गंभीर रूप से जख्मी

**बाढ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के सिकंदरा गांव में पूर्व विवाद को लेकर सोए अवस्था में बड़े भाई ने छोटे भाई को चाकू मार कर घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बड़े भाई रविंद्र राय ने छोटे भाई मनीष कुमार को चाकू मार कर घायल कर दिया। वही परिजन द्वारा इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। चाकू से पेट पर बार किया गया। ग्रामीण बताते हैं कि कल से ही दोनों भाई के बीच झगड़ा हो रहा था और आज सुबह बड़े भाई के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है। बता दे कि इन दिनों बाढ में अपराधिक घटना ज्यादा बढ़ गई है। रविवार को भी राणा बिगहा गांव में चाकू बाजी की घटना हुई थी और आज फिर सिकंदरा गांव में चाकू बाजी हुई।

### मसौढ़ी के विलन्दचक गांव में सरकारी आहर पाईन को भरकर पानी निकास अवरुद्ध करने का लगाया आरोप

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मसौढी प्रखंड के निशियावां पंचायत के बिलंदचक गांव में सरकारी आहार पाईन को भरकर पानी निकासी अवरूद्ध करने का मामला प्रकाश में आया है। ऐसें में सुषमा देवी पति जितेन्द्र कुमार वर्मा ने अंचलाधिकारी को एक लिखित आवेदन देकर कारवाई की गुहार लगाई है,दिये गये आवेदन के आलोक मे लिखा है की इस पाईन से पुरे गांव और आसपास के इलाकों के लिए पानी निकासी का माध्यम है जिसे निजी स्वार्थ मे गांव के ही कुछ लोग मिट्टी भर कर पाईन को अवरुद्ध कर रहै।वहीं कुंती देवी पति जवाहर लाल वर्मा ने भी बताया की खाता संख्या 160 खेसरा नंबर 1548 जमीन के सामने पूरा पाईन आहार भरा जा रहा है, मना करने पर जान से मारने की धमकी दिया जा रहा है और झूठा केस में फसाने के लिए कहा जा रहा है,ऐसे मे गांव के ही दिनेश प्रसाद, महेश्वरी देवी, अमित कुमार, रश्मि कुमारी आदी पर आरोप लगाते हुए कारवाई की मांग की है।

### आपसी मारपीट, तीन लोगों को किया नामजद


**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के सोनकुकरा भोजपुर मोहल्ले में बिते शाम को आपसी विवाद में दो गुटों में मारपीट में एक युवक गंभीर रूप में जख्मी हो गया है, पीड़ित बुल्ला कुमार पिता स्व रामनन बिंद ने अपने मोहल्ले के तिं लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। दिये गये आवेदन में लिखा है कि जब हम घर पर बैठे हुए थे उसी समय कुंदन कुमार, कन्था कुमार और इमरिती देवी घर पर चढ़कर जाकर गाली गलौज करने लगा वही लाठी डंडा से कुंदन कुमार ने मेरे सिर पर मारा हम बेहोश हो कर गिर गए और लोग भाग गया, आसपास के लोग के कारण हमारी जान बची हैं और हमसे ₹5000 भी छीन लिया है दिए गए आवेदन पर पुलिस छानबीन में जुटी हैं।

# स्कूलों में बचे हुए चावल में दौड़ रही छिपकली

## स्कूलों में रखा चावल संवेदक ले नहीं गए, हजारों क्विंटल अनाज हो रहा खराब







### मसौढी शहर के 35 स्कूलों में ठीकेदारी सिस्टम से बन रहा एमडीएम

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मसौढ़ी प्रखंड के सरकारी स्कूलों में अब स्कूलों में खाना बनाने की जगह केंद्रीकृत रसोई यानी ठेकेदार सिस्टम लागू कर दिया है। ऐसें में स्वंयपोषी संस्था टीम एक्सीलेंस के द्वारा बिते 01 फरवरी 2026 से सभी चयनित स्कूलों मे एमडीएम आपूर्ति कर रही है इसके अलावा दिनांक 31.01.2026 तक सभी चयनित स्कूलो के पास बचे हुए चावल को टीम एक्सीलेंस को ले जाना था,लेकिन स्कूलों में पहले से स्टोर किया गया हजारों क्विंटल चावल संवेदक अब तक उठाकर नहीं ले गए, जिससे अनाज सड़ने लगा है। प्रखंड के करीब 35 स्कूलों में फरवरी महीने से ठेकेदार के जरिए पका-पकाया भोजन पहुंचाया जा रहा है। आदेश था कि स्कूलों में रखे चावल-गेहूं को संवेदक उठा ले जाएंगे। दो महीने बीत गए, पर कोई लेने नहीं आया। नतीजा, स्टोर रूम में रखा हजारे क्विंटल से ज्यादा चावल खराब हो रहा है। मसौढी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मालिकाना, प्रखंड कॉलोनी,श्रीनगर, उ.म.अभ्यास विद्यालय समेत कई स्कूलों के प्रधनाध्यापकों ने बताया की हमारे यहां चावल रखा है। संवेदक को फोन करते हैं तो कहता है गाड़ी भेजेंगे, पर आज तक नहीं आई। चावल खराब हो रहा है। इसकी जवाबदेही कौन लेगा?"इसके अलावा उत्क्रमित मध्य विद्यालय मालिकाना के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अशरफ परवेज ने बताया कि हमारे विद्यालय में सैकड़ों क्विंटल चावल बचा हुआ है, एक तरफ सरकार अनाज बचाने की बात करती है, दूसरी तरफ लापरवाही से क्विंटल भर अनाज बर्बाद हो रहा है। चूहों और कीड़ों का खतरा अलग है। बहरहाल सवाल ये है कि जब ठेकेदार सिस्टम लागू करना था तो पहले स्कूलों में डंप चावल का उठाव क्यों नहीं कराया गया? वही प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्री कुमार ने कहा इस संवेदको को जल्द से जल्द अनाज उठाव करने की बात कही गई है।बहरहाल बच्चों के निवाले के अनाज को यूं बर्बाद करना आपराधिक लापरवाही है। देखना होगा कि प्रशासन कितनी जल्दी कार्रवाई करता है।

## नदी की सरकारी जमीन पर ग्रामीणों का अवैध कब्जा, नदी मार्ग को किया अवरुद्ध

### प्रशासन से शिकायत के बाद भी नहीं हट रहा अतिक्रमण



**बाढ़ /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल के बेलछी प्रखंड अंतर्गत सकसोहरा बाजार स्थित महाने नदी के पुल पास ग्रामीणों के द्वारा करीब एक दशक से नदी की जमीन को कब्जा करने की होड़ लगी हुई है कोई 50 फीट तो कोई 100 फीट तक नदी के जमीन पर आलीशान मकान बना रहे हैं आगे दुकान और व्यवसाय चला रहे हैं और पीछे रहने की व्यवस्था ना कोई टैक्स न मालगुजरी मामले को लेकर स्थानीय ग्रामीण के द्वारा अंचलाधिकारी बेलछी , उपसमाहर्ता भूमि सुधार बाढ़ और अनुमंडल पदाधिकारी को कई बार लिखित शिकायत की गई है इसके बावजूद आज तक नदी के मार्ग को खाली नहीं कराया गया। इतना ही नहीं नदी के दूसरे साइड महंत रामनारायण पूरी 10 प्लस टू उच्च विद्यालय के जमीन पर लोगों ने मार्केट खड़ा कर दिया। विद्यालय प्रबंधन कई बार सरकार से गुहार लगाई लेकिन दबंग के सामने प्रशासन भी वौना साबित हुआ। ग्रामीण अब जिलाधिकारी से भी इसकी शिकायत करने की बात कह रहे है। मामले पर जब प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार से बात की गई तो उन्होंने अंचलाधिकारी के पदस्थापन होने के बाद मामले पर कार्रवाई करने की बात कही है।

## चलती ट्रेन में दौड़कर चढ़ने का नहीं करें प्रयास, जीआरपी तारेगना पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** यात्री चलती ट्रेन में दौड़कर चढ़ने व ट्रेन के बिना रुके उससे उतरने का प्रयास नहीं करें। वे एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म जाने के लिए रेल लाइन पार नहीं बल्कि इसके लिए एफओबी का प्रयोग करें। साथ ही ट्रेन में सफर के दौरान किसी अंजान व्यक्ति का दिया खाद्य व पेय पदार्थ का कदापि सेवन नहीं करें। यात्री अगर इसमें लापरवाही करते हैं तो वे हादसे का शिकार बन सकते हैं। दरअसल पटना गया रेलखंड के तारेगना जीआरपी थानाध्यक्ष सोनू कुमार के नेतृत्व में ऑपरेशन जन जागरण के तहत चलाये गए विशेष जागरुकता अभियान के दौरान यात्रियों को जागरूक करते हुए यह नसीहत दी गई, यात्रियों से अपील करते हुए उन्हें यह नसीहत दी गई की चलती ट्रेनों में दौड़ कर चढ़ने का प्रयास कभी नहीं करना चाहिए। ऐसा करते समय हमेशा हादसा होने की संभावना बनी रहती है। रेल यात्रियों व आम लोगों को रेलवे लाईन पार नहीं करने की भी नसीहत दी गयी। साथ ही लोगों को ट्रेनों पर पत्थर नहीं फेंकने के प्रति भी जागरूक किया गया। इस जन जागरूकता अभियान के दौरान यात्रियों से किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर रेलवे के हेल्प लाईन नं. 139 पर अपनी परेशानी अवगत कराने के लिए भी बताया गया। इस अभियान के तहत आरपीएफ द्वारा पुरूष यात्रियों को महिला कोच में सफर नहीं करने का आग्रह करते हुए इसके लिए उन्हें हिदायत दी की ऐसा करने पर कारवाई भी हो सकती है।




## मसौढ़ी में आज दो बार कटेगी बिजली: ग्रिड में मेंटेनेंस के चलते 15-15 मिनट का रहेगा पावर कट

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर स्थित 132/33 केवी ग्रिड उपकेंद्र में मंगलवार को आवश्यक रखरखाव (अनुरक्षण कार्य) किया जाना है.इस कारण मसौढ़ी शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में दिन में दो बार बिजली की आपूर्ति पूरी तरह ठप रहेगी.ग्रिड उपकेंद्र के सहायक अभियंता सुनंदन भूषण ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय से पहले पानी का भंडारण कर लें ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो.ग्रिड प्रशासन के अनुसार, रखरखाव का कार्य दो चरणों में होगा, जिसके कारण बिजली बंद रहेगी.पहला चरण: सुबह 10:00 बजे से 10:15 बजे तक व दूसरा चरण: दोपहर 01:00 बजे से 01:15 बजे तक.इस मेंटेनेंस कार्य की वजह से 'मसौढ़ी न्यू' और 'ओल्ड' विद्युत शक्ति उपकेंद्र से जुड़े सभी क्षेत्रों में पावर कट रहेगा.मुख्य रूप मसौढ़ी शहर के अलावे नदौल, दमरीचक, चनाकी, कोल्हाचक, बिरंची, केवड़ा, लखनौर, दरियापुर, भगवानगंज, नीमा, रघुनाथपुर, कादिरगंज एवं जनकपुर का क्षेत्र इससे प्रभावित होगा. सहायक अभियंता सुनंदन भूषण ने इन क्षेत्र के उपभोक्ताओं से अपील किया है कि ग्रिड में मेंटेनेंस कार्य बिजली आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए अनिवार्य है.उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे कटौती के समय को ध्यान में रखते हुए पानी का पर्याप्त संचय कर लें.

## दनियावां में सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत

**दनियावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के बड़ी केभई गांव के सामने दनियावाँ स्टेशन के बगल में दनियामा-हिलसा सड़क मार्ग पर सोमवार की सुबह एक अधेड़ व्यक्तिं की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई।जिसकी पहचान बड़ी केवाई निवासी के रूप में हुई. घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार की सुबह सात बजे बड़ी केवई गांव निवासी 50 वर्ष अपने घर से उठकर खेत में काम करने के लिए जा रहे थे कि वह जैसे ही दनियावा -हिलसा सड़क मार्ग पर दनियावा स्टेशन के समीप सड़क पार कर रहे थे कि एक अज्ञात वाहन ने उन्हें धक्का मार कर फरार हो गया. जिससे वह गंभीर रु से घायल हो गए.घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची शाहजहांपुर पुलिस ने उन्हें गंभीर स्थिति में दनियावा पीएचसी में

## गौ माता को 'राष्ट्रमाता' घोषित करने की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**पालीगंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत सोमवार को अनुमंडल कार्यालय पालीगंज में सैकड़ों गौ भक्त एकत्र हुए और अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि वे संविधान के दायरे में रहकर अहिंसक तरीके से अपनी मांग रख रहे हैं। उनका मुख्य उद्देश्य देसी गोवंश की सुरक्षा सुनिश्चित करना और गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करवाना है। ज्ञापन में गौ माता को ह्लराष्ट्रमाताह्व, ह्लराष्ट्र धरोहरह्व या 'राष्ट्रीय आराध्य' का दर्जा देने, गौ सेवा के लिए सख्त केंद्रीय कानून बनाने तथा अलग ह्लगौ सेवा मंत्रालयह्व गठित करने की मांग की गई। इसके साथ ही गोचर भूमि की सुरक्षा, गौ आधारित कृषि को बढ़ावा और गौवंश संरक्षण के लिए ठोस नीति लागू करने पर जोर दिया गया। गौ भक्तों ने कहा कि गौ सेवा केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि संस्कृति, पर्यावरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ा विषय है। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग अनुमंडल कार्यालय पहुंचने लगे थे। कार्यक्रम में कुंदन कुमार, अमरेश सिंह, गुड्डू सिंह, बिजेंद्र सिंह, मृत्युंजय कुमार, ओम प्रकाश सिंह, कुणाल, रजनीश, सनातन सहित अन्य गौ भक्त मौजूद रहे।

## बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण को लेकर विशेष शिविर का आयोजन



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिजली बिल में सुधार को लेकर सभी बिजली कार्यालयों में विशेष शिविर आयोजित किया गया,ऐसे में मसौढी प्रमंडल में विशेष शिविर आयोजित कर उपभोक्ताओं की बिजली समस्याओं का मौके पर ही तेजी से समाधान किया जा रहा है, जिसमें बिजली बिल में सुधार, स्मार्ट मीटर की शिकायतें और नए कनेक्शन जैसी समस्याओं का त्वरित निपटारा (72 घंटे के भीतर) शामिल है। यह पहल बिहार ऊर्जा विभाग के अंतर्गत प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को की जा रही जिसमें बिल में गड़बड़ी, मीटर, फॉल्ट, ट्रांसफार्मर, और नया कनेक्शन। इसके अलावा शिकायतों का निवारण 72 घंटे में करने का लक्ष्य है।वही सभी बिजली आपूर्ति शाखाओं और डिविजन कार्यालयों में उपभोक्ता इन शिविरों में आकर अपनी समस्याओं का तत्काल समाधान पा सकते हैं, विद्युत कार्यपालक अभियंता पवन कुमार ने बताया कि मुख्यालय की ओर से 30 अप्रैल तक बिजली बिल सुधार कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है. समय सीमा नजदीक होने के कारण विभागीय अधिकारियों पर काम का दबाव बढ़ गया है. इसी को देखते हुए लाइनमैन और मीटर रीडर को भी उपभोक्ताओं को शिविर में आने के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी दी गयी है। मौके पर विद्युत कनिय अभियंता रंजीत कुमार समेत बिजली एसडीओ एवं अन्य सभी पदाधिकारी शामिल रहे।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो गिरफ्तार

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नदी थाना पुलिस ने सोमवार को वाहन चेकिंग के दरम्यान दो युवक को चोरी का मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। इस संबंध में नदी थानाध्यक्ष सदाम हुसैन ने बताया कि वाहन चेकिंग के सबलपुर टेढ़ी पुल के पास से पुलिस ने चोरी के मोटरसाइकिल के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि वरामद मोटरसाइकिल की चोरी अगमकुंआ थाना क्षेत्र से कि गई थी।

## टेम्पो की छत पर तहखाना बनाकर रखीं 75 लीटर विदेशी शराब बरामद



**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को अहले सुबह गुप्त सूचना के आधार पर नदी थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के सबलपुर शिक्स लेन के नीचे एक सी एन जी टेम्पो से 75 लिटर विदेशी शराब के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है। घटना के संबंध नदी थानाध्यक्ष सदाम हुसैन ने बताया की अहले सुबह गुप्त सूचना मिली कि एक टेम्पो पर लादकर भारी मात्रा विदेशी शराब कहीं ले जाया जा रहा रहे है।सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अपने दल बल के साथ संबलपुर शिक्स लेन के नीचे पहुँचे और वाहनों की चेकिंग प्रारंभ कर दिया। पुलिस को देखकर एक सी एन जी पर बैठे दो युवक भागने लगे, जिसे पुलिस ने खदेड़कर गिरफ्तार कर लिया है । टेम्पो के तलाशी के दरम्यान पुलिस ने सी एन जी टेम्पो के छत पर बनायें गये तहखाना से 75 लिटर विदेशी शराब को वरामद किया है । गिरफ्तार शराब तस्कर वैशाली जिला के राघोपुर थाना क्षेत्र के बहरामपुर निवासी मंगल राय का पुत्र अभिषेक कुमार एवं रंजीत राय का पुत्र संतोष कुमार बताया जाता है। जिसे पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## फतुहा के डुमरी गांव में 15 वर्षीया छात्रा की गोली मारकर हत्या, इलाके में फैली सनसनी

### दोस्तों ने शादी में ले जाकर की हत्या



**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र की डुमरी गांव में रविवार की देर रात्रि एक आईएससी के 15वर्षीय छात्र की गोली मारकर उसके दोस्तों ने हत्या कर दी जिस इलाके में सनसनी फैल गई. मृतक की पहचान पप्पू प्रसाद के 15 वर्षीय पुत्र रवि कुमार के रूप में हुई है. घटना में संबंध में परिजनों ने बताया कि रविवार की रात्रि गांव में दो पड़ोसियों के घर लड़की का शादी समारोह था एक पड़ोसी का बेटी का शादी समारोह खुशरुपुर बैंकटपुर मंदिर में था, जिसमें छात्र रवि कुमार 15 वर्ष को दोस्तों ने उसे टेम्पो से बैंकटपुर रविवार की देर शाम ले गया और रात्रि बारह बजे के आसपास सभी टेम्पो से अपने गांव डुमरी पहुंचे . और गांव में दूसरे पड़ोसी के बच्ची की शादी में आए बारात में डीजे के साथ सभी नाचने गाने लगे. इसी क्रम में रवि के कुछ दोस्तों ने दो फायरिंग कर दी जिसमें एक गोली रवि के वाह को छेडदती हुई गर्दन में अटक गई .गंभीर रूप से घायल रवि को फतूहा पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से फतुहा अस्पताल से पटना अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां उसकी इलाज की क्रम में मौत हो गई. उसकी मौत की सूचना मिलते ही सोमवार के सुबह से ही उसके घर में कोहराम मच गया और उनके मां और बहन और परिजनों का रो रो का बुरा हाल था. सभी लोग रवि के दोस्तों को रो-रो कर कोष रहे थे, जो उन्हें बुलाकर ले गया था. इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई ,.उसके पिता पप्पू प्रसाद एक प्लाईयूड के निजी कम्पनी में मजदूरी कर अपने बच्चों व परिवार का भरण पोषण कर रहे थे. घटना को गंभीरता को देखते हुए सोमवार को एसएफल के टीम और ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार फतुहा एसडीपीओ अवधेश कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की बारीकी से जांच की. साथ ही शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को शौक दिया. पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए इस हत्याकांड में शामिल तीन चार दोस्तों में से गोलू, सोनू और न्यूटन कुमार में से दो गोलू और सोनू को गिरफ्तार कर लिया है. और उससे पूछताछ कर रही है. साथ ही न्यूट्रल समेत अन्य दोस्तों को गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुट गई है.

# साइकिल टक्कर से शुरू विवाद बना खूनी संघर्ष, किशोर समेत दो की मौत

## मामूली बहस ने लिया हिंसक रूप, आक्रोशित भीड़ ने आरोपित को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोइ (कटिहार)।** बारसोई प्रखंड के सुधानी थाना क्षेत्र के रहमानपुर गांव में रविवार की देर शाम एक मामूली साइकिल टक्कर ने देखते ही देखते खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। इस दर्दनाक घटना में पहले किशोर खुशनवाज (15) की मौत हो गयी। जिसके बाद उग्र भीड़ ने आरोपी साजिद उर्फ सुकरूदीन को पकड़कर बेरहमी से पीट - पीटकर मार डाला। जानकारी के अनुसार रहमानपुर निवासी खुशनवाज साइकिल से कब्रिस्तान जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसकी साइकिल साजिद उर्फ सुकरूदीन के बच्चे से टकरा गई। इस मामूली बात पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। जो जल्द ही विवाद में बदल गई। आरोप है कि विवाद के दौरान साजिद ने खुशनवाज के साथ मारपीट की। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और बेहोश हो गया।परिजन और स्थानीय लोग आनन-फानन में उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत की खबर गांव में आग की तरह फैल गई। जिससे परिजनों और ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश फैल गया। आक्रोशित भीड़ ने आरोपी साजिद उर्फ सुकरूदीन को पकड़ लिया और उसे बिजली के खंभे से बांधकर जमकर पिटाई कर दी। भीड़ की बर्बर पिटाई से साजिद की भी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार एवं सुधानी थाना अध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया। वहीं गांव में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए एहतियातन पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है तथा कानून को हाथ में न लेने की चेतावनी दी है। वही मृतक के परिजन के घर में लोगों का ताता लगा हुआ है।





### रहमानपुर पहुंचे पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने घटनास्थल का लिया जायजा

विगत संध्या के समय रहमानपुर में हुई घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा घटनास्थल का जायजा लेकर पीड़ित परिवार से मिलकर पूछताछ किये । पुलिस अधीक्षक के साथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार एवं इंस्पेक्टर तथा पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने कहा कि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में हर बिंदु पर घटना की जांच की जा रही है। जो भी दोषी है। उसे पर उचित करवाई की जाएगी। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील है किया कि शांति बनाकर रखें तथा विधि व्यवस्था में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि फर्द बयान के अनुसार सुधानी थाना में मुकदमा दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की अनुसंधान कर रही है। तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए गए हैं।

### मर्डर केस जांच में जुटी फॉरेंसिक टीम

बारसोई प्रखंड के सुधानी थाना क्षेत्र के रहमानपुर गांव में हुई सनसनीखेज डबल मर्डर मामले की जांच अब तेज कर दी गई है। सोमवार को तीन सदस्यीय फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने का काम शुरू किया। बीते रविवार की देर शाम एक मामूली साइकिल टक्कर को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया था। आरोप है कि इस विवाद में साजिद उर्फ सुकरूदीन और उसके परिजनों ने 15 वर्षीय किशोर खुशनवाज की पिटाई कर दी। जिससे उसकी मौत हो गई। किशोर की मौत की खबर गांव में फैलते ही आक्रोश भड़क उठा। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने आरोपी साजिद उर्फ सुकरूदीन को पकड़ लिया और उसे बिजली के खंभे से बांधकर बेरहमी से पीट-पीटकर मार डाला। इस घटना में कुछ ही घंटों के भीतर दो लोगों की जान चली गई। जिससे पूरे इलाके में दहशत और तनाव का माहौल बन गया। सोमवार को पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और खून के नमूने सहित अन्य साक्ष्य एकत्र किए।

### दोनों पक्षों के अलग-अलग दावे से गांव में तनाव

बारसोई प्रखंड अंतर्गत सुधानी थाना क्षेत्र के रहमानपुर गांव में हुए डबल मर्डर मामले में दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दी है। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। वहीं पुलिस लगातार कैंप कर स्थिति पर नजर बनाए हुए है। मृतक खुशनवाज के दादा मोहम्मद करियादार ने आरोप लगाया कि उनका पोता पूरी तरह निर्दोष था। उन्होंने कहा कि साजिद उर्फ सुकरूदीन और उसके परिजनों ने बेवजह खुशनवाज का गला दबाकर और बेरहमी से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से साजिद उर्फ सुकरूदीन के पिता और मृतक की पत्नी ने इसे साजिश करार दिया। उनका कहना है कि साजिद ने केवल एक थप्पड़ मारा था। जिससे खुशनवाज बेहोश होकर गिर पड़ा और अस्पताल पहुंचने पर उसकी मौत हो गई। इसके बाद आक्रोशित भीड़ ने साजिद को उठा लिया और बिजली के पोल से बांधकर पीट-पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे उसकी भी मौत हो गई। घटना के बाद से ही सुधानी थाना पुलिस गांव में कैंप कर रही है और दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील कर रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### घटना को लेकर पूर्व विधायक महबूब आलम पहुंचे रहमानपुर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** सोमवार को पूर्व विधायक महबूब आलम सुधानी घटना को लेकर रहमानपुर पहुंचे। पीड़ित परिवार से मिल हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस संबंध में पूर्व विधायक महबूब आलम ने कहा कि यह घटना हृदय को हिला देने वाली घटना है। इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक कटिहार से दूरभाष पर बात की गई है कि मामले की जांच निष्पक्ष किया जाए तथा निर्दोष का नाम मुकदमा में दर्ज नहीं किया जाए। तथा उपस्थित लोगों को संयम बनाकर रखने की अपील की गई है।



## दामाद ने ससुर पर किया हमला, गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी (कटिहार)।** बलिया बेलौन थाना क्षेत्र के लीलजी गोविन्दपुर गांव में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।दामाद ने अपने ही ससुर पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। घायल ससुर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार 21 अप्रैल की देर रात किसी घरेलू विवाद को लेकर दामाद और ससुर के बीच कहासुनी हुई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दामाद ने ससुर पर हमला कर दिया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये।परिजनों और ग्रामीणों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज कराया गया। घटना के बाद पीड़ित ने बलिया बेलौन थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की मांग की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कांड संख्या 59/26, दिनांक 24 अप्रैल 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की। नामजद आरोपी कौसर (28) ग्राम लीलजी गोविन्दपुर को पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया।थानाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने बताया कि आरोपी से पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने लोगों से आपसी विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने की अपील की है।

## जिलाधिकारी ने राशन कार्ड में नाम जोड़ने के आवेदन का ऑन-द-स्पॉट किया निष्पादन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** सात निश्चय 3.0 के अंतर्गत सबका सम्मान जीवन आसान कार्यक्रम के तहत समाहरणालय, अररिया स्थित परमान सभागार में डीएम विनोद दूहन की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 24 मामलों की सुनवाई की गई तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन के निर्देश दिए गए। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं।

इस क्रम में रुकमनी देवी द्वारा अपने परिवार के सदस्य का नाम राशन कार्ड में जोड़ने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसका ऑन-द-स्पॉट त्वरित निष्पादन कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, नीरज कुमार ने डीईओ पद पर कार्यरत रहते हुए बेल्ट्रॉन द्वारा भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। वहीं अनिल शाह ने जमीन रजिस्ट्री पर लगी रोक हटाने, हृदेश्वर प्रसाद ठाकुर ने खतियानी जमीन पर जबरन घर निर्माण तथा कृष्ण चंद्र शाह ने जेबीसी नहर के एक बिंदु से संबंधित राजस्व डाक में गड़बड़ी की शिकायत की गई। ललित नारायण झा ने बिहार सरकार की जमीन पर अवैध निर्माण की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। मिथिलेश ऋषि देव ने नल-जल योजना के अंतर्गत कार्यरत ऑपरेटर के मासिक भुगतान नहीं होने की समस्या रखी। वहीं चंदन कुमार शाह ने सीमा सड़क पथ जोगबनी से कलियागंज कुंआड़ी में अर्जित भूमि के मुआवजा भुगतान से संबंधित मामला दर्ज कराया गया। जिलाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



## स्कार्पियो ने मोटरसाइकिल चालक को कुचला, दो घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** पूर्णिया - नारायणपुर फोर लेन सड़क में वाहन चालक इतनी तेज गति से वाहन चलाते हैं कि अगर कोई भी व्यक्ति सामने आ जाए तो उनका बचना मुश्किल हैं। प्रत्येक दिन वाहन चालक रोंग साईड में वाहन को लेकर आना-जाना करते हैं। जिस कारण प्रत्येक दिन पूर्णिया से नारायणपुर फोर लेन सड़क में कहीं ना कहीं सड़क दुर्घटना होते रहती हैं। सोमवार की दोपहर को एक स्कॉर्पियो जो पूर्णिया से मनिहारी की ओर तेज गति से मरंगी चांदनी चौक के सामने मध्य विद्यालय मरंगी के पास एक मोटरसाइकिल बीआर 39 ए एक्स 1448 जो मनिहारी की ओर जा रहे थे स्कॉर्पियो उक्त मोटरसाइकिल को कुचल डाला ओर मोटरसाइकिल चालक सड़क किनारे से जा रहे एक व्यक्ति को भी कुचल डाला। इसमें दोनों व्यक्ति काफी चोटिल हैं। जिसे ग्रामीणों के सहयोग से सदर अस्पताल कटिहार में भर्ती कराया गया हैं। जहां उनका इलाज चल रहा हैं। इस बाबत स्थानिक ग्रामीणों ने बताया कि दोपहर के डेढ़ बजे के आसपास एक स्कॉर्पियो तेज गति से मनिहारी की ओर जा रहे थे। आगे में एक पल्सर मोटरसाइकिल बीआर 39 ए एक्स 1448 जिस पर भमरेली निवासी मोहम्मद मुदस्सिर पिता मोहम्मद इस्लाम भी मनिहारी की ओर जा रहे थे। उसे कुचल डाला और सड़क किनारे से जा रहे मरंगी ग्राम निवासी संतोष साह पिता हीरालाल साह को भी ठोक डाला और स्कार्पियो चालक तेज गति से मनिहारी की ओर भाग गया। इस घटना पर मोहम्मद मुदस्सिर एवं संतोष साह बुरी तरीके से घायल हो गया जिसे स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सदर अस्पताल कटिहार भेजा गया। वहीं इस घटना की जानकारी मिलते ही मनसाही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी हैं। मालूम हो कि जब से फोरलेन सड़क का निर्माण हुआ हैं तब से ही आम लोग विभिन्न तरह की गाड़ियां को लेकर काफी तेज गति से रॉन्ग साइड से आना-जाना करते हैं और घटना होते रहती हैं।

## अति प्राचीन नील सरस्वती मंदिर का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** बारसोई प्रखंड के बेलवा पंचायत स्थित अति प्राचीन नील सरस्वती मंदिर का पर्यटन विभाग की टीम ने बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर की संरचना, ऐतिहासिक महत्व एवं विकास की संभावनाओं का आकलन किया गया। इस दौरान पर्यटन विभाग के कार्यपालक अभियंता विकास कुमार, सहायक अभियंता विशाल कुमार एवं आर्किटेक्ट इंजीनियर माधव भारद्वाज ने मंदिर के विभिन्न हिस्सों का जायजा लिया। अधिकारियों ने मंदिर के संरक्षण एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर आवश्यक पहलुओं पर चर्चा की। निरीक्षण के मौके पर भाजपा नेता पिंटू यादव, मंडल अध्यक्ष दीपक साह, राजीब चक्रवर्ती सहित मंदिर न्यास समिति के सदस्य प्रेम राय, भास्कर साहा, रंजन साहा, प्रणब चक्रवर्ती, पप्पू दास, गौरव राय एवं दयाल साहा उपस्थित रहे। इस संबंध में पिंटू यादव ने कहा कि बहुत जल्द मंदिर एवं परिसर का कायाकल्प होगा तथा मंदिर का उत्थान के लिए पर्यटन विभाग के पदाधिकारी ने भी विस्तृत रूप से जानकारी ली और स्थल का निरीक्षण किया विभागीय पदाधिकारी ने कहा कि बहुत जल्द मंदिर को विकसित बनाने के लिए कदम उठाए जाएंगे।स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि मंदिर के विकास से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होगी।



## रविवार की रात्रि वर्षा होने से सूख रही फसल को मिली राहत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार की रात को अचानक मौसम बदला और तेज हवा के साथ बिजली चमकने के बाद झमाझम वर्षा हुई जिससे सूख रही फसल को राहत मिलने की संभावना हैं। मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही हैं। मकई, केला, परवल, भिंडी, करेला, मिर्च, मखाना, गर्मा धान आदि की फसल भीषण गर्मी की चपेट में हैं।वर्षा नहीं होने से किसान किसी तरीके से पानी पटवन कर फसल को बचाने में लगे हैं। इसी दौरान रविवार की रात्रि अचानक मौसम बदलते ही काफी आंधी तूफान एवं बिजली चमकने के बाद झमाझम वर्षा हुई। इससे किसानों को पानी पटाने से निजात मिली।

## मदरसा जाने वाले बच्चों को मानव तस्करी बताने पर बवाल, अभिभावकों व संगठनों ने उठाए सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** जिले के 144 सहित सीमांचल के अन्य जिलों के कुल 163 बच्चों को महाराष्ट्र के कटनी में पुलिस द्वारा कथित तौर पर तस्करी के उद्देश्य से ले जाए जाने के आरोप में दर्ज एफआईआर और बच्चों की मुक्ति में आई कठिनाइयों को लेकर अभिभावकों और सामाजिक संगठनों ने कड़ा रोष जताया है। सोमवार को शहर के एडीबी चौक स्थित एक होटल में जन जागरण शक्ति संगठन के बैनर तले प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।इसमें मदरसा शिक्षा के लिए जा रहे बच्चों की प्रशासनिक रोकथाम, बाल संरक्षण प्रक्रियाओं और कानूनी पहलुओं पर गंभीर सवाल उठाए गए।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में संगठन के आशीष रंजन, अधिवक्ता नवाज हसन और रमीज रेजा ने प्रशासन, बाल कल्याण समिति और जीआरपी द्वारा दर्ज एफआईआर को लेकर आपत्ति जताई। इस दौरान बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे, जिनमें नरपतगंज के फरही वार्ड 5 की अंजुमन, बैरगाछी के मो. आसिफ, बगडाहरा के जलाल और पूर्व मुखिया मो. इम्तियाज आलम शामिल थे। अभिभावकों ने आरोप लगाया कि अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों को निशाना बनाया जा रहा है, उन्होंने कहा कि अन्य जगहों जैसे कोटा या देहरादून पढ़ने जाने वाले बच्चों को नहीं रोका जाता, लेकिन गरीब मजदूर परिवारों के बच्चे जब मुफ्त शिक्षा के लिए मदरसा जाते हैं, तो उन्हें टारगेट किया जाता है। परिजनों ने यह भी बताया कि कटनी में बच्चों को हिरासत में लेकर बाल कल्याण समिति को सौंपे जाने के बाद उनसे मिलने में भी काफी कठिनाई हुई।उन्होंने स्थानीय शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि बेहतर सुविधा और निःशुल्क व्यवस्था के कारण बच्चों को बाहर भेजना मजबूरी है। पूर्व मुखिया मो. इम्तियाज आलम ने कहा कि बच्चों को बाहर भेजने के लिए स्थानीय स्तर पर लिखित अनुमति दिए जाने के बावजूद ऐसी कार्रवाई की गई। उन्होंने इसे धर्म विशेष के आधार पर की गई कार्रवाई बताया और सवाल उठाया कि क्या मुसलमान होना गुनाह है? इमारत-ए-शरिया अररिया शाखा के काजी अतिकुल्लाह रहमानी ने कहा कि जिले के मदरसों में पढ़ाई होती है, लेकिन हॉस्टल सुविधा सीमित होने के कारण बच्चों को बाहर भेजा जाता है उन्होंने भी समुदाय विशेष को निशाना बनाने का आरोप लगाया। अधिवक्ता नवाज हासन ने कहा कि मानव तस्करी के वास्तविक मामलों में प्रशासन अक्सर विफल रहता है, लेकिन इस मामले में मदरसा जाने वाले बच्चों को गलत तरीके से तस्करी से जोड़कर एफआईआर दर्ज की गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संगठन ने मांग की कि हाल के सामूहिक बाल रेस्क्यू मामलों की स्वतंत्र जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय हो, बच्चों को मुआवजा दिया जाए, व्यक्तिगत सत्यापन के लिए स्पष्ट एसओपी जारी हो तथा जिन मामलों में शोषण या जबरदस्ती सिद्ध नहीं हो, वहां बच्चों का शीघ्र पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए,साथ ही सभी शैक्षणिक संस्थानों पर समान और निष्पक्ष मानक लागू करने की मांग भी की गई।



## संक्षिप्त समाचार

### महापौर ने जनता दरबार में सुनी जनसमस्याएं

**कटिहार (नबिटासं)।** नगर निगम कार्यालय में महापौर ऊषा देवी अग्रवाल ने जनता दरबार का आयोजन किया। महापौर ने नगर स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आये सभी 37 फरियादियों की समस्या सुनी। महापौर के द्वारा सभी फरियादियों की समस्या सुन त्वरित कारवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिया गया। जनता दरबार में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना, सड़क व नाला निर्माण, बिजली पोल एवं लाइट, रास्ते एवं अतिक्रमण से जुड़े विवाद,नालों की साफ- सफाई,सड़क अतिक्रमण करने वाले पर होगी करवाई एवं अन्य मामलों से संबंधित मामले आये। महापौर के द्वारा पिछले जनता दरबार में आये सभी आवेदनों की समीक्षा भी की गई।



### कलाओं का मुख्य उद्देश्य व्यक्तित्व रचना में सुंदर सकारात्मक दिशा देना : कौशिक

**कटिहार (नबिटासं)।** रंग आर्ट क्राफ्ट एवं म्यूजिक कॉलेज के तत्वाधान में बरमसिया स्थित स्कॉटिश पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वार्षिक मेधा क्रियात्मक परीक्षा का आयोजन किया गया। प्राचीन कला केंद्र चंडीगढ़ बोर्ड द्वारा निर्धारित सत्र 2025-26 वार्षिक क्रियात्मक मेधा परीक्षा में कुल 120 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस संदर्भ में रंग आर्ट, क्राफ्ट एवं म्यूजिक कॉलेज के संस्थापक सह प्रिंसिपल कौशिक कर ने बताया कि चंडीगढ़ बोर्ड की प्रारंभिक, प्रारंभिक पूर्ण, चित्र व संगीत भूषण प्रथम व द्वितीय खण्ड, चित्र भूषण पूर्ण, चित्र विशारद आदि परीक्षाओं में छात्र- छात्राओं ने फाइन आर्ट, शास्त्रीय संगीत एवं वाद्य यंत्र तबला आदि अलग-अलग विषयों पर मेधा परीक्षायो में शामिल हुए। इस 3 घंटे की परीक्षा बोर्ड द्वारा प्रतिनियुक्त भागलपुर जिले से आए मुख्य परीक्षा नियंत्रक चंद्रमोहन वरिष्ठ आर्टिस्ट के देखरेख में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने रंग आर्ट व म्यूजिक कॉलेज की छात्र-छात्राओं की प्रतिभाओं को देखकर मंत्रमुग्ध हुए तथा उनके उज्जवल भविष्य कामनाओं से प्रोत्साहित किए। चित्रकला एवं हस्तकला में स्वर्ण पदक प्राप्त कौशिक कर ने बताया कि भारतीय कला व संगीत विश्व की अन्यतम धरोहर में से है, जिसे अक्षुण्ण रखना हमारा परम कर्तव्य है। ललित कलाओं का मुख्य उद्देश्य व्यक्तित्व रचना में सुंदर सकारात्मक दिशा देना निहित है। इसका शिक्षण इसकी पूर्ति करते हुए छात्र-छात्राओं में सामाजिक, मानसिक तथा बौद्धिक विकास संभव है। जबकि वीक्षक के रूप में संगीत शिक्षिका मिठू मजूमदार, एकलव्य कुमार, मिताली, सौगात, सागर कुमार, शुभम कुमारी, तबला शिक्षक पंकज मजूमदार आदि की भूमिका सक्रिय रहा।



### बाबू वीर कुंवर सेवा परिषद के अध्यक्ष बने विकास सिंह

**कटिहार (नबिटासं)।** शहर के वीर कुंवर सिंह इंडोर स्टेडियम के प्रांगण में बाबू वीर कुंवर सिंह सेवा परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बाबू वीर कुंवर सिंह सेवा परिषद के पूर्व संरक्षक पंकज सिंह ने की। बैठक में परिषद की ओर से नए अध्यक्ष पद के लिए विकास सिंह का नाम प्रस्तावित किया गया। जिसे सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष पद के लिए चुनाव किया गया। साथ ही विकास सिंह को 15 दिन के अंदर नई कमेटी गठन का दायित्व दिया गया। निर्वाचित अध्यक्ष विकास सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि परिषद के द्वारा पूर्व में भी काम किया है आगे भी परिषद के कसौटी पर शत प्रतिशत उतरने का प्रयास करूंगा ' कार्यक्रम में मुख्य रूप से जितेंद्र सिंह, राज किशोर सिंह, विनोद सिंह, अरविंद सिंह अधिवक्ता, अरुण सिंह, विनय सिंह, सत्यम समदर्शी, कुमार गौरव, चंचल सिंह, अजय सिंह, लालमोहन सिंह, मौसम सिंह, सुनील कुमार सिंह, जयप्रकाश सिंह, रवि शंकर सिंह, अजय सिंह, बृज किशोर सिंह, बिक्कू सिंह, अजय सिंह, अनिकेत राजवार, अभिषेक सिंह, जयंत सिंह, सतीश सिंह, विजय सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



### सरदार परमेश्वरी सिंह सोढ़ी की मूर्ति का किया गया अनावरण

**बरारी/कटिहार (नबिटासं)।** जमीनदाता भगवती मंदिर महाविद्यालय बरारी में समाज और शिक्षा के क्षेत्र में अमिट योगदान देने वाले सरदार परमेश्वरी सिंह सोढ़ी की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया। कार्यक्रम में उनके द्वारा किए गए अतुलनीय उपकार और महाविद्यालय स्थापना में निभाई गई अहम भूमिका को भावपूर्ण तरीके से याद किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो.प्रभुकान्त झा ने की। जबकि मंच संचालन प्रो. विनोद प्रसाद यादव ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि सरदार परमेश्वरी सिंह सोढ़ी ने अपनी जमीन दान कर शिक्षा की अलख जगाई, जिसका लाभ आज हजारों छात्र-छात्राएं उठा रहे हैं।



उनका यह योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। वक्ताओं ने विस्तार से बताया कि महाविद्यालय की स्थापना और विकास में जमीनदाता परिवार का योगदान अतुलनीय है। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्यो, शिक्षकों और कर्मचारियों का भी सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर बीएम कॉलेज के वर्तमान अध्यक्ष प्रो. प्रभुकान्त झा,जमीनदाता सोहन कौर,जशवीर कौर, पूर्व प्राचार्य प्रो. कामेश्वर जायसवाल,प्रो. ललन शर्मा, प्रो. विनोद प्रसाद यादव, पूर्व व्याख्याता प्रो. नागेंद्र प्रसाद साह, भगवती मंदिर सचिव पंकज कुमार, वर्तमान प्रभारी प्रो. संजय कुमार, सदस्य रामनारायण तूफान,पूर्व प्रधान सहायक राजकिशोर यादव, पूर्व प्रधान सहायक नरेश कुमार, प्रो. कल्याण मिश्रा एवं रात्रि प्रहरी महानंद प्रसाद सिंह को माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।मौके पर प्रो. संजीव कुमार, प्रधान सहायक रौशन कुमार, प्रो. तृप्ति आनंद, पुरुषोत्तम कुमार, मुकेश रजक,प्रो. रेणु कुमारी, रवि रौशन, प्रो. मनमोल बिहारी, राम कुमार, शिवम कुमार,मुकेश कुमार यादव, अशोक सिंह,लक्ष्मीपुर गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान सनिन्दर सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि सरदार परमेश्वरी सिंह सोढ़ी का यह योगदान न केवल बरारी, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उनकी स्मृति में स्थापित यह प्रतिमा समाज को शिक्षा और सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती रहेगी।

# भूमि अधिग्रहण मद में व्यय किए गए 51.44 करोड़

## गुणवत्ता के साथ समय सीमा के अंदर पूरा हो निर्माण कार्य




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर कोयल नहर जलाशय परियोजना से संबंधित निर्माण कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में एनआईसी सभा कक्ष से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। गौरतलब है कि उत्तर कोयल जलाशय परियोजना झारखंड राज्य से प्रारंभ होकर बिहार के औरंगाबाद जिले के नवीनगर, कुटुम्बा, देव, औरंगाबाद एवं मदनपुर प्रखंडों से होकर गया जिले में प्रवेश करती है तथा यह एक महत्वाकांक्षी सिंचाई परियोजना है। इस परियोजना के अंतर्गत कुल 09 पैकेज (पैकेज–03 से पैकेज–11 तक) सम्मिलित हैं, जिनकी कुल लंबाई 77.69 कि.मी. हैं जिसमें से लगभग 12 कि.मी. गया जिले में तथा शेष 61.69 कि.मी. औरंगाबाद जिले में अवस्थित है। परियोजना की प्रगति की नियमित एवं सतत समीक्षा मुख्य सचिव, बिहार, पटना द्वारा की जा रही है। बैठक के दौरान विभिन्न कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा संचालित कार्यों की प्रगति का नक्शा एवं पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से विस्तृत अवलोकन किया गया तथा मुख्य सचिव द्वारा सभी एजेंसियों को निर्धारित समयसीमा के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग करने का सख्त निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में यह अवगत कराया गया कि पिछले 07 दिनों में परियोजना की भौतिक प्रगति 2.05 प्रतिशत दर्ज की गई है तथा कुल भौतिक प्रगति 31.17 प्रतिशत है, जबकि संरचना एवं लाइनिंग कार्य सहित कुल प्रगति 57.09 प्रतिशत है। पैकेज-03 में 77.49 प्रतिशत, पैकेज-04 में 87.00 प्रतिशत, पैकेज-05 में 63.23 प्रतिशत, पैकेज-06 में 63.87 प्रतिशत, पैकेज-07 में 1.09 प्रतिशत, पैकेज-08 में 53.38 प्रतिशत, पैकेज-09 में 39.51 प्रतिशत तथा पैकेज-11 में 58.73 प्रतिशत प्रगति दर्ज की गई है, जबकि पैकेज-10 में कार्य प्रारंभिक स्तर पर है। परियोजना के विभिन्न पैकेजों में आवश्यक मशीनरी जैसे एक्स्काावेटर, कम्पेक्टर, लाइनिंग पेवर एवं डंपर आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है तथा मानवबल की उपलब्धता को भी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं, वर्तमान में मशीनरी की उपलब्धता लगभग 63.10 प्रतिशत एवं मानवबल की उपलब्धता लगभग 39.96 प्रतिशत दर्ज की गई है। भूमि अधिग्रहण की स्थिति की समीक्षा में बताया गया कि औरंगाबाद जिले में कुल 41.251 हेक्टेयर भूमि के विरुद्ध 37.5567 हेक्टेयर भूमि अर्जित की जा चुकी है तथा शेष भूमि का अधिग्रहण विभिन्न प्रक्रियाओं के तहत प्रगति पर है। बिहार भूमि लीज नीति 2014 के अंतर्गत 70 रैयतों में से 28 रैयतों का निबंधन पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष 42 रैयतों का निबंधन प्रक्रियाधीन है, जिसे शीघ्र पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। गया जिले में कुल 96.749 हेक्टेयर भूमि के विरुद्ध 88.045 हेक्टेयर भूमि अर्जित की जा चुकी है तथा शेष भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। व्यय की समीक्षा में बताया गया कि भूमि अधिग्रहण मद में कुल 51.44 करोड़ रुपये व्यय किए जा चुके हैं तथा वैपकोस द्वारा आवंटित राशि के विरुद्ध कार्य व्यय का पूर्ण उपयोग किया गया है। इसके अतिरिक्त वितरण प्रणाली के लिए निविदा प्रक्रिया प्रगति पर है तथा शेष कार्यों के लिए प्राक्कलन तैयार कर आवश्यक अनुपालन हेतु निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आरएमसी के किमी 64.150 पर गेट स्थापना कार्य प्रारंभ किया जा चुका है तथा 30 करोड़ रूपये की मदर स्वीकृति हेतु प्रस्ताव केंद्रीय जल आयोग को प्रेषित किया गया है। बैठक के अंत में मुख्य सचिव द्वारा सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए भूमि अधिग्रहण, निविदा प्रक्रिया एवं निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया, ताकि इस महत्वपूर्ण परियोजना को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जा सके।

# सड़क पर पिकअप से कुचलकर युवक की मौत

## विधायक ने ठहराया एनएचएआई को जिम्मेदार
## कहा-कार्यपालक अभियंता के विरुद्ध हो कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** एनएच 120 दाउदनगर गया मार्ग पर बुधन बिगहा के पास सोमवार को एक पिकअप ने बाइक सवार को कुचल दिया। घटनास्थल पर ही बाइक सवार युवक राहुल कुमार की मौत हो गई। इस 25 वर्षीय युवक की पहचान तेजपुरा निवासी अजय सिंह के पुत्र के रूप में हुई है। दाउदनगर की तरफ से वह बाइक से कहीं जा रहे थे, जब पिकअप में उन्हें कुचल दिया। युवक की सड़क पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने एनएच को कई घंटे तक जाम रखा। मौके पर पुलिस प्रशासन पहुंचा और जाम हटाने की कोशिश की। इस बीच क्षेत्रीय विधायक डॉ प्रकाश चंद्र पहुंचे। लोगों को उन्होंने समझाया। किसी तरह जम जाम हटा। विधायक ने इस हादसे के लिए (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) एनएचएआई को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि इसके कार्यपालक अभियंता के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। विधायक डॉ. प्रकाश चन्द्र ने कहा कि उन्होंने पूर्व में ही एनएचएआई के कार्यपालक अभियंता को पत्र लिखकर और फोन के माध्यम से आगाह किया था कि एनएच पर दोनों तरफ बालू जमा होने के कारण लगातार बाइक दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से आशंका जताई थी कि यदि बालू नहीं हटाया गया तो किसी बड़ी जानमाल की क्षति हो सकती है, लेकिन अधिकारी अपनी उदासीनता पर अड़े रहे। कहा कि चार बार लिखित और मौखिक रूप से अनुरोध किया था कि सड़क किनारे से बालू हटाया जाए, स्ट्रिप लाइन लगाई जाए और दुर्घटना संभावित क्षेत्र के बोर्ड लगाए जाएं। आज वह आशंका सच साबित हुई और एक होनहार युवक की जान चली गई। इस मौत का जिम्मेदार विभाग का निकम्मापन है। विधायक ने कार्यपालक अभियंता पर कार्रवाई की मांग की है।



### एक नजर

## डकैती सहित अन्य अपराधों में 18 लोग भेजे गए जेल

**औरंगाबाद/नबिटा ब्यूरो।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 18 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार डकैती में 1, हत्या प्रयास में 4, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 9 तथा अन्य मामलों में 30 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 26.80 लीटर देसी शराब, 1 देसी पिस्टल, 2 खोखा , 1 बाइक एवं 1 कार बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1480 वाहनों की जांच की गई जिसमें 156000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के 50 हजार रुपये कराए वापस

**औरंगाबाद/नबिटा संवाददाता।** यूपीआई के माध्यम से ठगी में साइबर पुलिस की त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक को रुपये वापस लौटाए है। इस मामले में पीड़ित सुजीत कुमार ने साइबर थाना में एफआईआर दर्ज कराई थी। इस कांड का सफल उद्भेदन के बाद फ्रॉड की गई राशि उसको वापस दिला दिया गया है। साइबर पुलिस उपाधीक्षक अनुराग कुमार ने बताया कि मामले में पुलिस ने साइबर टीम की मदद से पीड़ित के खाते में रूपये वापस करा दिए है। कहा कि छोटी- छोटी सतर्कता आपको साइबर ठगी से बचा सकती है। इसलिए हमेशा ऑनलाइन लेनदेन व मोबाइल का प्रयोग करने के दौरान यह बातें याद रखें। यदि आप साइबर ठगी के शिकार होते हैं तो तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। हमेशा अपने बैंकिंग से जुड़े एप्लीकेशन, सोशल मीडिया अकाउंट आदि का एक स्ट्रॉन्ग पासवर्ड बनाना चाहिए। पासवर्ड में अक्षर, अंक और स्पेशल कैरेक्टर्स को शामिल करें। अपने हर अकाउंट के लिए अलग-अलग पासवर्ड रखें। आपको अपने बैंक अकाउंट, यूपीआई या किसी एप के ओटीपी को किसी दूसरे व्यक्ति के साथ साझा नहीं करना चाहिए। बैंक की ओर से कभी भी आपसे ओटीपी, पासवर्ड या पिन नहीं मांगा जाता है। कई जालसाज लोगों के सोशल मीडिया अकाउंट पर उन्हें लुभावने ऑफर का लालच देकर फर्जी लिंक्स के जरिए अपना शिकार बनाते हैं। आपको इस तरह की लिंक पर क्लिक करने से बचना चाहिए।

# बारात निकलने से पहले दूल्हे के पिता को मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** अंबा-नबीनगर मुख्य पथ पर रसोईया गांव के पास अपराधियों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। अपने बेटे की शादी का सामान खरीदकर घर लौट रहे एक व्यक्ति को अपराधियों ने गोली मार दी। यह घटना सोमवार की सुबह करीब दस बजे की बताई जा रही है। घायल की पहचान चिंतावन बिगहा निवासी सुनील पांडेय उर्फ अरुण पांडेय के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई जब वे शादी का सामान खरीद कर वापस घर लौट रहे थे। आज ही उनके घर से पटना के लिए बारात रवाना होनी थी।

घायल के भाई प्रमोद पांडेय ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से उन्हें अनजान नंबर से लगातार धमकियां मिल रही थीं। फोन करने वाले का कहना था कि वे उस लड़की से अपने बेटे की शादी न करें। सुनील पांडेय ने इन धमकियों को गंभीरता से नहीं लिया और शादी की तैयारियों में जुटे रहे।

जानकारी के अनुसार, अपराधी स्विफ्ट कार पर सवार थे। उन्होंने जानबूझकर सुनील पांडेय की स्कूटी को धक्का मारा। जैसे ही वे सड़क पर गिरे, अपराधियों ने उनके सिर को निशाना बनाकर गोली दाग दी। गनीमत रही कि निशाना चूक गया और गोली उनके सिर के बजाय आंख के नीचे जा लगी। दिनदहाड़े हुई इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। घायल को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही कुटुंबा थानाध्यक्ष इमरान आलम और अंबा थानाध्यक्ष राहुल राज दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का मुआयना किया है और परिजनों के बयान के आधार पर अज्ञात अपराधियों और धमकी देने वाले नंबरों की जांच शुरू कर दी है। घर में जहां शहनाइयां गूंजने वाली थीं, वहां अब सन्नाटा और दहशत का माहौल है।



# तपती गर्मी में बच्चों के लिए शीतल जल की व्यवस्था



## चैंबर ऑफ कॉमर्स की सराहनीय पहल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** भीषण गर्मी के बीच स्कूली बच्चों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से औरंगाबाद चैंबर ऑफ कॉमर्स ने एक सराहनीय पहल की है। चैंबर की ओर से पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में शीतल पेयजल की व्यवस्था के लिए मिट्टी के घड़े एवं लोहे का स्टैंड उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर चैंबर के अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता एवं संयुक्त सचिव संतोष कुमार गुप्ता ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह को घड़े एवं स्टैंड भेंट किए। उन्होंने कहा कि चैंबर सामाजिक और मानवीय मुद्दों के प्रति सदैव संवेदनशील रहा है। बढ़ते तापमान को देखते हुए छोटे बच्चों को राहत देने के उद्देश्य से यह पहल की गई है, ताकि उन्हें गर्मी में शीतल पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सके। प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने चैंबर की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय प्रशासन भी बढ़ती गर्मी से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क है। सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों (एसओपी) का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। समय पर मध्याह्न भोजन (एमडीएम) परोसा जा रहा है तथा बच्चों को छाता, तौलिया और पानी की बोतल साथ लाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चैंबर द्वारा उपलब्ध कराए गए मिट्टी के घड़े इस मौसम में अत्यंत उपयोगी साबित होंगे। विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों ने इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए चैंबर ऑफ कॉमर्स का आभार जताया और इसे एक मानवीय एवं समयानुकूल प्रयास बताया।

# ओवरलोड ऑटो पलटने से 12 घायल, 8 की हालत गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है, जहां नीमा चतुर्भुज गांव के पास धावा नदी पर बनी पुलिया एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। ओवरलोड सवारी से भरा एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार से पूरा इलाका गूंज उठा। घायलों की पहचान ढोसिला कला निवासी आशा कुमारी (36), पुनीता देवी (33), रूना देवी (28), शौर्य कुमार (8), पियूष (10), संतोष कुमार (12), रूकुमचक गांव निवासी मो. मोहिदीन (65), सुफल चौहान (60), साहों कर्मा निवासी प्रीति देवी (30), कोमल कुमारी (4), खुदवा थाना के चंदा पिसाय निवासी दूधेश्वर यादव (90) और शिवगंज निवासी लालू प्रजापति (40) के रूप में की गई है। इनमें आशा देवी, कोमल कुमारी, लालू प्रजापति, प्रीति देवी, सुफल चौहान, मो. मोहिदीन, पुनीता देवी और रूना देवी की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि सभी लोग रफीगंज बाजार से खरीदारी कर अपने-अपने गांव और रिश्तेदारों के घर लौट रहे थे। इसी दौरान धावा नदी की पुलिया पर ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए पुलिस को सूचना दी और घायलों को बाहर निकालने में जुट गए।

सूचना मिलते ही डायल 112 की दो टीमें मौके पर पहुंचीं और स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज पहुंचाया गया। डॉक्टर महिमा और डॉ. चांदनी सिंह ने बताया कि कई घायलों को सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है, जबकि अन्य की स्थिति स्थिर है।

# निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण हो मामलों का निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** अपने कार्यालय कक्ष में सात निश्चय-3 अंतर्गत "सबका सम्मान – जीवन आसान" पहल के तहत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे।

जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब ना हो। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए।

# सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत 28 मामलों की हुई सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सबका सम्मान–जीवन आसान अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के निर्देशानुसार प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक ज्योति कुमारी ने समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जनता दरबार लगाकर लोगों की फरियाद सुनी। इस जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 28 आगंतुकों ने अपनी समस्याएं पुलिस उपाधीक्षक के समक्ष रखीं। जमीन विवाद, पारिवारिक झगड़े, मारपीट, धोखाधड़ी, लंबित कांड, थाना स्तर पर कार्रवाई में देरी सहित कई तरह की शिकायतें सामने आयी। जनता दरबार के दौरान पुलिस उपाधीक्षक ने प्रत्येक फरियादी की बात को गंभीरता और धैर्यपूर्वक सुना। उन्होंने स्पष्ट किया कि आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान पुलिस प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। पुलिस उपाधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों एवं पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों की जांच कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा फरियादियों को अनावश्यक रूप से थानों का चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने कहा कि सबका सम्मान–जीवन आसान अभियान का उद्देश्य आम लोगों के जीवन को सरल बनाना है, ताकि वे अपनी शिकायतें सीधे वरीय अधिकारियों तक पहुंचा सके। जनता दरबार के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच विश्वास का सेतु मजबूत होता है। उन्होंने पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि जनता से संवेदनशील व्यवहार रखें और हर शिकायत को गंभीरता से लें।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय गया रेलखंड के रफीगंज स्टेशन के भावड़ा पुल के पास अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से करीब 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की हुई मौत। सूचना मिलते ही आरपीएफ जवान पहुचकर शव की पहचान कराने का प्रयास किया किंतु पहचान नहीं हो सका। कागजी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद शव को कब्जे में लेकर सोननगर जीआरपीएफ को सूचना कर दिया गया। आरपीएफ ने बताया कि रविवार को करीब 2 बजे डाउन लाइन पर यह घटना हुआ है, ऐसा प्रतीत होता है कि ट्रेन के चपेट में आने से मौत हुई है।

## डकैती कांड का आरोपित गिरफ्तार

**नबिटा संवाददाता**

**औरंगाबाद।** डकैती के कांड में फरार एक आरोपित को देवकुंड पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान उपहारा थाना क्षेत्र के हमीदनगर निवासी रिशु कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि 1 दिसंबर 2025 को थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक से लूटपाट की घटना घटना घटित हुई थी जिसमें कांड की गंभीरता के आधार पर अब तक मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इसी क्रम में रविवार की शाम कांड का चौथा अभियुक्त घर से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्रवाई के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक – कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

